रांची, मंगलवार । 03 मार्च 2026 । वर्ष-27, अंक-32, पृष्ठ-12 । फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15, संवत 2082 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155 । www.rastriyanaveenmail.com

होली की शुभकामनाएं

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## शुभकामनाएं

**राष्ट्रीय नवीन मेल** के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, कर्मयोगियों एवं शुभचिंतकों को **'होली पर्व'** की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**

## आवकाश की सूचना


**'होली पर्व'** के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 3 और 4 मार्च (मंगलवार व बुधवार) को बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 6 मार्च (शुक्रवार) को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

# आज चंद्रोदय के साथ पूरे भारत में लगेगा आंशिक चंद्रग्रहण

**● ग्रहण की समाप्ति संध्या में 6 बजकर 47 मिनट पर होगी**

**भोपाल (हि.स.)**




खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए मंगलवार (03 मार्च 2026) का दिन बेहद खास होने जा रहा है। होली के रंगों के बीच आकाश में चंद्रमा भी ताम्र-लाल आभा के साथ नजर आएगा। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना घटित होगी, जिसमें चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया से होकर गुजरेगा। भोपाल की राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारत में यह घटना आंशिक चंद्रग्रहण के रूप में शाम को केवल कुछ मिनटों के लिए दिखाई देगी। यह ग्रहण 'ग्रस्तोदय' के रूप में नजर आएगा, यानी चंद्रोदय के समय ही चंद्रमा पर ग्रहण लगा हुआ होगा। यह आंशिक चंद्रग्रहण झारखंड में भी दिखाई देगा। सारिका घारू ने बताया कि ग्रहण की शुरुआत दिन में लगभग 03:20 बजे से हो जाएगी, लेकिन उस समय भारत में चंद्रोदय नहीं हुआ होगा। चंद्रोदय के साथ ही ग्रहण दिखाई पड़ेगा, यानी ग्रहण के साथ चंद्रमा का उदय होगा। आंशिक ग्रहण की समाप्ति शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगी। जिन नगरों में चंद्रोदय पहले हो जाएगा, वहां ग्रहण कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा। पूर्वोत्तर के शहरों में यह अपेक्षाकृत अधिक देर तक दिखाई देगा। यह वर्ष 2026 का पहला चंद्रग्रहण होगा। इस खगोलीय घटना का कुछ न कुछ हिस्सा विश्व की लगभग 63 प्रतिशत आबादी देख सकेगी।

### चंद्रग्रहण का समय (भारतीय समयानुसार)

- **आंशिक ग्रहण आरंभ** - दिन में 03:20:07 बजे
- **पूर्णग्रहण समाप्ति** - सायं 05:32:49 बजे
- **पूर्णग्रहण आरंभ** - दिन में 04:34:34 बजे
- **आंशिक ग्रहण समाप्ति** - सायं 06:47:15 बजे
- **पूर्णग्रहण की अवधि** - 58 मिनट

### होली कल मनाई जाएगी



**रांची।** सोमवार की रात को होलिका दहन कार्यक्रम संपन्न हो गया। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त सोमवार की रात 11:30 बजे से मंगलवार के तड़के 04:00 बजे तक था। शुभ मुहूर्त में होलिका दहन के सारे कार्यक्रम विधि विधान से पूरे किए गए। पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि 02 मार्च 2026 को होलिका दहन किया गया, लेकिन होली 03 मार्च की बजाए 04 मार्च 2026 को होगी। उन्होंने कहा कि होली चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि को मनाई जाती है। शेष पेज 11 पर

## हेमंत सोरेन एवं एन चंद्रशेखरन ने प्रेस वार्ता में झारखंड में निवेश को लेकर दी जानकारी

# झारखंड से ही टाटा समूह ने शुरू किया था अपना सफर : मुख्यमंत्री

**● सीएम सोरेन ने कहा झारखंड के साथ देश के विकास में टाटा समूह का अहम योगदान**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड में टाटा समूह नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज की स्थापना करेगा। इसे लेकर सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के बीच सहमति बनी। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि झारखंड में टाटा समूह नया निवेश करने जा रहा है। यह निवेश नई टेक्नोलॉजी आधारित होगा। निवेश से संबंधित प्रस्ताव पर राज्य सरकार का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि टाटा समूह का झारखंड से काफी पुराना रिश्ता रहा है। इस समूह ने अपने सफर की शुरुआत इसी राज्य से की थी। आज टाटा समूह की वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान है। यह समूह विभिन्न संस्थानों-प्रतिष्ठानों के माध्यम से झारखंड समेत देश के विकास में अहम योगदान करता आ रहा है। इस समूह का सफर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

### टाटा समूह के चेयरमैन ने कहा, सीएम के नेतृत्व में निवेश अनुकूल माहौल हो रहा तैयार



### झारखंड में निवेश को लेकर टाटा समूह की महत्वपूर्ण योजनाएं

1. टाटा समूह की राज्य में स्थापित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नई टेक्नोलॉजी पर होगा बड़ा निवेश।
2. झारखंड में नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज स्थापित करने की दिशा में पहल की जाएगी।
3. सीएसआर का दायरा बढ़ेगा, इसकी राशि में की जाएगी बढ़ोतरी।
4. राज्य के युवाओं के कौशल विकास में टाटा समूह राज्य सरकार के साझेदार की भूमिका निभाएगा

### राज्य सरकार के विकास का रोड मैप निवेशकों को कर रहा आकर्षित

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि आज झारखंड जैसे राज्य में निवेश अनुकूल माहौल तैयार हो रहा है। औद्योगिक विकास को लेकर राज्य सरकार का रोड मैप निवेशकों को काफी आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ आज हुई बैठक में निवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई और इसके सकारात्मक परिणाम आपको देखने को मिलेंगे। एन चंद्रशेखरन ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप झारखंड में नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज स्थापित करने की दिशा में पहल की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार और टाटा के अधिकारियों की एक टीम बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में टाटा समूह हर स्तर पर पूरा सहयोग देगी। टाटा समूह के कई प्रतिष्ठान इस राज्य में कार्यरत हैं। इसमें टाटा स्टील और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी फैक्ट्रियां भी शामिल हैं। अब इन प्रतिष्ठानों में नई टेक्नोलॉजी से उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे में नई टेक्नोलॉजी पर बड़े निवेश की योजना है। इसके अंतर्गत टाटा स्टील में नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से जहां प्रदूषण नियंत्रण के साथ उत्पादन की प्रक्रिया तेज होगी, वहीं उन्नत हाइड्रोजन बेस्ड वाहन निर्माण संयंत्र स्थापित किया गया है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि झारखंड के विकास में टाटा समूह अपनी पूरी भागीदारी निभाना के लिए तैयार है। ऐसे में सीएसआर का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसकी राशि में बढ़ोतरी करने की योजना है, ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ यहां के लोगों को मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि यहां के युवाओं के कौशल विकास में टाटा समूह राज्य सरकार के साझेदार की भूमिका निभाएगी। ताकि, आज की जरूरत के हिसाब से उनके कौशल को निखार कर तैयार किया जा सके।

# गोड्डा में गार्ड ने की बैंक में डकैती की कोशिश नाकाम

### अपराधियों ने फायरिंग भी की, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोड्डा।** बैंक ऑफ इंडिया की केंचुआ चौक, महागामा शाखा में सोमवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने डकैती का प्रयास किया। हालांकि, बैंक के निजी सुरक्षा गार्ड की सतर्कता के कारण अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना लगभग दिन में 11:30 बजे की है। हेलमेट और मास्क पहने करीब पांच से छह अपराधी बैंक परिसर में पहुंचे। एक व्यक्ति हेलमेट पहनकर बैंक के अंदर प्रवेश किया। गेट पर तैनात निजी सुरक्षा गार्ड विनोद सिंह ने उससे हेलमेट हटाने को कहा, जिस पर वह उलझ गया। देखते ही देखते दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान अपराधी ने गार्ड पर गोली चला दी, जो उनके बाएं कंधे में जा लगी। गोली लगते ही गार्ड जमीन पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज से बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई और ग्राहक सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। स्थिति बिगड़ती देख अपराधी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही महागामा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। बाद में एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद भी पहुंचे और घायल गार्ड को तत्काल रेफरल अस्पताल, महागामा पहुंचाया गया। शेष पेज 11 पर

# सेंसेक्स में 1,048.34 व निफ्टी में 312.95 अंक की गिरावट

### निवेशकों को एक दिन में 6.55 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली (हि.स.)**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को सप्ताह के पहले ही दिन बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भी घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हुआ था। सेंसेक्स 1,048.34 अंक की गिरावट के साथ 80,238.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 312.95 अंक की गिरावट के साथ 24,865.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

जियो पॉलिटिकल टेंशन के कारण बने दबाव की वजह से बाजार खुलने पर पहले सेकंड में ही बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में 7.80 करोड़ रुपए की गिरावट आ गई। हालांकि, बाद में खरीदारों ने भी लिवाली का जोर दिखाया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक निचले स्तर से अच्छी रिकवरी करने में सफल हुए। इस रिकवरी के बावजूद शेयर बाजार के निवेशकों के 6.55 लाख करोड़ रुपए दिन भर के कारोबार में स्वाहा हो गए।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा ईरान के जवाबी हमले की वजह से दुनिया भर के शेयर बाजार में आज गिरावट का रुख बना रहा। कमजोर ग्लोबल संकेत और वैश्विक दबाव के कारण भारतीय शेयर बाजार ने भी आज के कारोबार की जबरदस्त गिरावट के साथ शुरुआत की।

शेष पेज 11 पर




## टायर फटने से स्लीपर बस पलटी 12 यात्री घायल, 5 की हालत गंभीर



**● चतरा-डोभी मुख्य मार्ग पर मोरैंवा टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले हुआ हादसा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले में चतरा-डोभी मुख्य मार्ग (एनएच 22) पर मोरैंवा टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले पर सोमवार को एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। अचानक अगला टायर फटने से यह हादसा हुआ। बताया गया कि स्लीपर बस (सीजी 13क्यू 0805) बिहार के गयाजी जिले के डुमरिया से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जा रही थी।

शेष पेज 11 पर

# रांची के रातू में घुसा हाथी 1 व्यक्ति की मौत, 1 घायल

### चित्तरकोटा क्षेत्र के आसपास के गांवों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के चित्तरकोटा बड़का टोली में सोमवार को जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस के अनुसार, मृत युवक की पहचान सुबोध खलखो (45 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, घायल का नाम रौशन खलखो है, जिसका पैर टूट गया है। रातू थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हाथी के हमले से एक व्यक्ति की जान गई है और एक अन्य व्यक्ति घायल है। इस घटना के बाद आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है। चार दिनों में यह दूसरी बार है, जब हाथी ने रांची के रिहायशी इलाके में घुसकर उत्पात मचाया है। शेष पेज 11 पर

### खूंटी में कुएं में गिरा हाथी, सुरक्षित बाहर निकाला गया

**खूंटी।** खूंटी शहर के रिहायशी इलाके में भटक रहा एक जंगली हाथी सोमवार की दोपहर अनिगड़ा के डांड़टोली इलाके में एक कुएं में गिर गया। वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद हाथी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

हाथी की एक आंख खराब, दूसरी आंख से भी कम दिखाई दे रहा है



अधिकारियों के अनुसार, हाथी दिन में करीब 12:00 बजे डिंबा लोहार के खुले कुएं में गिर गया। सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन की मदद से कुएं के एक किनारे मिट्टी काटकर ढलान बनाई गई, जिससे हाथी बाहर निकल सका। बाहर आने के बाद वह अनिगड़ा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते हुए पोकला गांव की ओर बढ़ गया।

शेष पेज 11 पर

**चिंता**

## पीएम मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस और बहरीन के किंग से की बात, कहा

# हिंसा के किसी भी रूप का विरोध करता है भारत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दो महत्वपूर्ण टेलीफोन वार्ताएं कीं। उन्होंने बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से अलग-अलग बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों पर हाल ही में हुए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि भारत हिंसा के किसी भी रूप का विरोध करता है। उन्होंने इन घटनाओं पर चिंता जताते हुए क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बहरीन और सऊदी अरब में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा के बारे में भी जानकारी ली। दोनों नेताओं ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया।



प्रधानमंत्री ने दोनों देशों पर हुए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की

इससे पहले, पीएम मोदी ने रविवार देर रात को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से फोन पर बातचीत की और खाड़ी देश पर हुए हालिया हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस कठिन समय में यूएई के साथ भारत की एकजुटता भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा था, मैंने यूएई के राष्ट्रपति और मेरे भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। मैंने यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और इन हमलों में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया। इन कठिन समय में भारत यूएई के साथ एकजुटता से खड़ा है।

शेष पेज 11 पर

### एमिरेट्स और एतिहाद ने दुबई एयरपोर्ट से शुरू कीं सीमित उड़ान

**नई दिल्ली।** यूएई के एमिरेट्स और एतिहाद एयरवेज ने सोमवार को ऐलान किया कि वे कुछ फ्लाइट्स का ऑपरेशन शुरू कर रही हैं। इससे पहले दुबई एयरपोर्ट्स ने यूएस-इजरायल के संयुक्त ऑपरेशन के जवाब में ईरान के हमले को देखते हुए एयरपोर्ट को बंद कर दिया था। एमिरेट्स ने कहा कि वह पहले से बुकिंग करा चुके उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देगी। वो चरणबद्ध तरीके से सेवाएं शुरू कर रही है। एयरलाइन उन यात्रियों से सीधे संपर्क साधेगी जिनकी इन सीमित उड़ानों में रीबुकिंग हुई है। उसने एक बयान में कहा, कृपया एयरपोर्ट पर तब तक न जाएं, जब तक आपको नोटिफाई न किया जाए। दुबई की एयरलाइन ने कहा कि अगली सूचना तक बाकी सभी फ्लाइट्स सस्पेंड रहेंगी। उसने कहा कि वह हालात पर नजर रखे हुए है और उसी के हिसाब से अपने ऑपरेशनल शेड्यूल को समायोजित करेगी।

शेष पेज 11 पर

### भारत और यूएई के बीच मजबूत रणनीतिक व आर्थिक संबंध हैं

भारत और यूएई के बीच मजबूत रणनीतिक और आर्थिक संबंध हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग और प्रवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों पर घनिष्ठ साझेदारी है। यूएई दुनिया के सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समुदायों में से एक का घर है, जो दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों के रिश्तों को मजबूत करता है।

# ओमान के तट पर ऑयल टैंकर पर हमला, एक भारतीय की मौत



**दुबई/ओमान (हि.स.)**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ओमान के सुल्तान कबूस पोर्ट के उत्तर-पश्चिम स्थित एक तेल टैंकर को निशाना बनाया गया। सोमवार को ऑयल टैंकर पर रिमोट चालित नाव से किए गए हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई, जबकि चालक दल के अन्य सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के बनुसार, घटना उस समय हुई जब टैंकर लगभग 59,463 मीट्रिक टन कार्गो लेकर समुद्र में आगे बढ़ रहा था। हमले के कारण जहाज के मुख्य इंजन रूम में जोरदार धमाका हुआ और आग लग गई। हादसे में जहाज को गंभीर क्षति पहुंची। गल्फ न्यूज और तुर्किए की सरकारी एजेंसी अनाडोलू एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ओमानी मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर ने कहा कि मस्कट के तट से लगभग

शेष पेज 11 पर

## एचईसी महिला समिति ने मनाई होली मिलन



**रांची।** रांची के सेक्टर-3 स्थित एचईसी महिला समिति कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की सदस्यों एवं क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द व एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर समिति की पदाधिकारियों ने बताया कि एचईसी महिला समिति एक स्वयंसेवी संस्था है, जो महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें विभिन्न कौशल विकास एवं स्वरोजगार कार्यक्रमों से जोड़ने का कार्य करती है।

### झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 36वीं बैठक में सीएम ने दी सहमति

# उम्रकैद की सजा काट रहे 23 कैदी होंगे रिहा

- डायन-बिसाही के आरोप में रहे कैदियों के बीच स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की 36वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 23 कैदियों को रिहा किए जाने से संबंधित निर्णय पर सहमति बनी। बैठक में राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद द्वारा अनुशंसित नए मामलों के साथ--साथ पिछली बैठकों में रिहाई से संबंधित अस्वीकृत किए गए 34 मामलों की भी गहन समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की अनुशंसा के आलोक में आजीवन सजा काट रहे 34 कैदियों के रिहाई प्रस्ताव पर बिंदुवार गहन विचार--विमर्श किया और अंततः 23 कैदियों की रिहाई पर सहमति दी गई।

मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति, न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षकों एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्यों की समीक्षा करने के बाद यह सुनिश्चित किया कि रिहाई न्यायिक नियमों, सामाजिक सुरक्षा एवं कारा अधिनियमों के दृष्टिकोण से वैध और उचित रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने रिहा होने वाले कैदियों के लिए एक व्यवस्थित डेटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि डायन-बिसाही के आरोप में रहे कैदियों के बीच महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा होने वाले कैदियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, उनका आय सृजन और सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए तथा जिला स्तर पर उनके जीवनयापन के लिए निर्धारित जिला समन्वयकों की विशेष जिम्मेदारी तय की जाए। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, डीजीपी तदाशा मिश्रा, प्रधान सचिव -विधि परामर्शी, विधि विभाग नीरज कुमार श्रीवास्तव, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं सुदर्शन प्रसाद मंडल, न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### चतरा व सरायकेला नगर परिषद अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से सोमवार को कांके रोडस्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नवनिर्वाचित चतरा नगर परिषद के अध्यक्ष अताउर रहमान उर्फ़ बाबू खान एवं सरायकेला नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री से मिलीं मानगो की नवनिर्वाचित मेयर सुधा गुप्ता



**रांची।** जमशदपुर के मानगो नगर निगम चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के बाद मेयर सुधा गुप्ता ने पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सुधा गुप्ता ने मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन को पुष्पगुच्छ भेंट कर मानगो की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। प्रचंड जीत के बाद विधायक कल्पना सोरेन ने सुधा गुप्ता और बन्ना गुप्ता का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं। सुधा गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि यह जीत मानगो की जागरूक जनता, माताओं-बहनों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के विश्वास एवं समर्थन की जीत है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुधा गुप्ता को जीत की बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार नगर निकायों के सशक्तिकरण और शहरी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मानगो के सर्वांगीण विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान सुधा गुप्ता ने मानगो क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं-पेयजल संकट और कचरा निस्तारण सहित अन्य विकास योजनाओं का विस्तृत प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और शीघ्र क्रियान्वयन के लिए सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सुरक्षित, स्वच्छ, समृद्ध और विकसित मानगो का निर्माण ही लक्ष्य है और राज्य सरकार के मार्गदर्शन में तेजी से कार्य किया जाएगा।

### देवघर महापौर सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नवनिर्वाचित देवघर नगर निगम के महापौर रवि राउत तथा चाईबासा नगर परिषद के अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मंत्री हाफिजूल हसन भी उपस्थित थे।

### हटिया रेलवे कॉलोनी में सबोर्डिनेट रेस्ट हाउस 'पारस' का हुआ उद्घाटन

**रांची।** मंडल रेल प्रबंधक केएन सिंह ने डीआरएम कार्यालय के समीप हटिया रेलवे कॉलोनी परिसर में अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए नव स्थापित सबोर्डिनेट रेस्ट हाउस 'पारस' का उद्घाटन किया। रेल कर्मचारियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए स्थापित इस रेस्ट हाउस में कुल 10 शैयाओं (बेड) की व्यवस्था की गई है। इनमें वरिष्ठ पर्यवेक्षकों के लिए 2 वातानुकूलित (एसी) शैयाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन कर्मचारियों के लिए उपयोगी होगी, जो विभागीय कार्य, चिकित्सीय परामर्श या अन्य कारणों से मंडल मुख्यालय आते हैं और उसी दिन वापस लौटने में असुविधा का सामना करते हैं। इस पहल से कर्मचारियों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती आवास की व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। रेस्ट हाउस का संचालन दक्षिण पूर्व रेलवे क्रीड़ा संघ द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक केएन सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की सुविधाओं और कल्याण का विस्तार मंडल प्रशासन की प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की जनोपयोगी सुविधाओं का विकास जारी रहेगा। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री हेमराज मीना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजू तिर्की, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मंडल क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती शुचि सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता श्री साकेत कुमार सहित अन्य शाखा अधिकारी, यूनियन पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रांची मंडल में सेवा संकल्प प्रस्ताव का हुआ वाचन

**रांची।** रांची मंडल में 'संकल्प कार्यक्रम' के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार "मंथन" में सेवा संकल्प प्रस्ताव का वाचन किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक केएन सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीना सहित रांची मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान "सेवा तीर्थ" में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की प्रथम बैठक में पारित सेवा संकल्प प्रस्ताव का वाचन किया गया। प्रस्ताव में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और निकट भविष्य में विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में स्थान सुनिश्चित करने के संकल्प को दोहराया गया। साथ ही "विकसित भारत 2047" के राष्ट्रीय लक्ष्य के प्रति पुनः प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। मंडल रेल प्रबंधक केएन सिंह ने कहा कि भारतीय रेल, विशेषकर रांची मंडल, सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना के साथ कार्य करते हुए यात्रियों एवं आम नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी और संवेदनशील सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में रांची मंडल सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

# रांची में बाप-बेटे के साथ मारपीट करने वाले 12 आरोपी गिरफ्तार

- राइफल-पिस्टल और 3 एसयूवी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची के विधानसभा थाना क्षेत्र के नयासराय गांव में 28 फरवरी की रात मारपीट की बड़ी घटना हुई। कुछ लोगों ने गांव के जाकिर अंसारी (57) और उनके बेटे पर हमला कर दिया। हमले में बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे दलादली स्थित एस्टन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही विधानसभा थाना की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में छोटू खालखो, कुलदीप खलखो, बबलू कुजूर, शुभम प्रजापती उर्फ मित्तल प्रजापती, कमलेश महली, चंदन टोप्पो, राज किशोर उरांव, प्रदीप लोहार, सुमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, रवि कुमार और दिलजन मुण्डा शामिल हैं। दोआरोपी अरुण खलखो और अजय तिर्की घायल हालत में अस्पताल में इलाजरत हैं।

#### 30 नामजद, 10-15 अज्ञात पर केस

जाकिर अंसारी के आवेदन पर विधानसभा थाना में कांड संख्या 21/26 (दिनांक 1 मार्च 2026) दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में 30 नामजद और 10-15 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। मामला भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

#### हथियार और गाड़ियां बरामद

पुलिस ने मौके से 3.15 बोर की फोल्डेबल राइफल, एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस (7 एमएम) और एक खाली मैगजीन जब्त की है। इसके अलावा दो स्कॉर्पियो, एक फॉर्च्यूनर और एक बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। 12 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

#### कई थानों की संयुक्त कार्रवाई

कार्रवाई में हटिया डीएसपी के नेतृत्व में रातू, नगड़ी, खेलगांव और दलादली ओपी की पुलिस टीम शामिल रही। इस छापेमारी टीम में हटिया डीएसपी पीके मिश्रा, रातू थानेदार राम नारायण सिंह, विधानसभा थाना प्रभारी गणेश यादव, नगड़ी थाना प्रभारी प्रवीण कुमारी, थाना प्रभारी खेलगांव अभिषेक राय, दलादली ओपी प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय, एसआई आनंद पंडित, दिनेश कुमार, मो. फिरोज, और सिपाही अमरेन्द्र कुमार शामिल थे।

## होली को लेकर रांची के सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर

**रांची।** होली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए राजधानी रांची के अस्पताल अलर्ट मोड में हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्णय लिया है, जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों और नर्सों की तैनाती की गई है। गंभीर मामलों से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयों और जीवनरक्षक उपकरणों की व्यवस्था पहले से कर ली गई है। साथ ही ब्लड बैंक को अतिरिक्त रक्त उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दुर्घटना या अन्य गंभीर मामलों में रक्त की कमी न हो। होली के दौरान रंगों के अत्यधिक उपयोग और नशापान से जुड़ी घटनाओं की आशंका को देखते हुए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन का मानना है कि इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं, झुलसने, आंखों में जलन, त्वचा संक्रमण और अन्य आपात स्थितियों के मामले बढ़ सकते हैं।

### भारत की विकसित भविष्य का प्रतीक है यात्रा : संजय

## आईएनएसवी कौंडिन्या 1500 समुद्री मील की दूरी तय कर मस्कट पहुंचा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुंबई में भारतीय नौसेना के ऐतिहासिक नौकायन पोत आईएनएसवी कौंडिन्या के ध्वजारोहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि नौसेना परिसर में उपस्थित होना एक अनूठा और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि आईएनएसवी कौंडिन्या भारत की सदियों पुरानी समुद्री परंपराओं और हमारे पूर्वजों के उल्लेखनीय पोत निर्माण कौशल को प्रतिबिंबित करता है, जिससे राष्ट्र को अपनी समृद्ध समुद्री विरासत से पुनः जुड़ने और उस पर गर्व करने का अवसर मिलता है। यह पोत 29 दिसंबर 2025 को पोरबंदर से रवाना हुआ और लगभग 1500 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए अरब सागर से होते हुए मस्कट पहुंचा, जो प्रतीकात्मक रूप से भारत और ओमान के बीच प्राचीन समुद्री संबंधों को पुनर्जीवित करता है। मंत्री ने कहा कि इस पोत का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के निर्माण और राष्ट्र की विरासत का सम्मान करने के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह परियोजना भारतीय नौसेना, संस्कृति मंत्रालय और होडी इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त प्रयासों से साकार हुई है। मंत्री ने आईएनएसवी कौंडिन्या के संपूर्ण चालक दल को उनके समर्पण और व्यावसायिकता के लिए बधाई दी।



## राज्यपाल से मिले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक, भेंट की पुस्तक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के कंप्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के प्रमुख और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक डॉ संतोष कुमार ने आज झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपनी नवीन पुस्तक "एआई अनलॉक्ड: स्मार्ट तरीके से काम करें, कठिन तरीके से नहीं।" की एक प्रति राज्यपाल को भेंट की।

भेंट के दौरान डॉ संतोष कुमार और राज्यपाल के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, तकनीक आधारित शिक्षा और समाज पर उसके व्यापक प्रभाव को लेकर सार्थक और विचारोत्तेजक संवाद हुआ। राज्यपाल ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसकी सरल, व्यवहारिक और छात्र-केन्द्रित प्रस्तुति की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पुस्तकें विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने और उनका सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित करती हैं।

राज्यपाल ने साइबर सुरक्षा, एआई से जुड़े बढ़ते धोखाधड़ी के मामलों और डिजिटल जागरूकता की आवश्यकता पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों के बीच नैतिक तकनीकी उपयोग, डिजिटल साक्षरता और सतर्कता को मजबूत करने पर बल दिया। , ताकि तकनीक का उपयोग सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्वक हो

# चाईबासा नप के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया अभिनंदन

- चाईबासा शहर के व्यापारिक विकास एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा आज चैम्बर भवन में चाईबासा नगर परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन प्रकाश का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर चाईबासा शहर के व्यापारिक विकास, आधारभूत संरचना की मजबूती, स्वच्छता व्यवस्था, पार्किंग समस्या, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी एवं बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। झारखंड चैंबर के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में चाईबासा नगर परिषद् व्यापारियों एवं आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल की जाएगी। चाईबासा नगर परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने आश्वस्त किया कि नगर परिषद् व्यापारिक हितों की रक्षा तथा शहर के समग्र विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद् एवं व्यापारिक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर चाईबासा को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों को जहाँ भी आवश्यकता होगी, वे सदैव उपलब्ध रहेंगे और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तत्पर रहेंगे।

चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि चाईबासा नगर परिषद् के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। झारखंड चैंबर सदैव विकासात्मक कार्यों में सहयोगी की भूमिका निभाएगा। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान कोल्हान प्रमंडल के तत्कालीन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नितिन प्रकाश द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि उनके अनुभव और सक्रियता से नगर परिषद् के कार्यों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर चैम्बर के उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव रोहित पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## श्याम बाबा महोत्सव में गूंजे भजन, खेली गई फूलों की होली

**रांची।** बरियातू स्थित आरोग्य भवन (कोठी नंबर–13) में केशव कृपा छाया फाउंडेशन की ओर से ग्यारस सह श्याम बाबा महोत्सव सह बसंतोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष मीरा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित भजन संध्या में श्रद्धा और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत श्याम बाबा की पूजा-अर्चना और मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक श्याम भजन प्रस्तुत किए, जिस पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरा परिसर भक्ति रस में डूबा नजर आया। बसंतोत्सव के अवसर पर पुष्पों और गुलाल से होली खेली गई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। रंगों की फुहार और भजनों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवी हो गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में अशोक शर्मा, सुरेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दीपक वैद्य, आनंद मालपानी, आरती मिश्रा, बुची देवी, प्रगति जोशी, कंचन मुरारका और नीलम मुरारका आदि मौजूद थे।

### झारखंड में टीकाकरण अभियान को मिलेगी रफ्तार

# टीकाकरण में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई : अपर मुख्य सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को स्टेट टास्क फोर्स (टीकाकरण) की बैठक हुई। बैठक में एनएचएम के एमडी शशि प्रकाश झा, पुलिस विभाग की ओर से एसके झा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



#### एचपीवी वैक्सीन लॉन्च

राज्य में 28 फरवरी 2026 को एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की लगभग 4 लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि एचपीवी टीकाकरण अभियान को मिशन मोड में चलाते हुए हर पात्र किशोरी तक टीका पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### सोशल मीडिया सुदृढ़ करने और पीएमयू गठन का निर्देश

बैठक में अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि टीकाकरण के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया को मजबूत किया जाए तथा एक पीएमयू का गठन किया जाए, ताकि कोई भी लाभार्थी टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जो भी लाभार्थी टीकाकरण से छूट जाएं, उनका फोन के माध्यम से फॉलोअप किया जाए। इस कार्य के लिए एएनएम द्वारा व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर वस्तुस्थिति का आकलन किया जाएगा। साथ ही एआई के माध्यम से कॉल सेंटर स्थापित कर कम मैनपावर में अधिक प्रभावी ढंग से फॉलोअप करने का निर्देश दिया गया।

#### गैप एनालिसिस और सख्त कार्रवाई

अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जहां भी टीकाकरण में गैप हो, उसे चिन्हित कर भरने का प्रयास किया जाए। किसी भी कर्मी द्वारा लापरवाही बरतने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में चंदनकियारी से संबंधित एक प्रकरण सामने आया, जिसमें एक डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप की जानकारी दी गई। इस पर जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

#### मासिक प्रेस ब्रीफिंग और विभागीय सहयोग

समुदाय के साथ बेहतर संवाद के लिए प्रत्येक जिले में प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा मासिक प्रेस ब्रीफिंग आयोजित करने का निर्देश दिया गया। अभियान की सफलता के लिए आईसीडीएस, पंचायती राज, शिक्षा, आईपीआरडी, कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग पर जोर दिया गया।

#### एनजीओ और रोटरी क्लब का सहयोग

अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु विभिन्न एनजीओ का सहयोग लिया जाए।

इसमें रोटरी क्लब जैसे प्रतिष्ठित संगठनों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि एचपीवी वैक्सीन सभी पात्र किशोरियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जा सके।

### उपायुक्त ने जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# मार्च क्लोजिंग के मद्देनजर सभी विभाग फर्जी निकासी पर विशेष निगरानी रखें : डीसी

● विधानसभा सत्र व पर्व-त्योहारों पर विधि-व्यवस्था को लेकर डीसी ने दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने मार्च क्लोजिंग के मद्देनजर सभी विभागों को फर्जी निकासी पर विशेष निगरानी रखने और अंतिम समय में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपविकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, आईटीडीए के परियोजना निदेशक संजय भगत, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी (रांची सदर) कुमार रजत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने जिला प्रशासन की विभिन्न प्राथमिकताओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए योजनाओं के समयबद्ध एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को बधाई दी।

**पर्व-त्योहारों व विधानसभा सत्र को लेकर निर्देश :** आगामी विधानसभा सत्र एवं होली, ईद, सरहुल और रामनवमी जैसे पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। होली के मद्देनजर थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने तथा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया।

**सीसीटीवी संचालन और विकास कार्यों की समीक्षा :** उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में सीसीटीवी कैमरों के 24 घंटे संचालन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही सभागार के जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए उसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। नगरपालिका चुनाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

**जल स्रोत, जन्म प्रमाण पत्र और योजनाओं पर फोकस :** रांची के प्रमुख जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए उच्च न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। साथ ही बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अंचल एवं प्रखंड कार्यालयों में बीडीओ/सीओ सहित सभी कर्मियों को आईडी कार्ड वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई, जिस पर अधिकारियों ने कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी। छात्रवृत्ति, धान अधिप्राप्ति, 'मंईया सम्मान से स्वावलंबन' सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

### रांची जिला प्रशासन की अनूठी पहल

## रिटायरमेंट के दिन ही मिला पेंशन लाभ

**रांची।** रांची जिला प्रशासन द्वारा शिक्षकों के सम्मान में विशेष 'पेंशन दरबार सह सेवा-निवृत्ति विदाई सम्मान समारोह' का आयोजन समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने की। इस अवसर पर कुल 18 सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा सदर अनुमंडल एवं जिला राजस्व शाखा से सेवा निवृत्त 2 कर्मियों को सम्मानित किया गया। सभी को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन, ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट समेत अन्य सभी लाभ प्रदान किए गए। उपायुक्त ने शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनके लंबे और समर्पित सेवाकाल के लिए आभार व्यक्त किया।



18 शिक्षकों सहित 20 कर्मियों को मिला सम्मान

**शिक्षकों का योगदान समाज की नींव :** उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा, "शिक्षक समाज के निर्माण की मूल नींव हैं। उनकी निष्ठा और समर्पण से ही नई पीढ़ियां सशक्त बनती हैं। हमारा दायित्व है कि उनकी सेवानिवृत्ति सम्मानजनक और चिंता-मुक्त हो।" उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 से जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय द्वारा हर माह इस प्रकार का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है, ताकि सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी लाभ उपलब्ध कराए जा सकें।

**मानवीय संवेदना की मिसाल :** कार्यक्रम के दौरान एक हृदयस्पर्शी क्षण तब आया, जब पैर की समस्या से जूझ रहे सेवानिवृत्त शिक्षक शिवेश्वर महतो (स.शि., राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डड़िया, बुढ़मू) को सम्मानित करने के लिए उपायुक्त स्वयं सभागार से मुख्य द्वार तक पहुंचे और व्यक्तिगत रूप से उन्हें लाभ सौंपा। भावुक होकर श्री महतो ने कहा, "उपायुक्त महोदय का खुद आना और हाथों से सम्मान करना मेरे जीवन का सबसे यादगार पल है। इस पर उपायुक्त ने कहा, जरूरत पड़ने पर प्रशासन को शिक्षकों तक पहुंचना चाहिए, यही सच्ची सेवा है।

**अन्य विभागों के लिए आदर्श मॉडल :** उपायुक्त श्री भजन्त्री ने अन्य विभागाध्यक्षों से भी अपील की कि वे इस मॉडल को अपनाएं और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समयबद्ध लाभ एवं सम्मान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रशासन की कर्मचारी-हितैषी और जन-केंद्रित सोच को दर्शाती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक श्री बादल राज एवं उनकी टीम तथा जिला स्थापना उप समाहर्ता बिवेक कुमार सुमन को विशेष धन्यवाद दिया गया। रांची जिला प्रशासन की यह पहल कर्मचारियों-विशेषकर शिक्षकों-के सम्मान, पारदर्शिता और कल्याण के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## संस्कार भारती रांची महानगर का होली मिलन समारोह



● रंग-संगीत और समरसता से सराबोर हुए लोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संस्कार भारती रांची महानगर की ओर से चुटिया स्थित अनूप मजूमदार के आवास पर होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, आत्मीयता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। आगत अतिथियों का स्वागत गुलाब की कली, अंगवस्त्र और अबीर अर्पित कर किया गया, जिससे आरंभ से ही कार्यक्रम का वातावरण स्नेह और सम्मान से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ, जिसकी सुमधुर प्रस्तुति सुजाता मजूमदार ने दी। इसके बाद सरस्वती वंदना सुजाता मजूमदार तथा गणेश वंदना जे.पी. सिंह द्वारा भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत की गई। दीप प्रज्ज्वलन संस्कार भारती झारखंड प्रांत के अध्यक्ष डॉ. सुशील अंकन ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामासिक संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से प्रेम, सौहार्द्र और आत्मीयता के रंग फैलाने का आह्वान किया। काव्य पाठ में कवि राकेश रमण, आशुतोष प्रसाद और वर्षा ऋतुराज ने फागुन, अबीर और उल्लास के रंगों को शब्दों में उकेरते हुए श्रोताओं को होलियाना माहौल में डुबो दिया। प्रमिला कपूर ने भी होली गीतों से कार्यक्रम को मधुरता प्रदान की।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भरतनाट्यम की कुशल नृत्यांगना गार्गी शोम की मनोहारी प्रस्तुति रही। उनके नृत्य ने उपस्थित कला-प्रेमियों को झुमाया और उत्सव में सहभागी बना दिया। समारोह में अनूप मजूमदार, लिपिका रॉय, जे.पी. सिंह, लल्लन रॉय, आशुतोष प्रसाद, शशिकला पौराणिक, शिव पूजन पाठक, कुमकुम गौड़, विश्वनाथ प्रसाद, वीना चंद्रा, प्रमिला कपूर, सुजाता मजूमदार, मधुरेश चंद्रा, राकेश रमण, गार्गी शोम तथा आर.एन. सिंह सहित अनेक कला-प्रेमी उपस्थित रहे।

## बिना मुहूर्त होलिका दहन





रांची। दशकों की प्रतिक्षा के बाद 600 करोड़ की लागत से धातु रोड में सड़क और एलिवेटेड कॉरिडोर बना और उसके नीचे उसकी दुर्गति करते लोग। पिस्का मोड के पास बिना मुहूर्त के रात साढ़े नौ बजे होलिका दहन अन्य दो स्थानों पर देर रात की तैयारी थी। शायद इन्हें मालूल नहीं कि लाखों भारतीयों के टैक्स के पैसों से इसका निर्माण हुआ है और पहले चलना कितना कठिन होता था।

## बीआईटी मेसरा में एमए लिबरल आर्ट्स पाठ्यक्रम की शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग ने दो वर्षीय अंतर्विषयी एमए लिबरल आर्ट्स पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। यह पाठ्यक्रम चार सेमेस्टर में संचालित होगा और मानविकी, सामाजिक विज्ञान, डिजिटल प्रणालियों और उभरती तकनीकों को एकीकृत करते हुए एक समग्र स्नातकोत्तर संरचना प्रदान करेगा। नए पाठ्यक्रम में सांस्कृतिक अध्ययन, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, सतत विकास अध्ययन, सूचना विज्ञान, मीडिया अध्ययन, डिजिटल मानविकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है। संस्थान के अनुसार यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को समकालीन सामाजिक और तकनीकी चुनौतियों का गहन शैक्षणिक समझ और स्पष्ट शोध पद्धति के साथ विश्लेषण करने के लिए तैयार करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्धारित नियमों के अनुरूप किसी भी विषय में स्नातक उपाधि प्राप्त और न्यूनतम 55 प्रतिशत कुल अंक या समकक्ष ग्रेड/सीजीपीए रखने वाले अभ्यर्थी इस पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम की संरचना वर्तमान शैक्षणिक प्राथमिकताओं और उद्योग जगत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। यह विद्यार्थियों में आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच का विकास करते हुए नैतिक मूल्यों को भी समान महत्व देता है। पात्रता, पाठ्यक्रम और प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

## बरियातू क्षत्रिय समाज का भव्य होली मिलन समारोह

### सामाजिक एकता और सौहार्द का दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची स्थित चेशायर होम रोड के पूजा बैंक्विट हॉल में बरियातू क्षत्रिय समाज की ओर से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और रंगों के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवाजी सिंह ने की, जबकि मंच संचालन भाजपा बरियातू मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह ने किया। समारोह का शुभारंभ मां भारती और मां भवानी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। प्रथम सत्र में क्षत्रिय गौरव एकता मंच के संयोजक सह पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, रांची विधायक सीपी सिंह, डॉ. अजय नाथ शाहदेव, मनीषा सिंह सहित कई लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में वक्ताओं ने होली के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज की एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया। वहीं कहा कि होली मिलन समारोह केवल पर्व का उत्सव नहीं, बल्कि समाज को संगठित करने और प्रेम-सद्भाव को सुदृढ़ करने का माध्यम है। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची की नवनिर्वाचित मेयर रोशनी खलखो तथा बरियातू की निर्वाचित पार्षद प्रीति रंजन सहित अन्य प्रतिनिधियों ने उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं।

## रामवती वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों के साथ मनाई गई होली





**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** होलिका दहन एवं होली पर लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर द्वारा रातू प्रखंड के नवा टोली स्थित रामावती वृद्धा आश्रम (महिला एवं पुरुष) में बुजुर्गों के साथ होली मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के सचिव लायन दीपक कुमार साहू ने की। इस अवसर पर आश्रम के बुजुर्गों के बीच वस्त्र, दवाइयां, मिठाइयां एवं पौष्टिक आहार का वितरण किया गया, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। कार्यक्रम के दौरान फगुआ गीतों की मधुर प्रस्तुति ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। सचिव लायन दीपक कुमार साहू ने कहा कि व्यस्त जीवन में से कुछ समय निकालकर वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच खुशियां बांटना हम सभी का दायित्व है, ताकि उन्हें पारिवारिक माहौल और अपनापन महसूस हो सके। आश्रम की संचालिका किरण पांडे ने क्लब के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही इस आश्रम की पहचान है। क्लब के पीआरओ लायन शिव किशोर शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में कन्हाई प्रसाद साहू, देववंती देवी, गौतम कुमार साहू, सुगंधा चौबे, सुचित्रा पांडे, दशमी जी, मुकेश उरांव सहित शिवा लिंगम मानव सेवा संस्थान एवं छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के सदस्य उपस्थित थे।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 255वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा पवन कुमार अपने पिता स्वयोगेंद्र प्रसाद सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिवार द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री राधा रानी जी का दिव्य आकर्षक आभूषणों से अलंकृत कर अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, महाप्रसाद में मसालेदार पुलाव, पुड़ी, आलु चना सब्जी, केसर युक्त खीर,का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद बांटा गया। तत्पश्चात भजन- संध्या में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया द्वारा श्री राधा कृष्ण एवं होली पर आधारित गाए मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। वहीं श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा तथा 6 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रत्येक दिन दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक वेजिटेबल खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है जिसमें 500 से भी अधिक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।इस अवसर पर-डूंगरमल अग्रवाल,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान,विजय अग्रवाल, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया,पूरणमल सर्राफ,शिव भगवान अग्रवाल,संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल,सुनील कुमार पोद्दार,मधुसूदन जाजोदिया, सुरेश चौधरी,विशाल जालान, सुरेश भगत,मनीष सोनी, ज्ञान चंद्र शर्मा, विष्णु सोनी, मनीष जालान, नवल अग्रवाल, प्रभास गोयल, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।




## खूंटी में एमवीआई पर मारपीट का आरोप

# ट्रक चालक पहुंचे थाना, एफआईआर नहीं तो दी आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची/खूंटी।** जिले में तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चल रही सख्ती अब विवाद की वजह बनती दिख रही है। एक ट्रक चालक ने मोटर यान निरीक्षक यानी एमवीआई पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर ट्रक चालकों में नाराजगी है और देर रात ट्रक एसोसिएशन ने खूंटी थाना में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। चालकों ने साफ कहा है कि अगर प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। हजारीबाग के बरही निवासी पीड़ित ट्रक चालक रमेश कुमार यादव ने बताया कि 28 फरवरी को वे रायगढ़ से सीमेंट लेकर रांची जा रहे थे। इसी दौरान कालामाटी के पास भारत पेट्रोल पंप के समीप उनका वाहन खड़ा था। आरोप है कि एमवीआई मो शहनवाज सिविल ड्रेस में मौके पर पहुंचे और दस्तावेज की जांच करने लगे।

जब चालक ने पहचान पत्र दिखाने को कहा तो कथित तौर पर गाली गलौज और मारपीट की। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। ट्रक चालक का यह भी आरोप है कि जांच में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं मिलने के बावजूद उन पर 54 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ऑल झारखंड ड्राइवर संघ के सदस्य भी थाना पहुंचे और एमवीआई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं एमवीआई मो शहनवाज ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि नियमानुसार वाहन की जांच की गई थी। जांच के दौरान चालक ने जांच पदाधिकारी और मौके पर मौजूद सिपाहियों से अभद्र व्यवहार किया, जिसके बाद उसे चेतावनी दी गई। एमवीआई का दावा है कि कार्रवाई के डर से ही चालक ने मारपीट का आरोप लगाया है। एमवीआई ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर खूंटी की सड़कों पर ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है।

रोजाना जुर्माना वसूला जाता है। जिससे सड़क हादसों में कमी आई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

## नवनिर्वाचित पार्षदों को समिति ने किया सम्मानित

**रांची।** अशोकनगर दिवाली एवं चिंतन स्थल प्रबंधन समिति की ओर से सोमवार को अशोकनगर स्थित मंदिर परिसर में रांची नगर निगम चुनाव में वार्ड 45, 24 और 25 से नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में कडरू, अशोक नगर, अशोक कुंज, सेंट्रल अशोका, अशोक विहार सहित आसपास के क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में पार्षदों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के विकास के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव बिपिन बिहारी मिश्रा ने किया। समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करना लोकतंत्र का सम्मान है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नवनिर्वाचित पार्षद क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, सदस्य अजय पांडे, डॉ अभिषेक वर्मा, डॉ शिप्रा शरण सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## होली को लेकर खलारी के बाजारों में बढ़ी रौनक, रंग-गुलाल की जमकर हुई खरीदारी

**खलारी।** रंगों के महापर्व होली को लेकर खलारी प्रखंड क्षेत्र पूरी तरह उत्सवी माहौल में रंग चुका है। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे बाजारों की रौनक बढ़ती जा रही है। सोमवार को खलारी सहित आसपास के बाजारों में सुबह से देर शाम तक खरीददारों की भीड़ उमड़ी रही। रंग, अबीर, गुलाल, पिचकारी, नए कपड़े और मिठाइयों की खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## न्यूज बॉक्स

### पिठोरिया अंबेडकर चौक स्थित राममोहन कॉम्प्लेक्स में होली मिलन समारोह की धूम



**पिठोरिया।** सोमवार को पिठोरिया अंबेडकर चौक स्थित राममोहन कॉम्प्लेक्स परिसर में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों ने सामूहिक रूप से उ त्सव मनाया।कार्यक्रम के दौरान दुकानदारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द के साथ होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस मिलन समारोह में उत्साह का माहौल तब और बढ़ गया जब लोग होली के पारंपरिक और फिल्मी गीतों पर जमकर थिरकते नजर आए। मौके पर मौजूद व्यवसायियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और एकता मजबूत होती है।इस समारोह में रणधीर स्वर्णकार, सचित वर्मा,रंजीत कुमार साहू,रवि केसरी,अमन सोनी, रघुवर साहु, रंजीत जयसवाल, रंजन जयसवाल,प्रकाश महतो,संजय मेडिकल, शिवप्रसाद साहू, संजीत महतो,एवं दुकानदार समिति सम्मिलित रहे।

### होली पर्व को लेकर सीओ और कांके थाना प्रभारी ने की शांति समिति की बैठक



**पिठौरिया।** होली पर्व को लेकर कांके थाना परिसर में सोमवार को कांके सीओ अमित भगत व कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने अपनी विचार रखे ओर होली पर्व को शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। वक्ताओं ने आपसी भाईचारे को और मजबूत करने ओर किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने पर जोर दिया। वहीं, थाना प्रभारी प्रकाश रजक ने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर उप प्रमुख अंजय बैठा ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। इसे मिलकर मनायेंगें। बैठक में कफील अहमद,आमीर अंसारी,प्रवीण रजक,अरविंद कुमार,राजकुमार तिग्गा,अमित कुमार,सोमा उरांव, बिरेंदर तिवारी,आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं ने पुष्प होली मनाकर दिया सामाजिक एकता का संदेश



**खूंटी।** रनिया प्रखंड के हरा सुकू गांव में सोमवार को महिलाओं की ओर से पुष्प होली का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। गांव की सभी महिलाएं एकत्रित होकर होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुईं और फूलों के माध्यम से एक-दूसरे को सम्मान और प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि होली रंगों का पर्व है, लेकिन पुष्पों की होली समाज में सौहार्द और सम्मान को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि नारी कमजोर नहीं बल्कि शक्तिशाली है। महिलाएं यदि संगठित होकर जागरूक बनें, तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त होंगे। उन्होंने महिलाओं से अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने और पड़ोसी गांवों तक आपसी संपर्क मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने होली के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भक्त प्रह्लाद और होलिका दहन की कथा का उल्लेख किया और कहा कि यह पर्व आसुरी शक्तियों पर सत्य की विजय का प्रतीक है। सेवा भारती के माध्यम से गांव-गांव में महिलाओं को सशक्त और ऊर्जावान बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। कार्यक्रम में प्रखंड संयोजक राज किशोर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। गांव की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया।

### भाजपा रांची जिला ग्रामीण पूर्वी का होली मिलन समारोह आयोजित

**नामकुम।** लालखटंगा के बायोडायवर्सिटी पार्क समीप सोमवार को रांची जिला ग्रामीण पूर्वी के तत्वावधान में भाजपा का होली मिलन समारोह धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिस्ठ नेता सुबोध सिंह गुडडू उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने सभी को गिले-शिकवे भुलाकर एक बार फिर से मिलजुल कर पार्टी और संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष बारती कुजूर, शशिभूषण भगत, आरती सिंह, जैलेन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रज्ञा भारती आदि ने भी संगठन को मजबूत बनाने और एक बार फिर से राज्य में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही।

### झारखंड में 4 मार्च को ड्राई डे, नशे में पकड़े गए तो जाएंगे हवालात

**रांची।** होली के दिन चार मार्च को राज्य में ड्राई डे रहेगा। इसके तहत राज्य में शराब की खुदरा दुकानें, बार एवं क्लब सहित थोक बिक्री परिसर जेएसबीसीएल, सभी देसी व विदेशी शराब निर्माता कंपनियां, सभी प्रकार के लाइसेंसी शराब से जुड़े प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

पुलिस राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सख्ती बरतेगी। नशे में पकड़े गए तो बिना मेडिकल जांच के घर नहीं जा सकेंगे। होली के दिन किसी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति प्रतिबंधित रहेगा। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की ओर से इससे संबंधित आदेश जारी होने के बाद जिलों में भी वहां के सहायक आयुक्त उत्पाद, अधीक्षक उत्पाद ने अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

#### सादे लिबास में गश्त करेगी पुलिस

होली को लेकर पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर ली है। इस बार शराब के नशे में पकड़े गए लोगों को बिना मेडिकल जांच और कानूनी कार्रवाई के घर नहीं जाने दिया जाएगा। रांची पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि हुड़दंग, तेज रफ्तार वाहन चलाने, सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## मारवाड़ी सम्मेलन ने डंडा रोपण के साथ किया होलिका दहन

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से मारवाड़ी समाज ने सोमवार को रांची में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ डंडा रोपण, ठंडी होली पूजन के साथ होलिका दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि महिलाओं ने राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा, विशेषकर रंग-बिरंगी ओढ़नी धारण कर विधि-विधानपूर्वक डंडा रोपण की रस्म निभाई। इसके बाद ठंडी होली की पूजा श्रद्धा और भक्ति भाव से की गई। पारंपरिक गीतों के साथ परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की गई। उन्होंने बताया कि तीन मार्च की सुबह लगभग पांच बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर सुख-शांति और सकारात्मक जीवन का संकल्प लिया। सर्राफ ने कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की विजय तथा नकारात्मकता के दहन का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस दौरान समाज के गणमान्य सहित बड़ी संख्या में परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने मनाया होली मिलन समारोह




**रांची।** झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के द्वारा सोमवार को होली मिलन का समारोह आयोजित किया गया। उपरोक्त आयोजन में रक्षा राज्य मंत्री व सांसद संजय सेठ, नवनिर्वाचित महापौर रोशनी खलखो एवं वार्ड नंबर 20 से सुनील यादव आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर संजय सेठ ने होली के आयोजन पर सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित महापौर रोशनी खलखो ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आपके चेहरे पर लगे रंग बिरंगे रंग व कपड़ों के रंगों जैसे रांची को सजाना है । साथ ही सुनील मामा ने भी होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष उमाशंकर कनोडिया सचिव हैप्पी फिंगर ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया। वहीं उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी, महेश बजाज ने लोगों को अबीर गुलाल और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर स्वादिष्ट व्यंजन सहित ठंडाई का भी लोगों ने आनंद उठाया समारोह में मुख्य रूप से अध्यक्षउमाशंकर कनोडिया,अमरचंद बेगानी, महेश बजाज, सचिव हैप्पी फिंगर, विपुल जैन, सौरव कटारुका, गौरव काबरा, पंकज पोद्दार, अनिल जालन,मनोज सिंघानिया, अजय बथवाल, प्रकाश अरोड़ा , प्रवीण लोहिया,प्रमोद सारस्वत, मुकेश काबरा, आशीष सिंघानिया,सुबोध गुप्ता, चैंबर से आदित्य मल्होत्रा, रोहित अग्रवाल, राम बागड, नवजोत अलंग, मुकेश अग्रवाल सहित शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं सहित व्यापारिक संस्थाओं के काफी सदस्य होली मिलन समारोह में पहुंचे काफी संख्या में लोगों ने होली मिलन समारोह का आनंद उठाया।

## ट्रक और बाइक के बीच सीधी भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

**खूंटी।** रनिया थाना अंतर्गत तुरीगड़ा गांव में सोमवार की शाम को ट्रक और पल्सर मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान खूंटी थाना क्षेत्र के लटरजंग निवासी सनिका मुंडा, तुरी मुंडा और गांव उड़रिंग थाना गुदडी पश्चिमी सिंहभूम के मानु बरजो के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बाइक सवार रनिया से मरचा की तरफ जा रहे थे, वहीं ट्रक मरचा से रनिया की ओर जा रहा था। तुरीगड़ा गांव के पास ट्रक की टक्कर बाइक से हो गई। घटना के बाद मौजूद लोगों ने रनिया थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस तीनों शवों को रनिया थाना ले गई है।

## रांची में 2-3 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय चुनाव सम्मेलन

# जुटेंगे देश-विदेश के विशेषज्ञ



- सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड की ओर से सम्मिलित रूप से इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को आयोजित किया जा रहा है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि दो से तीन सितंबर तक रांची में मतदाता पंजीकरण और मतदाता पंजी संबंधित विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय झारखंड के साथ सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड की ओर से सम्मिलित रूप से इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को आयोजित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए वेबसाइट ब्राउचर लांचिंग और सम्मेलन से संबंधित विभिन्न रूपरेखाओं पर सोमवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। के. रवि कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आईआईएम रांची, एनयूएसआरएल रांची और संत जेवियर्स कॉलेज नॉलेज पार्टनर के रूप में जुड़कर सम्मिलित रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मतदाता पंजीकरण और मतदाता पंजी विषय पर विभिन्न लोकतांत्रिक देशों और देश के विभिन्न यूनिवर्सिटी, शिक्षाविदों, निर्वाचन संबंधी मास्टर ट्रेनर के अभिव्यक्तियों को एकत्रित करते हुए एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, आईआईएम, रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुभ्रा रजत बलबंतरे, एनयूएसआरएल रांची के एसोसिएट प्रो डॉ. आनंद कुमार आर. शिंदे और संत जेवियर्स कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बी. के सिन्हा व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय उपस्थित थे।

## मूलवासियों की अस्मिता को नकारने के लिए हुआ था तपकरा हत्याकांड

**खूंटी।** तपकरा हत्याकांड की 80वीं बरसी पर सोमवार को कोईल कारो जनसंगठन और गुड़िया पड़हा के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तपकरा बाजार टांड़ के शहीद स्मारक स्थल में उपस्थित ग्रामीणों की ओर से पुष्पांजलि और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद पारम्परिक ग्राम अगुवा विनोद मुंडा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सामाजिक अगुआ, बुद्धिजीवी और कानूनी विशेषज्ञों ने दो मार्च 1946 को तपकरा में हुए राजनीतिक हत्याकांड की वास्तविकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस घटना को सभी आदिवासियों और मूलवासियों की अस्मिता को नकारने के लिए अंजाम दिया गया। संविधान सभा में आदिवासी-मूलवासियों की आवाज शामिल हों, इसलिए कांग्रेसियों ने अपने प्रत्याशी का पक्ष मजबूत करने के लिए साजिश रच कर झारखंड की मजबूत आवाज मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के समर्थकों पर कातिलाना हमला किया था।

## मुरुपिरी की टीम बनी मनातु के पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** प्रखंड के बमने पंचायत अंतर्गत मनातु खेल मैदान में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट पर मुरुपिरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कब्जा जमा लिया। सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले के साथ प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। फाइनल मैच में मुरुपिरी की टीम ने बमने की टीम को पराजित कर ट्राफी अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबले में बमने की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुरुपिरी की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बमने की टीम मुरुपिरी की सटीक और अनुशासित गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी तथा 10 ओवरों में 81 रन पर सिमट गई। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम मुरुपिरी को बड़ी ट्राफी के साथ 25 हजार रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता बमने टीम को छोटी ट्राफी एवं 15 हजार रुपये नगद देकर सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर उत्तम शिखर को मैन आफ द टूर्नामेंट, अर्जुन कुमार को बेस्ट बैट्समैन, सुनील कुमार को बेस्ट बालर तथा डेगन कुमार को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि फुलेश्वर बैठा एवं स्वामी देवेंद्रप्रकाश दीपक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, समर्पण और टीम भावना की सीख देता है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में जिला एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया तथा खेल गतिविधियों में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर मुखिया शिवनाथ मुंडा, पूर्वी अध्यक्ष उमेश यादव, बीरबल महतो, उत्पल सहदेव, पिंटू सहदेव, वरुण छेत्री, हीरालाल महतो, विनोद कुमार एवं राजेंद्र महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अरुण कुमार, कृष्ण कुमार, रिंटू मोची, नीतीश कुमार आदि उपस्थित थे।

## उत्साह | विद्यार्थी परिषद ने बिरसा कॉलेज में मनाया होली मिलन समारोह

# होली भाईचारा और एकता का प्रतीक : नगर अध्यक्ष

- युवा वर्ग समाज की दिशा तय करता है व सामाजिक जिम्मेदारी को भी समझना चाहिए

नवीन मेल संवाददाता




**खूंटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बिरसा महाविद्यालय इकाई की ओर से सोमवार को महाविद्यालय परिसर में रंगोत्सव होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष रानी टूटी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग समाज की दिशा तय करता है, इसलिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी को भी समझना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्र किशोर भगत ने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल पाठ्य ज्ञान देने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र होता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, संयम और मर्यादा के साथ पर्व मनाने का आह्वान किया और कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा प्रदान करती है। वार्ड सदस्य दिनेश कुमार महतो ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र और समाज की सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यदि सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें तो नगर और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी ने कहा कि परिषद हमेशा छात्र-छात्राओं के अधिकार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वस्थ परिसर संस्कृति के लिए संघर्षरत रही है और लोग कामयाब भी रहे हैं। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर बधाई दीं। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता अभिषेक श्रीवास्तव, विजय प्रधान, प्रियंका, सुनील, अमित कुमार, बिनोद प्रजापति, मंगल कुम्हार, अंजनी कुमारी सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अनगड़ा में 45 दिवसीय एग्री क्लिनिक प्रशिक्षण संपन्न

**अनगड़ा।** अनगड़ा स्थित मास कृषि प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को 45 दिवसीय एग्री क्लिनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीआरआई के राज्य निदेशक अशोक कुमार उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय कृषि प्रबंध संस्थान हैदराबाद और नाबार्ड का सहयोग रहा। निदेशक अशोक कुमार ने प्रशिक्षित युवक-युवतियों को कृषि आधारित व्यवसाय से जुड़कर झारखंड के विकास में योगदान देने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। आईडीबीआई के पूर्व उपमहाप्रबंधक संजय कुमार ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### होली पर्व को लेकर उपायुक्त ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, कहा

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

● बिना पुष्टि कोई भी पोस्ट को शेयर नहीं करने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** होली पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर दी जाए वहीं उन्होंने अधिकारियों को सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने एवं अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने सभी आमजनों से बिना पुष्टि किसी भी प्रकार की अफवाह संबंधित पोस्ट को शेयर ना करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर असामाजिक तत्वों द्वारा पर्व के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश की जाएगी तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, वहीं उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखने एवं कोई भी मामला सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देने की अपील की।

वहीं उन्होंने पर्व के दौरान वाहन जांच अभियान अथवा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले पर किए जाने वाले कार्रवाई को लेकर भी सभी को जानकारी दी गई। गौरतलब होकि होली पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में कुल 61 स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल के जवानों, प्रत्येक प्रखंड के लिए तीन पालियों में गस्ती दंडाधिकारियों एवं जिला नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, शांति समिति के सदस्य, थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## कूद डंपिंग यार्ड में आग लगने से गुजरने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ी

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र के कूद स्थित डंपिंग यार्ड के आग लगने से स्थानीय निवासियों और इस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ समय से इस यार्ड से कचरे के ढेरों से आग लगने से जो जहरीला धुंआ उठ रहा है। उससे पर्यावरण दूषित हो ही रहा है। यह सवाल उठाते सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता से आग बुझाने की गुहार लगाई है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि ने कहा है कि डंपिंग यार्ड में याद लगने से इसके आसपास के खिरगांव, कूद, यशवंत नगर इलाके के रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। यहां से उठने वाले धुएं से लोग त्रस्त और परेशान हैं। नगर निगम क्षेत्र का पूरा कचड़ा इसी डंपिंग यार्ड में डंप किया जा रहा है। यहां पर आग लगा देने के बाद उठ रही है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत बच्चों के मॉडलों की सराहना

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स हजारीबाग में क्विज़ एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीपीओ कौशल किशोर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार तथा प्राचार्या सुजाता केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिथियों ने छात्राओं के तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रदर्शनी में छात्राओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई आधारित कई आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। इनमें एआई संचालित स्मार्ट क्लासरूम प्रणाली, फेस रिकग्निशन आधारित उपस्थिति प्रणाली, स्मार्ट ट्रैफिक कंट्रोल मॉडल, तथा एआई आधारित हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक मुक्त भारत, तथा आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी कार्यशील मॉडल तैयार किए।एक समूह ने सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई प्रणाली का मॉडल प्रस्तुत किया, जबकि अन्य छात्राओं ने वर्षा जल संचयन और स्मार्ट सिटी की अवधारणा पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किया।विज्ञान और तकनीक के समन्वय को दर्शाते हुए रोबोटिक्स से संबंधित मॉडल भी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम की विशेषता विज्ञान भारती (विभा) की सक्रिय सहभागिता रही। विज्ञान भारती के प्रतिनिधियों ने भारतीय वैज्ञानिक परंपरा, स्वदेशी अनुसंधान और आधुनिक तकनीक में भारत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विज्ञान क्विज़ प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वैज्ञानिक तथ्यों व समसामयिक विषयों पर अपनी उत्कृष्ट जानकारी का प्रदर्शन किया।

## विद्यार्थियों ने जमकर खेली होली, नवम के परीक्षार्थियों को दिया गया प्रवेश पत्र

**बरकट्ठा।** प्रखंड के चेचकपी पंचायत स्थित झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया में वर्ग नवम के परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र वितरण किया गया।इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षकों ने परीक्षा से संबंधित परीक्षार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। वहीं विद्यालय निदेशक उमाशंकर सिंह ने परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण बातें बताई।इस दौरान विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों व शिक्षकों ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर शिक्षक अशोक यादव, शिव शंकर सिंह, प्रदीप कुमार ,बबलू कुमार, अजय कुमार ,शिक्षिका संगीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# इटली के दंपत्ति ने बालिका गृह से एक अनाथ बच्ची को लिया गोद

● डीसी ने बालिका को दंपत्ति को सौंपते हुए उनसे एवं बालिका से आत्मीय बातचीत की

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** इटली के दंपति ने एक अनाथ बच्ची को गोद लेकर उसकी दुनिया बदल डाली। रामगढ़ जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से सोमवार को गैर सरकारी संस्था डिवाइन ओंकार मिशन के बालिका गृह से 12 वर्षीय बालिका ज्योति कुमारी को इटली निवासी दंपत्ति क्लाउडिया पेद्रिनी एवं उनकी धर्मपत्नी डोमिंगा सेल्विनी द्वारा विधिवत गोद लिया गया। इस अवसर पर डीसी फ़ैज़ अक अहमद मुमताज ने बालिका को दंपत्ति को सौंपते हुए उनसे एवं बालिका से आत्मीय बातचीत की। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

डीसी ने कहा कि विधिसम्मत दत्तक ग्रहण प्रक्रिया बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान डीडीसी आशीष अग्रवाल, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शंकर प्रसाद, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं डिवाइन ओंकार मिशन के कर्मी उपस्थित थे।

## होली आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता का प्रतिक है : जयराम महतो



**रमगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो रामगढ़ जिले में आयोजित कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। सर्वप्रथम वे रामगढ़ फोरलेन पैंकी, बूढ़ाखाप एनएच -33 स्थित जेएलकेएम कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय, आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह त्योहार प्रेम, रंगों और खुशियों का संदेश देता है तथा पुराने मतभेदों को भुलाकर नए रिश्तों को मजबूत करने और नकारात्मकता को दूर करने की प्रेरणा देता है। होली ही एक ऐसा त्योहार जो एक-दूसरे के घरों में जाकर घर में बने तरह -तरह के पकवानों मजा लेते हैं और एक दूसरे को अबीर व रंग लगाकर बधाई देते हैं। इसमें हर जाति और धर्म के लोग रहते हैं। इसके बाद टाइगर जयराम महतो होसिर, डाड़ी में आयोजित श्री श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में भी शामिल हुए। महायज्ञ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ भले ही पांच दिनों का हो, लेकिन इसकी तैयारी महीनों पहले से की जाती है। इसका उद्देश्य गांव-ग्राम और घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान इस भावना के साथ आयोजित किए जाते हैं कि समाज में आपसी प्रेम बना रहे, लड़ाई-झगड़े समाप्त हों, बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और लोग निरोग रहें। यज्ञ का वास्तविक अर्थ अनुपालन करना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। मौके पर मुख्य रूप से गोविंद महतो, दिलीप महतो, मनोज महतो, टिकेश्वर महतो, सहदेव महतो, प्रभु दयाल महतो, लालकेशर महतो,अरबिंद महतो, पुनीत महतो, तृतलाल महतो, मदन महतो आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर प्रोजेक्ट इन-हाउस में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को सीबीएसई के अंतर्गत इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विषय *लर्निंग आउटकम्स इन पेडागोजी रहा, जिसमें शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, छात्र-केंद्रित एवं परिणामोन्मुख बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन के रूप में राकेश कुमार सहाय एवं इंद्रजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षकों को अधिगम प्रतिफल आधारित शिक्षण, गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति, छात्र सहभागिता बढ़ाने के उपाय, प्रभावी मूल्यांकन प्रणाली तथा कक्षा शिक्षण में नवाचार के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने समूह चर्चा, गतिविधि आधारित अधिगम एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषय को गहराई से समझा। रिसोर्स पर्सन द्वारा बताया गया कि अधिगम प्रतिफल आधारित शिक्षण से विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, सृजनात्मकता तथा समस्या समाधान क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

विद्यालय के शिक्षकों ने प्रशिक्षण को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। इस प्रशिक्षण में प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना आचार्य दिलीप कुमार सिंह, शम्मी राज, विदेश सिंह,अनिल कुमार त्रिपाठी, सत्येन्द्र मिश्रा,अमरदीप शाहदेव, कुन्दन मिश्रा, चितरंजन लाल खन्ना, अमरदीप, दयानंद कुमार,तपन घोषाल, भुनेश्वर कुमार,शशि कान्त, शेखर कुमार, नितेश सिन्हा, रोहित राज, राजेश महातो, अमित झा, अनूप झा, पूनम सिंह, रानी कुमारी, ललिता गिरी, अमृता चौधरी, रिंकी कुमारी, उषा कुमारी, ज्योति कुमारी, गायत्री कुमारी, ममता कुमारी, श्वेता पंडा आदि उपस्थित थे।

## डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण कालेज में होली मिलन समारोह

**रामगढ़।** डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में 2 मार्च को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० संजय सिंह ( सहायक प्राध्यापक, रामगढ़ महिला महाविद्यालय, रामगढ़ ), विशिष्ट अतिथि मो० मंजूर खान (समाजसेवी), प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, संजय कुमार प्रभाकर, सम्मानित सदस्य मनीष कुमार ने सर्वप्रथम डॉ० राधाकृष्णन के चित्र पर दीप पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। होली मिलन समारोह में होली गीत, फगुआ गीत, संगीत, भजन कीर्तन गाकर ,रंग गुलाल लगाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का का लोगों खूब आनन्द लिया और सभी ने एक दूसरे को बधाईयां दी।

# आठवीं बोर्ड की परीक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में कदाचार मुक्त संपन्न

नवीन मेल संवाददाता




रामगढ़। 2 मार्च को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में आठवीं बोर्ड 2026 की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हो गई। उक्त बातें विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने सोमवार को बताया । उन्होंने कहा कि झारखंड अधिविद्य परिषद परिषद द्वारा पूरे झारखंड में यह परीक्षा आज आयोजित हो हुई। उसी के तहत आज उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में पांच विद्यालय का परीक्षा केंद्र रहा जिसमें 149 छात्र-छात्रा एक अनुपस्थित रहा परीक्षा पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुई । प्रथम पाली में हिंदी ,अंग्रेजी और ऑप्शनल पेपर संस्कृत जबकि द्वितीय पाली में विज्ञान, गणित और सामाजिक अध्ययन का पेपर रहा, डॉक्टर कश्यप ने बताया कि जो नियमित छात्र विद्यालय में शत प्रतिशत ठहराव करके पढ़ाई किया किया उनमें प्रसन्नता दिखाई दी ।

**आस्था** पूर्णाहुति व भंडारा के साथ 16वां श्री शतचंडी महायज्ञ संपन्न

# वेद मंत्रों से सराबोर रहा वातावरण

नवीन मेल संवाददाता



बरही। मां भगवती सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित 16वां नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह बरही महोत्सव पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा के साथ श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। सुबह से ही यज्ञ मंडप में पूर्णाहुति एवं हवन की तैयारियां प्रारंभ हो गई थीं। आचार्य यदुनंदन मिश्रा की अगुवाई में विद्वान पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन कराया। लगभग पांच घंटे तक चले इस अनुष्ठान से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। वेद मंत्रों की गूंज और हवन की सुगंध से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। हवनोपरांत महाआरती संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता भगवती का स्मरण करते हुए भावभीनी विदाई दी।

अनुष्ठान के पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में मुख्य संरक्षक सुरेंद्र रजक एवं रमेश ठाकुर, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष बिपिन सिन्हा, कोषाध्यक्ष बलराम केसरी सहित समिति के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम की सफलता में हितेश राज, रमेश श्रीवास्तव, पंकज वर्णवाल, मनोज उपाध्याय, सोनू केसरी समेत अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देर संध्या तक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते रहे। आयोजकों ने बरही वासियों, सनातन धर्म प्रेमियों तथा स्थानीय प्रशासन को सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

## पुलिस ने छापेमारी कर कार से भारी मात्रा में शराब बरामद किया

हजारीबाग। मुफस्सिल थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक डस्टर कार से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। यह जानकारी थाना प्रभारी रोशन कुमार ने दी उन्होंने बताया गेजर कार पर सिगनेचर लिखा प्लास्टिक के बोतल में 180 एमएल शराब 32 पीस, ब्लेंडर प्राइड लिखा शीशा के बोतल 350 एमएल शराब 18 पीस, ब्लैक एंड व्हाइट शीशा के बोतल में 750 एमएल शराब 12 पीस, टीचर्स शीशा के बोतल में 750 एमएल शराब 08 पीस, ब्लेंडर प्राइड लिखा शीशा के बोतल 750 एमएल शराब 12 पीस, 6. सिगनेचर लिखा शीशा के बोतल में 350 एमएल शराब 10 पीस, रेड लेवल शीशा के बोतल में 750 एमएल शराब 05 पीस अवैध शराब को विधिवत जप्त किया है।

## प्रेस क्लब बरही में होली की धूम, फगुआ गीतों के बीच उड़ता रहा गुलाल

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित प्रेस क्लब बरही के प्रांगण में होली महोत्सव हर्षोल्लास एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया।

समारोह में प्रमुख रूप से जावेद इस्लाम, अध्यक्ष अनुज यादव, रितेश कुमार, अनुज कुमार सिंह, नितेश कुमार, धनंजय पांडेय, अमित सोनी, उपेंद्र सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान अनुज सिंह ने फगुआ गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। ढोलक की थाप और पारंपरिक होली गीतों ने माहौल को पूरी तरह रंगीन बना दिया।

# न्यूज बॉक्स

## होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का प्रतीक है : जितेंद्र प्रसाद



**बरकट्ठा।** प्रखंड के तुर्कबाद स्थित लीला गुरुकुल विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र एवं अभिभावकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। तत्पश्चात छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं होली के गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं विद्यार्थियों ने पारंपरिक नृत्य, होलियाना गीत प्रस्तुत कर लोगों को खूब हंसाया ।वहीं विद्यालय निदेशक जितेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी ।मौके पर शिक्षक कुमार सौरव पांडेय, रामदेव यादव ,अजय चौधरी, प्रेमसागर ,शशि वर्णवाल ,शिक्षिका दीपिका कुमारी, कुमकुम बर्णवाल, मनीषा चौधरी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## मुखिया के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन, कार्यक्रम में खूब उड़ा अबीर गुलाल



**बरकट्ठा।** प्रखंड के पंचायत बेलकप्पी में होली मिलन समारोह का भव्य एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पंचायत मुखिया ललिता देवी एवं झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में किया गया। इस निमित पूरे गांव में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला ।समारोह में पंचायत के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया। रंग-बिरंगे अबीर और गुलाल से पूरा वातावरण होली के रंग में रंग गया ।वहीं बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई, जिसका आनंद लोगों ने खुब उठाया। वहीं ढोल-नगाड़ों और होली गीतों की धुन पर लोगों ने नृत्य कर पर्व की खुशियों को उत्साहपूर्वक मनाया। इस मौके पर मुखिया ललिता देवी ने कहा कि होली मिलन समारोह केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है। ग्रामीणों ने इस सफल आयोजन के लिए मुखिया ललिता देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समाजसेवी बसंत साव, दर्शन सोनी, सुरेश नायक, रामलखन मोदी, राम नरेश पांडेय, अर्जुन नायक, शमीम अंसारी, महेंद्र मोदी, गणेश नायक समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प है सफलता की कुंजी: अंजनी कुमार झा

**हजारीबाग।** नमन विद्या, हजारीबाग में मंगलवार को कक्षा आठ एवं कक्षा नौ के विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजनी कुमार झा, उप महानिरीक्षक (डीआईजी), हजारीबाग थे, जिन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपने कर-कमलों से पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार वितरण के उपरांत डीआईजी अंजनी कुमार झा ने विद्यार्थियों के साथ करियर एवं अध्ययन से संबंधित एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया। इस दौरान छात्रों ने करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा को लेकर अनेक प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से उत्तर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सकारात्मक सोच और धैर्य के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों ने इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक और मार्गदर्शक बताया। इन बच्चों को सम्मानित किया गया। कक्षा आठ के पुरस्कृत विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं। इसमें में मनस्वी सिन्हा आन्या जैन, श्रेयश वर्मा, मेरपो वर्शिनी, आर्यन कुमार वर्मा, स्नीतिक स्लोक, वृद्धि रानी, सक्षम सिंह और बाविधी सांस्कृत हैं। कक्षा नौ के पुरस्कृत बच्चों के नाम सोनाक्षी सेन, केतव कृष्णा इशान कुमार, अश्विनी पावनी कुमारी, कृष्णा दुबे, धैर्य जैन, अभिज्ञान चौधरी, लकी राणा और इशान श्रीवास्तव हैं। सभी विजेताओं को स्कूल के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुस्तक उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

## रसोइया संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा मांग पत्र, विधायक ने दिया आश्वासन



**बरकट्ठा।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संघ के बैनर तले रसोइयों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सांसद एवं विधायक को मांग पत्र सौंपा गया। संघ के आह्वान पर पिछले एक सप्ताह से चल रही हड़ताल के कारण प्रखंड के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) व्यवस्था प्रभावित हो रही है। रसोइयों द्वारा विद्यालयों का भ्रमण कर एमडीएम बंद भी कराया जा रहा है। संघ के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को मांग पत्र सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक अमित कुमार यादव ने रसोइयों की मांगों को जायज बताते हुए आश्वासन दिया कि उनकी आवाज सदन में उठाई जाएगी और समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा। रसोइया संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सौंपे गए मांग पत्र में रसोइयों के लिए 60 वर्ष तक सेवा सुनिश्चित करने, सम्मानजनक मानदेय देने, जीवन बीमा की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सेवानिवृत्ति के समय सहयोग राशि देने सहित कई मांगें शामिल हैं। प्रखंड अध्यक्ष तूफानी देवी एवं जिला अध्यक्ष महेंद्र राम ने बताया कि विधायक द्वारा उनकी मांगों को सदन में उठाने का भरोसा दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो रसोइया संघ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर छोटकी देवी सहित कई रसोइया उपस्थित थीं।

# न्यूज बॉक्स

## कोलेबिरा नवाटोली में होली पूर्व संध्या पर सरना सरमोली पूजा संपन्न



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत नवाटोली पंचायत के खास नवाटोली ग्राम में वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए होली पूर्व संध्या पर सरना स्थल में विधिवत सरना सरमोली पूजा-अर्चना की गई।गाँव के पहान किसटो पाहन एवं कसटू पाहन ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सरना स्थल पर पूजा संपन्न कर क्षेत्र के आम जनों की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा के उपरांत प्रसाद स्वरूप फूल एवं प्रसादी प्रत्येक घर में पहुंचाया गया।इस अवसर पर विनोद पाहन, मंगरू पाहन, रतिया पाहन, संजीव पाहन, सनोज पाहन सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार, दसरथ लोहरा, सुरेंद्र लोहरा, जया लोहरा, राजेश नायक, सुधीर यादव, रंथू सिंह, प्रकाश सिंह और नारायण सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और प्रत्येक वर्ष होली से पूर्व सरना सरमोली पूजा कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है।

## कुरडेग में उमामहेश्वर महावीर मंदिर में बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित



**कुरडेग।** प्रखंड क्षेत्र स्थित उमामहेश्वरमहावीर मंदिर परिसर में बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगामी 8 मार्च को प्रस्तावित विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई तथा अधिक से अधिक संख्या में सनातन धर्मावलंबियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।वक्ताओं ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकजुटता, सांस्कृतिक जागरूकता और धार्मिक मूल्यों के संरक्षण को सशक्त करना है। इसके लिए गांव-गांव संपर्क अभियान चलाने और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियां भी कार्यकर्ताओं के बीच बांटी गईं।बैठक के उपरांत उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।मौके पर सुशील श्रीवास्तव, श्रवण बड़ाईक, जगेश्वर प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## महावीर चौक में सजा रंग-अबीर व पिचकारी का बाजार, कल मनाई जाएगी होली



**सिमडेगा।** शहर के हृदयस्थल महावीर चौक में होली पर्व को लेकर बाजार पूरी तरह सज गया है। चौक पर गुलाल, अबीर, रंग, पिचकारी और बच्चों के लिए विभिन्न आकर्षक सामानों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। चारों ओर होली के गीतों की धुन सुनाई दे रही है, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया है। सोमवार को दिनभर लोगों को खरीदारी करते देखा गया और बाजार में चहल-पहल का नजारा रहा।इस वर्ष केमिकल मुक्त हर्बल गुलाल और हर्बल रंगों की मांग अधिक देखी जा रही है। लोग स्वास्थ्य और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। दुकानदार राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि महंगाई को देखते हुए इस बार 50, 60, 100 से लेकर 200 रुपये तक की अलग-अलग गुणवत्ता की गुलाल उपलब्ध है। वहीं रंगों की कीमत 20 रुपये से शुरू होकर 200 रुपये तक है।बच्चों के लिए कार्टून मास्क, आकर्षक पिचकारी और अन्य सजावटी सामग्री भी बाजार में उपलब्ध है, जो खासा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।गौरतलब है कि सोमवार देर रात होलिका दहन होगा, जबकि चंद्र ग्रहण के कारण 4 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर शहर में उत्साह और उमंग साफ नजर आ रही है।

## ठेठईटांगर में जंगल में लगी आग वन संपदा को नुकसान

**ठेठईटांगर।** रांची–राउरकेला राष्ट्रीय राजमार्ग 143 पर अर्जुनढोड़ा के समीप जंगल में आग लगने से आसपास का इलाका धुएं से भर गया है। आग की लपटें दूर से दिखाई दे रही हैं और पूरा वन क्षेत्र धू-धू कर जल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीणों द्वारा जंगल में आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। इस आगजनी से वन संपदा, पेड़-पौधों और वन्य जीवों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को घने धुएं के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दृश्यता कम होने से सड़क दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर आग पर काबू पाने की मांग की है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे जंगल में आग न लगाएं और यदि कहीं आग लगती दिखे तो तुरंत वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचना दें। वन विभाग से आग लगाने वालों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कैरबेड़ा कादोपानी निवासी भादेराम बिरहोर के लिखित आवेदन के आधार पर दर्ज मानव तस्करी मामले में पुलिस को एक और सफलता मिली है। सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि एएचटीयू थाना कांड संख्या 11/21, दिनांक 01.11.21 के तहत संगीता देवी (मानकी) एवं दिलीप नायक, दोनों निवासी केरेया धुमाटांड़, थाना टीटांगर, जिला सिमडेगा के विरुद्ध नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर काम दिलाने का प्रलोभन देकर दिल्ली ले जाकर बेचने के आरोप में धारा 363/370(4)/34 भादवि एवं 75/81 जेजे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर शेषमणी मिश्रा, निवासी बाभनपुरा (मियाजोत), थाना गोल्होरा, जिला सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जगन्नाथपुर थाना, रांची के सहयोग से 1 मार्च 2026 को रांची से उसे गिरफ्तार किया।

### कांग्रेस कार्यालय में समीक्षा बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित

# वक्त बहाने खोजने का नहीं, कमियों को स्वीकार कर आगे बढ़ने का है: विधायक

- नगर परिषद चुनाव परिणाम को आत्ममंथन का विषय बताया गया
- बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और वार्ड-मोहल्लों में सक्रियता बढ़ाने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को समीक्षा बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष सह विधायक भूषण बाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि नगर परिषद चुनाव का परिणाम आत्ममंथन का विषय है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत पर उन्हें पूरा भरोसा है, लेकिन जनता तक संदेश प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच सका। अब समय बहाने खोजने का नहीं, बल्कि कमियों को स्वीकार कर संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और हर वार्ड व मोहल्ले में सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने की रणनीति पर जोर दिया।कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं से होती है और सिमडेगा–कोलेबिरा में समर्पित कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है। चुनावी हार से निराश होने के बजाय इसे सीख के रूप में लेना होगा। जनता का विश्वास धरातल पर काम कर ही जीता जा सकता है।जोसिमा खाखा ने महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जनता की आवाज बने।

## सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई।
बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अमृत मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर समीर रेनियर खालखो, जिला योजना पदाधिकारी सहित ग्रामीण कार्य विभाग, एनआरईपी, भवन प्रमंडल एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता तथा संबंधित सहायक एवं कनीय अभियंता उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जनतादरबार, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त विभिन्न प्रस्तावों—जैसे पुल-पुलिया निर्माण, पीसीसी पथ, गार्ड वाल तथा पेयजल व्यवस्था—पर विस्तार से चर्चा की गई। योजना एवं विकास विभाग, रांची द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत प्राप्त राशि से प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन किया गया।
उपायुक्त ने चयनित अनाबद्ध योजनाओं का शिलान्यास केंद्रीकृत रूप से कराने का निर्देश दिया, ताकि कार्यों में पारदर्शिता एवं समन्वय सुनिश्चित हो सके। बैठक में विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर भी जोर दिया गया।

## एलिस शैक्षणिक संस्थान में करियर काउंसलिंग

**बानो।** बानो प्रखंड एलिस शैक्षणिक संस्थान बानो के द्वारा लचरा गढ़ इंडोर स्टेडियम में कैंप लगाया गया जिसमें करियर काउंसलिंग किया गया।
संस्थान के निदेशक बिमल कुमार करियर काउंसलिंग की शुरूआत की । इस अवसर पर निर्देशक विमल कुमार ने विभिन्न शैक्षणिक कोर्स के बारे में जानकारी दी। इस कैंपलिंग में मुख्य रूप से संस्थान के काउंसलर सुष्मिता सिंह एवं सोनाली मर्की ने विभिन्न शैक्षणिक कोर्स के बारे में छात्र छात्रों को जानकारी दी।

### होली से पहले अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# कसडेगा और सैंनपुर में छापेमारी 1100 किलो जावा महुआ नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** होली पर्व को देखते हुए उपायुक्त सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब निर्माण और भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने कसडेगा तथा सैंनपुर क्षेत्र में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की।कसडेगा में हुई कार्रवाई के दौरान करीब 300 किलोग्राम जावा महुआ और लगभग 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। वहीं सैंनपुर क्षेत्र में छापेमारी के दौरान लगभग 800 किलोग्राम जावा महुआ तथा 40 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। सैंनपुर में जब्त अवैध सामग्री को नियमानुसार नष्ट कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों में भी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।
प्रशासन द्वारा संबंधित आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली पर्व के दौरान अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन जांच, गश्ती और छापेमारी अभियान लगातार चलाया जाएगा। प्रशासन ने आमजनों से भी अवैध शराब संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## फांसी लगाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लचरागढ़ जलडेगा मोड़ निवासी स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह के 39 वर्षीय पुत्र उत्तम कुमार सिंह ने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तम रविवार रात्रि सोने के लिए अपने कमरे में गया अगले दिन सोमवार को सुबह होने के बावजूद उत्तम ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो परिजन ने झांक कर देखा कि उत्तम कमरे में फांसी लगा ली है।तत्पश्चात घटना की जानकारी परिजन के द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम कराकर परिजन के हवाले कर दी।परिजन ने बतलाया कि उत्तम की मानसिक स्थिति एक वर्ष से अच्छी नहीं थी, इस संबंध में कोलेबिरा थाना में यूडी कांड संख्या 12/2026 के तहत मामला दर्ज की गई है।

## युवा संसद में प्रतिभागियों ने तय विषयों पर दी प्रभावशाली प्रस्तुति



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा एवं मेरा युवा भारत, सिमडेगा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सिमडेगा कॉलेज परिसर में "विकसित भारत युवा संसद 2026" का जिला स्तरीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद युवा कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत माय भारत पोर्टल पर प्रस्तुति एवं विभिन्न वीडियो के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य देवराज प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला युवा पदाधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि जिला स्तर से चयनित शीर्ष पांच प्रतिभागी राज्य विधानसभा परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे, जहां से चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर संसद भवन, नई दिल्ली में अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा।
युवा संसद में प्रतिभागियों ने निर्धारित विषयों पर तार्किक एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल में कौशिक कुमार, सत्यजीत कुमार, अनंत कुमार, शैलेश अविनेश मिंज एवं एंजेल लकड़ा शामिल थे।
परिणामस्वरूप शादिया परवीन प्रथम, संतोषी कुमारी द्वितीय, सौरव सिन्हा तृतीय, काव्या जैन चतुर्थ तथा नेहा रानी नायक पंचम स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## कोलेबिरा प्रखंड के रामजड़ी बस्ती में नामकरण के साथ अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ

कोलेबिरा। प्रखंड क्षेत्र के रामजड़ी बस्ती में आयोजित तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत यज्ञ धार्मिक उत्सव के दूसरे दिन नामकरण के साथ अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।पुरोहित प्रदीप पंडा,जगरनाथ पंडा,प्रमोद पंडा,मनोज दास,मदन पंडा, अवधेश पाढ़ी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराया।वहीं यजमान की भूमिका में तीरथ सिंह सह धर्मपत्नी यशोदा देवी निभा रही।लचरागढ़,रामजड़ी,टुटीकेल,कारीमाटी,काल्हाटोली,चटकटोली,छोटकाटोली,उकौली,बरसलोया सहित अन्य कीर्तन मंडलियों के द्वारा कीर्तन किया गया।काफी संख्या में महिला पुरुष युवक युवतियों और बच्चे अखंड हरि कीर्तन में शामिल हुए।श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर कीर्तन करते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचे।पारंपरिक वाद्य यंत्रों और भजन कीर्तन से पूरा गांव आध्यात्मिक रंग में रंग गया।आज पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ यज्ञ का विधिवत समापन होगा।कार्यक्रम की सफलता के लिए गठित यज्ञ समिति में श्यामू नायक,लालू सिंह, रामेश्वर सिंह,मंगल सिंह, केसर सिंह,सहदेव नायक, शनिचर पाहन,हुलेश्वर नायक, उदय सिंह,दिनेश बड़ाइक, महेश्वर नायक,कष्टु सिंह, तीरथ सिंह सहित ग्रामीणों की भूमिका है।

# होली पर्व से पूर्व सिमडेगा पुलिस केंद्र में फायर सेफ्टी ड्रिल का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता






**सिमडेगा।** आगामी गर्मी के मौसम तथा 3 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को होली पर्व के मद्देनजर सोमवार को पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर पुलिस केंद्र, सिमडेगा में फायर सेफ्टी एवं सेफ्टी ड्रिल का अभ्यास किया गया।गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं की संभावना को देखते हुए यह अभ्यास आयोजित किया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि कई बार अग्निशामन विभाग के घटनास्थल पर पहुंचने में समय लग सकता है, ऐसे में पुलिस बल एवं आमजन की तत्परता महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम के दौरान अग्निशामन विभाग के पदाधिकारियों ने आग पर नियंत्रण पाने की विभिन्न विधियों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग, आग लगने की संभावित परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई तथा सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।इस अभ्यास का उद्देश्य होलिका दहन एवं होली के दौरान अग्नि दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करना तथा पुलिस बल को आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित और सजग रखना है।जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि पर्व के दौरान सावधानी बरतें, ज्वलनशील पदार्थों से दूरी बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन या अग्निशामन विभाग को सूचना दें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, वरीय पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व पुलिस कर्मी उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 23/2025–26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 11.03.2026 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 11.03.2026 को 3.30 बजे अपराहन में। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | कार्य मद | :– | अनाबद्ध निधि मद |
| 9 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गुमला | Construction of Floor, Railing, Gate etc. at "LANCE NAIK ALBERT EKKA (Statue)" on The Main Gate of Albert Ekka Stadium, Gumla. | 5,52,000.00 | 11,100.00 | 1250.00 | 02 माह |

**निविदा की शर्तें**:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
**जो निम्न है**:–1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 374027 Rural Development(25-26).D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

### अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–93/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 10.03.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 11.03.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.03.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Hon'ble Health Minister, Govt. of Jharkhand Chamber and Allied Rooms at 1st Floor of Administrative Building, RIMS, Ranchi | 1040500.00 | 2500.00 | 21000.00 | 1 Month |
| 2 | Provision of Aluminium Partition Work in ADA Cell at 1st Floor of Administrative Building at RIMS, Ranchi | 261900.00 | 750.00 | 5500.00 | 15 Days |
| 3 | Provision of Aluminium Partition Work in and Provision of Aluminium Door for Ayushman Counter at 5th Floor of SS Block at RIMS, Ranchi | 242400.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 4 | Emergent Repair and Painting of Hospital Administrative Office at 1st Floor of OPD Building at RIMS, Ranchi | 354900.00 | 750.00 | 7500.00 | 15 Days |
| 5 | Emergent Painting of 6nos. Rooms and Corridor at 1st Floor of Paying Ward at RIMS, Ranchi | 256300.00 | 750.00 | 5500.00 | 15 Days |
| 6 | Emergent Repair, Painting and Aluminium Partition Work of DMS-1 Chamber at Ground Floor of Old Academic Building at RIMS, Ranchi | 248300.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 7 | Renovation of HOD Anasthesia Chamber at 2nd Floor of Old Administrative Building at RIMS, Ranchi | 313200.00 | 750.00 | 6500.00 | 15 Days |
| 8 | Renovation of Doctor Chamber and PG Room at Surgery A1 Ward at RIMS, Ranchi | 277400.00 | 750.00 | 6000.00 | 15 Days |
| 9 | Renovation of Doctors Room and Changing Room Near OT of Neurosurgery Department at RIMS, Ranchi | 516500.00 | 1250.00 | 10500.00 | 15 Days |
| 10 | Emergent Painting and Partition Work at Dean Academic Office at Ground Floor of Administrative Building at RIMS, Ranchi | 235300.00 | 750.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 11 | Provision of Concertina Coil Fencing and Painting of Boundary Wall of Kelly Bunglow 1 at RIMS, Ranchi | 851200.00 | 1250.00 | 17500.00 | 15 Days |
| 12 | Emergent repair of Toilet and Rooms of Building Sub Division Office at RIMS, Ranchi | 248400.00 | 500.00 | 5000.00 | 15 Days |

नोट :निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची


PR 374062 (Building) 25-26 (D)

# बच्चा चोर के शक में ग्रामीणों ने कर दी युवक की पिटाई

- तिलैया थाना क्षेत्र के मोरियावां गांव का मामला, मानसिक विक्षिप्त था युवक

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में इन दिनों बच्चा चोर की शक में अज्ञात लोगों को पड़कर पिटाई करने के कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसा ही एक मामला सोमवार की तड़के सुबह तिलैया थाना क्षेत्र के मोरियावां गांव से सामने आया है। जहां ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझकर एक युवक को बांधकर उसकी पिटाई कर दी। घटना की जानकारी देते हुए मोरियावां के पूर्व वार्ड पार्षद बलराम यादव ने बताया कि सोमवार की सुबह जब गांव के लोग टहलने निकले थे, तो देखा कि एक अज्ञात युवक अलग-अलग घरों में ताक झांक कर रहा है। जिस पर उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने शोर मचाकर ग्रामीणों को वहां इकट्ठा कर लिया। इसके बाद ग्रामीण उस अज्ञात युवक को पकड़ पूछताछ करने लगे। युवक ने कुछ भी साफ-साफ नहीं बताया। जिस पर ग्रामीण उग्र हो गए। ग्रामीणों ने जब उनसे कठोरता से पूछताछ की तो उक्त युवक ने बताया कि वह झुमरीतिलैया के वार्ड 1 स्थित नरेश नगर का रहने वाला है। हालांकि उसने अपना नाम नहीं बताया। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा इस मामले की जानकारी तिलैया पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उस अज्ञात युवक को पकड़ कर अपने साथ थाना ले आई। इधर थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि जांच में पता चला कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को देखने पर तुरंत थाना को सूचना दें। कोई भी व्यक्ति किसी के साथ मारपीट न करें, यह कानूनन अपराध है।



## रिटायर्ड बीएसएल कर्मियों ने भेदभाव का लगाया आरोप

**बोकारो।** आवास बचाओ संघर्ष समिति बोकारो के द्वारा एक दिवसीय सामूहिक भूख हड़ताल किया गया। यह भूख हड़ताल सेक्टर 12 में रहने वाले रिटायर्ड बीएसएल कर्मियों के द्वारा किया गया। जिनकी उम्र 70 से 80 वर्ष बीच है। बोकारो स्टील प्रबंधन के द्वारा सेक्टर 12 में डैमेज घोषित किए गए आवास से लोगों को निकालने का निर्देश जारी किया गया। जिसके लिए प्रबंधन के द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है।

संघर्ष समिति के सदस्यों का कहना है कि बोकारो स्टील प्रबंधन सेक्टर 12 में रहने वाले लोगों के साथ भेदभाव कर रहा है।

बोकारो स्टील प्रबंधन के द्वारा ही दूसरे सेक्टर में रिपेयर का काम पूरा हो चुका है।

# पॉल्यूशन सेंटर में 50 हजार नगद सहित कई सामान की चोरी

नवीन मेल संवाददाता



**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक के निकट पॉल्यूशन सेंटर में रविवार देर रात्रि को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और संचालक सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की एवं थाने में घटना की लिखित शिकायत देने की बात कही। मिली जानकारी के मुताबिक पॉल्यूशन सेंटर संचालक संजय मिश्रा बीती रात्रि अपना कार्यालय बंद कर घर चले गये थे और सोमवार की सुबह जब उन्होंने अपना कार्यालय का मुख्य दरवाजा खोला तो वहां का नजारा देख कर हैरान हो गये। उन्होंने घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी। संजय मिश्रा ने बताया कि चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखी अलमारी तोड़कर 50 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप, गिफ्ट के लिए रखी गई सोने की बाली और कई जरूरी दस्तावेज चुरा लिए। शहर के बीचो बीच मुख्य सड़क पर कार्यालय में चोरी होने को लेकर स्थानीय लोग व व्यवसायी पुलिस की रात्रि गश्ती पर सवाल उठा रहे हैं।

## स्वर्णरेखा नदी से अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सोनारी थाना क्षेत्र से होकर बहने वाली स्वर्णरेखा नदी से सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों ने नदी में शव देखे जाने की सूचना तत्काल पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार, सुबह कुछ लोगों ने नदी किनारे एक शव को तैरते हुए देखा।

सूचना मिलते ही सोनारी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस द्वारा शव को सुरक्षित रखकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्रों से भी संपर्क कर हाल ही में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान किया जा रहा है।

## जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) हजारीबाग के न्यास परिषद की बैठक

# खराब पड़ी मशीनों और सामान की मरम्मत कर सदुपयोग में लाने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट हजारीबाग के न्यास परिषद की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, माननीय सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, य बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो एवं उपविकास आयुक्त रिया सिंह सहित कई वरीय पदाधिकारी सहित मुखिया एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में डीएमएफटी मद के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं एवं पूर्व की न्यास परिषद के बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा और नए योजनाओं की स्वीकृति हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी के द्वारा डीएमएफटी मद के द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित एवं संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को खराब पड़े चापानलों का सर्वे कराते हुए मरम्मती कराने एवं आवश्यक पेयजल सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया गया। सभी मुखिया को भी इस संबंध में सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही नगर निगम के खराब पड़े मशीनों एवं सामानों को मरम्मती कराकर सदुपयोग में लाने का निर्देश दिया गया इस विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड के तहत पठन पाठन का कार्य किया जाएगा। आवासीय स्कूल में विस्थापित परिवारों के बच्चों को भी पढ़ने की अनुमति दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि सभी प्रखंडों में बनने वाले लायब्रेरी के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है।

बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि डीएमएफटी मद के द्वारा खरीदे गए सभी सामग्रियों को संचालन नियमित रूप से होने चाहिए। दिव्यांग लोगों को ट्राई साइकिल वितरण करने के संबंध में भी आवश्यक विचार विमर्श किया गया। बैठक में हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आम लोगों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक कदम उठाने को लेकर गंभीर रूप से विचार विमर्श किया गया।

जिस पर उपायुक्त न कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान में शिफ्ट किया जाएगा। उक्त क्षेत्रों में मल्टीपसपर हॉल का निर्माण कराई जाएगी।

## जीवभाव से शिवभाव की ओर जाना ही सच्ची प्रगति : आचार्य सिद्धविद्यानंद

**पूर्वी सिंहभूम।** आनन्दमार्ग प्रचारक संघ की ओर से आयोजित द्वितीय संभागीय सेमिनार के अंतिम दिन सोमवार को वरिष्ठ आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत ने कहा कि वास्तविक प्रगति वही है, जिसकी गति शुभ की ओर हो। वह प्रगति और पंचवेदनाएं विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवभाव से शिवभाव की ओर जाना ही सच्ची प्रगति है। आचार्य ने बताया कि प्रगति चार स्तरों—भौतिक, बौद्धिक, मानसाध्यात्मिक और विशुद्ध आध्यात्मिक में समझी जा सकती है।

# कोरियाडीह में कुएं से 17 वर्षीय छात्रा का शव मिला

**बरही।** धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह गांव में लापता 17 वर्षीय किशोरी का शव गांव में स्थित कुएं से बरामद होने के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतका की पहचान लक्ष्मी कुमारी (17), पिता रूपचंद महतो के रूप में हुई है। वह हाल ही में मैट्रिक परीक्षा देकर घर पर रह रही थी। परिजनों के अनुसार बीते गुरुवार शाम वह घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली। सोमवार को गांव से लगभग 500 मीटर दूर स्थित करीब सात फीट चौड़े और 15 फीट गहरे पानी से भरे कुएं में एक किसान ने पानी निकालते समय शव को तैरता देखा। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस को खबर दी गई।

ग्रामीणों की सहायता से रस्सी के सहारे शव बाहर निकाला गया। सूचना पर पुलिस अवर निरीक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, पृथ्वी हरिजन, राजबल्लभ कुमार एवं ग्रामीण पुलिस गणेश यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां से अंत्यपरीक्षण हेतु हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया ।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 40/2025–26

दिनांक 27/02/2026

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर निगम | बड़कागांव पथ भाया खिरगांव स्वास्थ्य केन्द्र होते हुए कब्रिस्तान चौक तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 6200000.00 | 10000.00 | 124000.00 | तीन माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 09.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 10.03.26 से 18.03.2026 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.03.2026 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 373964 District(25-26).D


## कोनरा पंचायत भवन में बैंक ऑफ़ इंडिया का विशेष ई-केवाईसी शिविर संपन्न



**बरही।** कोनरा पंचायत भवन में बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा बीमा योजनाओं से संबंधित विशेष ई-केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक ऑफ़ इंडिया के अधिकारी प्रवीण कुमार एवं कोनरा के सीएसपी संचालक जयदीप कुमार सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान बैंक अधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में मात्र 20 वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 वार्षिक प्रीमियम पर प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में 2 लाख का बीमा लाभ प्रदान किया जाता है। बैंक अधिकारी ने इन योजनाओं को किफायती और लाभकारी बताते हुए पात्र ग्राहकों से अनिवार्य रूप से जुड़ने की अपील की। शिविर के दौरान लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा से संबंधित ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराई। इस अवसर पर सविता कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## कॉलेज हॉस्टल में रसायन शास्त्र के शिक्षक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र स्थित बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रावास में रविवार देर रात एक शिक्षक का शव मिलने से पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 44 वर्षीय डॉ। अभिनंदन मखाल के रूप में हुई है, घटना के बाद कॉलेज प्रबंधन, छात्र और स्थानीय लोग स्तब्ध हैं। जानकारी के अनुसार, देर रात तक कमरे से कोई हलचल नहीं होने पर सहकर्मियों को आशंका हुई जब दरवाजा खोला गया तो डॉ. मखाल को अचेत अवस्था में पाया गया, लेकिन अभी पता नहीं चल सका है।

# दुकान का ताला तोड़कर 40 पेटी शराब व नकदी की चोरी

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने थाना से महज आधा किलोमीटर दूर बाजार इलाके में स्थित एक विदेशी शराब दुकान में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर शटर का ताला तोड़कर लाखों रुपये मूल्य की शराब और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का खुलासा सोमवार सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब पगदा निवासी सेल्समैन नेपाल महतो रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे। शटर टूटा देख वे हतप्रभ रह गए। अंदर जाकर देखा तो करीब 40 पेटी विदेशी शराब गायब थी, जबकि काउंटर में रखे लगभग एक लाख 80 हजार रुपये नकद भी चोरी हो चुके थे। उन्होंने तत्काल बोड़ाम थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया गया।

नेपाल महतो के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। नेपाल महतो ने पुलिस को बताया कि रविवार देर रात दुकान बंद कर वे घर चले गए थे। उसी रात बिजली आपूर्ति बाधित रही और दुकान का इनवर्टर भी खराब था, जिसके कारण सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर सके।


## कार्यालय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मरकच्चो (कोडरमा)

### वाहन मासिक किराये पर रखने संबंधी अति अल्पकालीन निविदा

उप विकास आयुक्त, कोडरमा के ज्ञापांक वाहन/VII-01/2026, 36/जि0ग्रा0वि0शा0, दिनांक:–10.01.2026 के द्वारा प्रखण्ड कार्यालय मरकच्चो में अबुआ आवास योजना सहित अन्य आवास योजना तथा केन्द्र एवं राज्य स्तरीय योजनाओं में क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण, अनुश्रवण हेतु अबुआ आवास योजना के आकस्मिकता मद से बाह्य स्त्रोत पर माह फरवरी 2026 से जनवरी 2027 तक अथवा विभागीय वाहन प्राप्त होने तक का आदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में प्रखण्ड कार्यालय मरकच्चो में बाह्य स्त्रोत के माध्यम से एक बोलेरो/बोलेरो नियो/समकक्ष वाहन डाईवर सहित अगले आदेश तक रखने हेतु द्विलिफाफा पद्वति के तहत निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति संलग्न निविदा भार्त के अनुरूप वाहन, ईंधन, चालक सहित उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक हो वे अपने निविदा प्रखण्ड कार्यालय, मरकच्चो में दिनांक 10/03/2026 के पूर्वाह्न 11:30 बजे तक जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 10.03.2026 को अपराह्न 3:00 बजे प्रखण्ड कार्यालय, मरकच्चो के सभागार में खुलेगी जिसमें निविदादाता/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रखण्ड कार्यालय, मरकच्चो के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
मरकच्चो।

PR.NO.374057 District(25-26):D


# झाड़-फूंक के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपित ओझा गिरफ्तार



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में झाड़-फूंक के बहाने घर पहुंचे एक ओझा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित ओझा पाण्डे नाग (57) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, हाट करंजिया निवासी फुलमती हेस्सा ने अपने बेटे की बीमारी के इलाज के लिए तोडांगहातु (मुंडासाई) निवासी ओझा पाण्डे नाग को घर बुलाया था। झाड़-फूंक की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ओझा ने फुलमती और उसके बेटे को तालाब में विसर्जन के लिए भेज दिया। इसी दौरान घर में अकेली रह गई फुलमती की नाबालिग बेटी को आरोपित ने डराया-धमकाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। तालाब से लौटने पर पीड़िता ने अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद मां-बेटी तत्काल जगन्नाथपुर थाने पहुंचीं और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 01 मार्च को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर गठित टीम ने 02 मार्च को छापेमारी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## खाड़ी 'युद्ध' से डरे हुए हैं गिरिडीह के कई परिवार

**गिरिडीह।** खाड़ी देश में लगातार युद्ध जारी है। बमबाजी हो रही है। नुकसान हो रहा है, कइयों की जान चली गई है। इन सबों के बीच गिरिडीह के अलग-अलग प्रखंड में रहने वाले वैसे लोग डरे हुए हैं, जिनके घरवाले रोजगार के लिए खाड़ी देश के अलग-अलग स्थानों पर रह रहे हैं। गिरिडीह शहर से भी दो भाई पिछले कुछेक साल से आबूधाबी और दुबई में हैं। शहर के वार्ड नंबर 16 अंतर्गत आजाद नगर के रहने वाले सन्नी और उनका भाई शम्मी भी खाड़ी देश में हैं। सन्नी आबूधाबी में हैं तो शम्मी दुबई में। सन्नी अकाउंट का काम देखते हैं तो शम्मी बैंक में हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

mail-rdsdgumla123@gmail.com

### अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/21/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी : (अनाबद्ध निधि मद)

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of R.C.C. Culvert and R.C.C. drain with slab at Murli Bagaicha from Suraj Oraon house to Jalminar & from Ashok Mashukar house to Asha Devi house, Block- Gumla, District- Gumla. | 16,56,600.00 | 33,200.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | CONSTRUCTION OF 4 ACR AT GMS RAJENDRA ABHYAS MS **GUMLA.** DISE CODE 20160819506 | 45,74,700.00 | 91,500.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 3 | CONSTRUCTION OF 4 ACR AT GBMS **BASIA.** DISE CODE 20161104603 | 45,74,700.00 | 91,500.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 4 | Construction of 02 ACR at UPG PS **CHAPAJHARIY**A, DISE Code- 20160407202 | 24,87,200.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 04 माह |
| 5 | Construction of 02 ACR at Rajyakrit Upgraded Middle School **GHORATANGAR**, DISE Code20160208701 | 24,87,200.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 04 माह |
| 6 | Construction of 02 ACR at GPS **KOINARA**, DISE Code-20160812702 | 24,87,200.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 04 माह |
| 7 | Construction of 02 ACR at GPS **FASIA**, DISE Code-20160813201 | 24,87,200.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 04 माह |
| 8 | Upgradation/ Renovation of UPGRADED PRIMARY SCHOOL BANDHTOLL. | 17,74,400.00 | 35,500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | CONSTRUCTION OF 65 NOS G.C.I SHOP AT THE LAND OF BIRSA MUNDA AGRO PARK -II BEHIND TOURISM BUILDING UNDER GUMLA SADAR | 79,53,400.00 | 1,60,000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 10 | CONSTRUCTION OF HIGH MAST LIGHT, WATER SUPPLY WORK, BRICK DRAIN & COMMON TOILET AT THE LAND OF BIRSA MUNDA AGRO PARK -II BEHIND TOURISM BUILDING UNDER GUMLA SADAR | 31,68,600.00 | 63,400.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –10.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 16.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.03.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 373929 Rural Development (25-26)_D



## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल धुर्वा, रॉची।

### अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/104/2025-26** दिनांक–02/03/2026

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | झारखण्ड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा रॉची में अधिष्ठापित विद्युतीय उपकरण, पैनल, परिसर लाईट एवं 11 अदद् लिफ्ट, 6 अदद् 200 के0वी0ए0, 1 अदद् 250 के0वी0ए0 1 अदद् 500 के0वी0ए0 जनित्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 1,80,66,474=00 | 10,000=00 | 3,62,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.03.2026 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 13.03.2026 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 20.03.2026 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 23.03.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/**electricalexecutiveengineerewd@gmail.com** | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉची।

PR 374022 Energy(25-26)D

विचार प्रवाह

जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# मामूली अहंकार से बढ़ते युद्ध और बर्बादी की नई कहानी

इंडिया



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

प्रथम विश्व युद्ध जो 28 जून 1914 को बोस्नियाई सर्ब राष्ट्रवादी गैवरिलो प्रिंसिप ने ऑस्ट्रो-हंगरी के सिंहासन के उत्तराधिकारी आर्चड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड और उनकी पत्नी सोफी की हत्या कर दी तब शुरू हुई थी। इस हत्या को प्रथम विश्व युद्ध का उत्प्रेरक माना जाता है, लेकिन यह युद्ध का एकमात्र कारण नहीं था। प्रथम विश्व युद्ध के फैलने के कई परस्पर जुड़े कारक थे। अकेले इन कारकों से इतने बड़े पैमाने पर युद्ध छिड़ना संभव नहीं था। ब्रिटिश साम्राज्य के सदस्य के रूप में, ऑस्ट्रेलिया ने यूनाइटेड किंगडम (यूके) का समर्थन करने के लिए युद्ध में भाग लिया। अंततः इस युद्ध में यूरोपीय साम्राज्यों से बाहर के देश, जैसे जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) भी शामिल हो गए। मामूली से अहंकार और सत्ता की लड़ाई से शुरू होकर 90 लाख लोगों की बलि लेकर समाप्त हुआ तो दूसरे विश्व युद्ध 1 सितंबर 1939 को एडॉल्फ हिटलर के नेतृत्व में जर्मनी का पोलैंड पर आक्रमण में विस्तारवादी अहंकार से शुरू हुआ था जिस व्यर्थ की लड़ाई में फिर एक बार मानव रचित समृद्धि नष्ट की गई परमाणु बमों से नागासाकी और हिरोशिमा पर अमिट छाप पड़ गई।दोनों युद्धों में यूरोपीय महाशक्तियों के आपसी अहंकार और भू-राजनीतिक वर्चस्व और गठबंधन की नीतियों ने स्थानीय संघर्ष को वैश्विक युद्ध में बदल दिया। कितने निर्दोष मारे गए कितने बच्चे अनाथ हुए इसकी चिंता और कारणों पर चिंतन के बजाय रूस यूक्रेन के चार वर्ष पुराने युद्ध के बाद अब ईरान पर अमेरिकी इजरायली हमले उसी बर्बादी और बर्बरता की कहानी लिख रहे हैं ।अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की मौत के बाद ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की इतिहास का सबसे खतरनाक हमला करने की धमकी और फिर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पलटवार की चेतावनी से साफ है कि यह युद्ध तुरंत खत्म नहीं होने वाला है। इससे दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर तो असर पड़ेगा ही, इसने भारत के लिए भी कूटनीतिक एवं आर्थिक चुनौती पैदा कर दी है। हमलों की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरान ने बंद कर दिया है, जिससे दुनिया भर की तेल व गैस आपूर्ति का करीब 20 फीसदी हिस्सा गुजरता है। अगर यह लड़ाई लंबी चलती है, तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति घट जाएगी और उसकी कीमतें आसमान छूने लगेंगी। यही नहीं, इस जंग की वजह से वैश्विक शेयर बाजार में भी उथल-पुथल की आशंका है, जो इस साल ट्रंप के टैरिफ और तकनीकी क्षेत्र में भारी बिकवाली की वजह से पहले ही बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव देख चुका है। इससे वित्तीय बाजार पर भी भारी असर पड़ सकता है, क्योंकि शेयर बाजार के अस्थिर होने पर निवेशक सोने-चांदी की तरफ रुख करेंगे, जिसकी कीमत रिकॉर्ड स्तर पर रही है। ईरान ब्रिक्स का एक महत्वपूर्ण सदस्य है, जिसकी अध्यक्षता अभी भारत के पास है, ऐसे में इस युद्ध से भारत के लिए असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसलिए हमेशा से शांति और संवाद के समर्थक भारत ने उचित ही कहा है कि 'तनाव कम करने और संबंधित मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाया जाना चाहिए तथा सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।' चूंकि खाड़ी क्षेत्र में बहुत से भारतीय रहते हैं और खाड़ी देशों से हमारे व्यापारिक रिश्ते भी हैं, इसलिए भारत की चिंता स्वाभाविक है। खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ने से उस क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और उनके द्वारा भेजे जाने वाले धन के प्रवाह पर भी असर पड़ सकता है। विदेश मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी करके उस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। हालांकि भारत ईरान से तेल आयात नहीं करता, लेकिन भारत में तेल होर्मुज स्ट्रेट से ही होकर आता है, जिसके बाधित होने पर देश में ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने के साथ पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ेंगी और उससे राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है। भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों की रक्षा, ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना और दोनों पक्षों के साथ अपने हितों को संतुलित रखना है। इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में भारत ने सभी पक्षों से संयम, संवाद और कूटनीति की राह पर लौटने की जो अपील की है, उसकी गंभीरता समझी जा सकती है।अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमले के चलते ईरान पर लगातार बम गिराए जा रहे हैं। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, शनिवार को शुरू हुए हमलों के घोषित उद्देश्य ईरानी शासन को पलटना, उसकी सेना को नष्ट करना और उसकी परमाणु क्षमता को समाप्त करना है। लेकिन यह समझना मुश्किल नहीं है कि भले ही अमेरिका और इस्राइल इन घोषित लक्ष्यों को हासिल कर लें, फिर भी ईरानियों को निकट भविष्य में शांति और स्थिरता मिलने वाली नहीं है। एक वीडियो संदेश में, ट्रंप ने ईरानियों से कहा कि 'आपकी आजादी की घड़ी आ गई है,' और जब अमेरिका अपना काम पूरा कर लेगा, तो 'सरकार आपकी होगी।' लेकिन ईरान के एक अधिक स्वतंत्र समाज के रूप में उभरने, और करोड़ों ईरानियों के रहने के लिए सही जगह बनने की संभावना कम ही है।आगे क्या होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। लेकिन, इतिहास बताता है कि सैन्य अभियान के बाद जिन देशों पर हमला हुआ, उनके साथ क्या हुआ, और हम उनसे सबक ले सकते हैं। वर्ष 2019 में, रैंड कॉरपोरेशन ने एक अध्ययन प्रकाशित किया, जिसमें दुनिया भर में अमेरिकी सैन्य दखल के सैकड़ों मामलों की पड़ताल की गई। लेखकों ने तीन बड़े कारकों की पहचान की, जो यह तय करते हैं कि जिस देश पर हमला किया जाता है, वह अंततः बेहतर स्थिति में रहता है या नहीं।पहली वजह थी पहले से मौजूद जातीय और धार्मिक तनाव। अमेरिकी हमले के बाद इराक में अफरा-तफरी की एक बड़ी वजह यह थी, और इसी वजह से जापान को दूसरे विश्वयुद्ध के बाद सामाजिक एकता वापस लाने में मदद मिली। पश्चिम एशिया के ज्यादातर देशों के मुकाबले, ईरान लंबे समय से काफी हद तक एकजुट समाज रहा है, जिसका एक कारण सदियों से स्थिर रही सीमाएं हैं। पर इस्लामी गणराज्य द्वारा जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ 47 साल की सरकारी हिंसा ने लंबे समय से दबी हुई दरारों को जगा दिया है, जिससे हमले के बाद सांप्रदायिक खून-खराबे का खतरा काफी बढ़ गया है। दूसरी वजह थी भरोसेमंद राजनीतिक संस्थाओं का होना, खासकर सक्रिय सरकारी एजेंसियां जो देश को स्थिर कर सकें या युद्ध के समय मानवीय राहत का संचालन कर सकें। ईरान में, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुनियोजित तरीके से खोखला करना और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली वर्ग पर लोगों के गहरे अविश्वास ने उन ढांचों को काफी हद तक बेअसर बना दिया है।

# 'अयातुल्ला खामेनेई के बाद भारत के सामने बहुआयामी संतुलन की चुनौती'

आज की बात



**केदारनाथ दास**

> **ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने पहले ही अपने राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानीको अपना उत्तराधिकारी घोषित कर रखा है फिर भी अभी जब खामनेई नहीं हैं तो देश के तमाम संवैधानिक संस्थाओं की सक्रियता पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।**



अमेरिका और इजरायल के द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई के दौरान अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अब ईरान के इस सुप्रीम लीडर के लिए वहां चालीस दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी गई है। यह वही ईरान है जहां बहुसंख्यक आबादी शिया मुसलमानों की है और खामेनेई की पहचान शियाओं के सबसे बड़े नेता की रही है। ऐसे में उनकी मौत से ईरान में स्वाभाविक रूप से मातम पसरा हुआ है और आक्रोशित लोग मस्जिदों में इकट्ठा होकर शोक भी मना रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस शिया धर्मगुरु के शोक में आक्रोश का नजारा अब ईरान व शिया मुस्लिमों की सीमाओं से बाहर निकलकर सुन्नी मुसलमानों सहित समूचे इस्लामिक देशों में पसर चुका है। इन रिपोर्टों की मानें तो जिस तरह से इस्लामी दुनिया में आक्रोश, मातम और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं की बातें सामने आ रही हैं उससे फौरी तौर पर पश्चिम एशिया और वैश्विक शक्ति-संतुलन पर एक बड़ा असर पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

यह सही है कि खामेनेई जैसे किसी भी शीर्ष नेतृत्वकर्ता की मृत्यु या हत्या की पुष्टि होती है तो प्रारम्भिक चरण में आक्रोश, शोक और राजनीतिक बयानबाजी आदि स्वाभाविक रूप से देखने को मिलती है। ऐसे में सवाल यह उठ रहे हैं कि मातम और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के बाद पूरा घटनाक्रम आखिर किस दिशा में जाता है? पूरे संदर्भ की चर्चा करें तो इसके पहले चरण में ईरान के आंतरिक सत्ता संतुलन पर बात आकर टिक जाती है। ईरान की राजनीतिक संरचना में सर्वोच्च नेता का पद केंद्रीय महत्व का होता है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने पहले ही अपने राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानीको अपना उत्तराधिकारी घोषित कर रखा है फिर भी अभी जब खामेनेई नहीं हैं तो देश के तमाम संवैधानिक संस्थाओं की सक्रियता पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

यदि ये संस्थाएँ खामेनेई की इच्छा के अनुरूप संगठित व सक्रिय बनी रहती हैं तो सत्ता हस्तांतरण का पूरा मामला शांतिपूर्ण रह सकता है अन्यथा देश में पहले से कायम गुटबाजी, विरोध प्रदर्शन या अस्थिरता के बढ़ते चले जाने की संभावना बन सकती है। इस मामले का दूसरा आयाम क्षेत्रीय अस्थिरता का भी है जबकि पश्चिम एशिया पहले से ही एक संवेदनशील भू-राजनीतिक संतुलन पर टिका हुआ है। ऐसे में इस तरह के बाहरी हस्तक्षेप के कारण हुई मौत से अब प्रतिशोधात्मक बयान या सीमित सैन्य प्रतिक्रिया की आशंका, अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार, समुद्री मार्गों के उपयोग और क्षेत्रीय गठबंधनों पर दबाव की संभावना से किसी को कोई इंकार नहीं है। इसी तरह एक पहलू वैश्विक कूटनीति का भी है जब इस सैन्य कार्रवाई और खामेनेई की मौत का संदर्भ संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर जांच, निंदा प्रस्ताव या शांति की अपील के रूप में सामने आ सकती है और फिर अपने हितों के अनुरूप महाशक्तियों की प्रतिक्रिया के बीच अंततः ध्रुवीकरण के बढ़ते चले जाने की संभावना बनने लगेगी। यह एक ऐसी स्थिति है जब न चाहते हुए भी भारत तटस्थ नहीं रह सकता है और उसे उर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय संपर्क और रणनीतिक समझ की चुनौती से दो चार होना पड़ेगा। भारत अतीत में ईरान के कच्चे तेल का महत्वपूर्ण आयातक रहा है। पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ने पर अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव संभव है। इसका सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था और महंगाई पर पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त भारत की मध्य एशिया तक पहुँच की रणनीति का हिस्सा समझे जाने वाले चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC) जैसी परियोजनाओं पर भी इसका सीधा असर पड़ सकता है। इतना ही नहीं, परंपरागत रूप से भारत "रणनीतिक स्वायत्तता" और "अहस्तक्षेप" के सिद्धांतों पर चलता रहा है।

ऐसे में, खामेनेई पर सैन्य हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत सैद्धांतिक रूप से बाध्य होगा। यह एक ऐसा पेंच है जब आंतरिक मजहबी प्रबंधन, क्षेत्रीय ध्रुवीकरण, बहुपक्षीय सहयोग, खाड़ी देशों में सुरक्षा चिंता के उभार और अमेरिका इजरायल का ईरान के साथ तनाव में उत्तरोत्तर वृद्धि की आशंका, उर्जा आपूर्ति, पश्चिमी एशिया में कार्यरत भारतीयों की सुरक्षा आदि कई मामले सामने होंगे और भारतीय रणनीतिकारों को संवाद, देश की घोषित नीति व व्यावहारिक दृष्टिकोण में संतुलन बनाए रखने की एक बड़ी चुनौती से दो चार होना पड़ेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# ईश्वर की इच्छा में स्वयं को ढालना ही आध्यात्मिकता का रहस्य



**स्वामी चिन्मयानंद**

उन्होंने अपने हृदय में यह जानकर फिर से सोने का निर्णय लिया कि उन्हें सदैव सुरक्षा प्राप्त होगी। आखिरकार, उन्होंने स्वयं श्री कृष्ण को चुना तथा अपने जीवन का सारथी बना लिया था। इसी कारण श्री कृष्ण को पार्थसारथी कहा जाता है। जीवन में केवल दो विभाग हैं: एक है 'चिंता' विभाग तथा दूसरा है 'उपासना' विभाग। यदि हम लगातार यह सोचकर चिंता करते रहें कि भविष्य में क्या होगा, तो हमारी सारी ऊर्जा समाप्त हो जाती है; हम सभी संभावित परिणामों की कल्पना में उलझकर दुःखी हो जाते हैं तथा वर्तमान क्षण का आनंद नहीं ले पाते। जब हम चिंता कर रहे हैं, तब निश्चित रूप से हम भक्ति नहीं कर रहे हैं। यद्दपि, जब हम भक्ति करते हैं तथा सब कुछ ईश्वर को समर्पित करते हैं, तब कोई चिंता नहीं रहती क्योंकि ईश्वर अपने भक्तों की सदैव रक्षा करने का वचन देते हैं। ईश्वर महान हैं - अन्ततः कार्य उनकी ही इच्छाशक्ति से पूर्ण होते हैं, हमारी नहीं। उनकी इच्छा के समक्ष स्वयं को ढालना ही समस्त आध्यात्मिक जीवन का रहस्य है। हमारे इष्टदेव हमारे सभी ईमानदार तथा सच्चे प्रयासों में निरन्तर हमारी "अद्भुत अनुरक्ति" बने रहें। रक्षा करने वाले तथा पालनहार हैं केवल वही हमारी अतः शांत रहें। हमने ऊपर यह देखा है कि जो दिव्य नियंता है वो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की प्रक्रियाओं की देखभाल करता है। एक वैश्विक बुद्धिमत्ता है जो सब कुछ सही ढंग से संचालित करती है - यह सुनिश्चित करती है कि सभी की देखभाल हो। तो हमें क्यों चिंता करनी चाहिए? वास्तव में, जब हम चिंता करते हैं, यह ईश्वर का अपमान है! यह वैश्विक बुद्धिमत्ता का अपमान है। *-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# जब जीवन बन जाए रंगों का उत्सव

अलग बात



**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

यह संसार रंगों से भरा हुआ है। प्रकृति की तरह ही रंगों का प्रभाव हमारी भावनाओं और संवेदनाओं पर पड़ता है। जैसे क्रोध का लाल, ईर्ष्या का हरा, आनंद और जीवंतता का पीला, प्रेम का गुलाबी, विस्तार के लिए नीला, शांति के लिए सफेद, त्याग के लिए केसरिया और ज्ञान के लिए जामुनी। प्रत्येक मनुष्य स्वयं रंगों का एक फव्वारा है।

पुरानी कथाओं में हिरण्यकश्यप अपने अहंकार में डूबा हुआ था और स्वयं की महिमा चाहता था, जबकि उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। उसने प्रह्लाद को बदलने के अनेक प्रयास किए। अपनी बहन होलिका के साथ उसे अग्निकुंड में बैठा दिया, लेकिन होलिका जल गई और प्रह्लाद सुरक्षित बच गया। प्रह्लाद की भक्ति में इतनी गहराई थी कि उससे पूर्व के सभी कर्म, संस्कार और उनके प्रभाव मिट जाते हैं।

यदि प्रतीक रूप में देखें तो हिरण्यकश्यप स्थूलता और भौतिकता का प्रतीक है, जबकि प्रह्लाद भोलेपन, आनंद और श्रद्धा का। चेतना को भौतिकता तक सीमित नहीं किया जा सकता। हिरण्यकश्यप सब कुछ भौतिक साधनों से प्राप्त करना चाहता था, परंतु जीवन केवल भौतिक नहीं है। हर जीव भौतिकता से परे है और वही नारायण का क्षेत्र है। होलिका भूतकाल की प्रतीक है, जबकि प्रह्लाद वर्तमान के आनंद का। प्रह्लाद की भक्ति ही उसे निरंतर आनंद में स्थित रखती थी। जब जीवन में आनंद होता है तो जीवन स्वयं एक उत्सव बन जाता है। भावनाएँ हमें अग्नि की तरह जला सकती हैं, लेकिन यदि वही भावनाएँ रंगों की फुहार बन जाएं तो जीवन सार्थक हो जाता है।

अज्ञान में भावनाएं कष्टदायक होती हैं, पर ज्ञान में वही भावनाएं जीवन में रंग भर देती हैं। जीवन रंगों से भरा होना चाहिए, न कि उबाऊ। जीवन में हम कई भूमिकाएं निभाते हैं। उन भूमिकाओं और उनसे जुड़ी भावनाओं का स्पष्ट होना आवश्यक है, अन्यथा संघर्ष निश्चित है। यदि आप घर में पिता की भूमिका निभा रहे हैं, तो उसे कार्यस्थल पर नहीं निभा सकते। जब हम जीवन की विभिन्न भूमिकाओं को आपस में मिला देते हैं, तब उलझनें पैदा होती हैं और गलतियाँ होने लगती हैं।

जीवन में जो भी आनंद आप अनुभव करते हैं, वह आपके भीतर से ही आता है। जो आपको जकड़े हुए है, उसे छोड़ दें। जब आप शांत होकर बैठते हैं, तो वह ध्यान बन जाता है। ध्यान में आपको गहरी नींद से भी अधिक विश्राम मिलता है, क्योंकि उस समय आप इच्छाओं से परे होते हैं। यह मस्तिष्क को गहरी शीतलता देता है और आपके तंत्रिका तंत्र को सुदृढ़ करता है, उसे नया जीवन प्रदान करता है। उत्सव चेतना का स्वभाव है, और जो उत्सव मौन से उत्पन्न होता है, वही वास्तविक होता है। यदि उत्सव के साथ पवित्रता जुड़ जाए, तो वह पूर्ण हो जाता है। केवल शरीर और मन ही उत्सव नहीं मनाते, बल्कि चेतना भी उत्सव मनाती है। इसी अवस्था में जीवन सचमुच रंगों से भर उठता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

बरस गये तकते हुए, चैत, जेठ, अषाढ़।
फागुन में लेने लगे, पिचकारी की आड़।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# उम्माह ने ईरान के खत्म होने पर दांव क्यों लगाया?

विदेश की बात



**संजय मद्रासी पांडे**


क्या है राज उम्माह की चुप्पी का? भाइयों की चुप्पी-उनमें से 56 - जिन्होंने चुपचाप अपना चेहरा फेर लिया है। ईरान खून से लथपथ है; उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई चले गए हैं- जिसे वे सटीक न्याय कहते थे । अमेरिकी और इज़राइली जेट ने तेहरान और उसके आगे के हिस्सों को गड्ढों में बदल दिया है और बदले में मिसाइलें और ड्रोन अमेरिकी बेस पर, खाड़ी की धरती पर-सऊदी अरब, यूएइ, कतर, बहरीन, कुवैत पर बरस रहे हैं। दुबई, अबू धाबी, दोहा और मनामा में धमाकों की गूंज है। साइप्रस के पास हमलों, होर्मुज स्ट्रेट में टैंकरों के टकराने की भी खबरें हैं।और फिर भी... मुस्लिम देशों के बीच चुप्पी क्यों है ? लगभग कुछ नहीं, सिवाय यहां एक विनम्र डिप्लोमैटिक आहट के, वहां "संयम" की अपील के। 'संयम' वह पसंदीदा शब्द है जब कोई अपने हाथों पर खून नहीं चाहता। सऊदी अरब-दो पवित्र जगहों का सोने का पानी चढ़ा कस्टोडियन, जिसके तेल से ग्लोबल इंजन चलता है-नपे-तुले शब्द बोलता है, और कुछ नहीं। यूएइ, बहरीन, कतर, खाड़ी के किनारे के मोती उगाने वाले देशों ने इतने सोच-समझकर बयान दिए हैं कि वे किसी फाइव-स्टार पार्टी में नैपकिन की तरह काम आ सकते हैं। उनकी जमीन पर हमला? हाँ, रेत में गड्ढे, बाहर से आए लोगों के लिए डर का माहौल है । लेकिन किसी ने दामन नहीं थमा। कोई भाईचारा नहीं दिखाया। कोई जेट गुस्से में नहीं उड़ा। याद है वह समझौता? पिछले सितंबर में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच कितनी धूमधाम से साइन हुआ था: "सऊदी पर हमला पाकिस्तान पर हमला है।" उन्होंने इसे पक्का कहा था। अब यह कहाँ है? रेगिस्तान की हवा में घुल गया है? या चुपचाप "सिर्फ सिंबॉलिक है, प्लीज़ इसे लागू न करें" के नाम पर रख दिया गया है? तो यह बड़ी शांति क्यों? क्योंकि खेल बहुत पहले ही बदल गया था। ईरान कभी प्यारा बड़ा भाई नहीं था। यह वही परेशान करने वाला भाई था जो हमेशा माहौल बिगाड़ता रहता था-लेबनान में हिज़्बुल्लाह, यमन में हूती, इराक और सीरिया में भूतों सी शांति ।सुन्नी राज ने शिया नवोदित को बहुत बड़े सपने देखने, बहुत दूर तक जाने के लिए कभी माफ़ नहीं किया। अब, असद के दमिश्क से चले जाने, हिज़्बुल्लाह के बुरी तरह हारने, हूती के शांत हो जाने के बाद, ईरान अकेला खड़ा है-एक घायल बाघ एक ऐसे घेरे में जहां देखने वालों ने पहले ही उसकी मौत पर शर्त लगा ली है। वे कहते हैं कि एक कमज़ोर तेहरान बेहतर है, एक टूटे हुए तेहरान से जो सीमाओं पर शरणार्थियों की बाढ़ ला सकता है और तेल को नामुमकिन ऊँचाई तक बढ़ा सकता है। स्थिरता नया देवता है। और वाशिंगटन और तेल अवीव? वे इसकी ऊंची मेज़ पर बैठते हैं। लेकिन अपनी आंखें पूरब की ओर, अरब सागर के पार घुमाएँ, और सुनें। वहाँ गुस्सा ज़िंदा है, उबल रहा है। करांची की तंग गलियों में, ढाका की भीड़ भरी सड़कों पर, हैदराबाद के पुराने इलाकों में-वे पुतले जलाते हैं, वे तब तक नारे लगाते हैं जब तक आवाज़ें टूट न जाएँ। अमेरिका, इज़राइल... और हाँ, भारत भी। नाम एक लंबे श्राप में बंधे हुए हैं। इस लिस्ट में इंडिया क्यों? क्योंकि इस जोश में, दिल्ली भी उसी धुरी पर आ गया है-नेतन्याहू से हाथ मिलाना, गाजा के धूल में मिलने पर चुप्पी। और अब यह: बड़े पड़ोसी को उस मशीन का हिस्सा माना जा रहा है जो वफ़ादारों को पीसती है। पाकिस्तान में वे मार्च करते हैं-जमात-ए-इस्लामी सबसे आगे-क्योंकि जब खजाना खाली हो जाता है तो गुस्सा ही एकमात्र करेंसी बचती है। बांग्लादेश में, स्टूडेंट्स और इस्लामिस्ट्स को अचानक एक कॉमन ग्राउंड मिल जाता है: इंडिया-विरोधी, वेस्ट-विरोधी, किसी भी ऐसे मकसद का सपोर्ट जो मुस्लिमों का खून बहाएं। यहाँ इंडिया में, शिया जुलूस बढ़ते हैं, खामेनेई के गम में। फिर भी सरकारें जमी रहती हैं। पाकिस्तान के शहबाज़ शरीफ़ रियाद के लिए संवेदना जताते हैं, एक ही सांस में दोनों पक्षों की बुराई करते हैं, शांति की अपील करते हैं जैसे कोई टेलीप्रॉम्प्टर से पढ़ रहा हो। कोई जेट नहीं। कोई जवाबी फायरिंग नहीं। क्यों? क्योंकि ईरान के साथ 900 किलोमीटर का बॉर्डर बहुत पास है, बहुत ज्यादा खुला-खुला है, पुराने झगड़ों और नए स्मगलिंग के रास्तों से बहुत भरा हुआ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अबू धाबी बीएपीएस मंदिर 9 मार्च तक बंद रहेगा

एजेंसी। अबू धाबी




वर्तमान परिस्थितियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहों के मद्देनजर अबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर को बंद रखने का फैसला लिया गया है। मंदिर प्रबंधन ने एहतियात के तौर पर 9 मार्च तक श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए मंदिर को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। मंदिर प्रशासन ने अपने फैसले में यह स्पष्ट किया है कि सभी भक्तों और आगंतुकों की सुरक्षा एवं कुशलक्षेम उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंदिर प्रबंधन की ओर से जारी आधिकारिक घोषणा में कहा गया है कि इस अस्थायी बंद के दौरान मंदिर परिसर में स्वामीगण नियमित रूप से शांति, सुरक्षा और समस्त जनकल्याण के लिए प्रार्थनाएं करते रहेंगे। हालांकि, आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक रहेगी। बीएपीएस हिंदू मंदिर ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बीएपीएस हिंदू मंदिर ने एक पोस्टर शेयर करते हुए बताया, "अभी के हालात को देखते हुए और नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजरी के हिसाब से बीएपीएस हिंदू मंदिर, अबू धाबी एहतियात के तौर पर सोमवार, 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद रहेगा। सभी भक्तों और विजिटर्स की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।"पोस्ट में आगे बताया गया कि इस दौरान स्वामी मंदिर के अंदर शांति, सुरक्षा और सभी की भलाई के लिए प्रार्थना करते रहेंगे। हम क्षेत्र से विनम्रतापूर्वक गुजारिश करते हैं कि शांत रहें, अफवाहों से बचें, जहां सलाह दी जाए वहां घर के अंदर रहें, और सरकारी चैनलों के जरिए शेयर की गई सुरक्षा गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करें। हम अपने देश के लिए सद्भाव और ताकत की प्रार्थना करते हैं, और आगे के अपडेट ज़रूरत के हिसाब से शेयर किए जाएंगे। आइए हम विश्वास, जिम्मेदारी और भरोसे में एकजुट रहें। बता दें कि, पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बड़े हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए और बहरीन, कुवैत व कतर में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया।

## ईरान में एयरस्ट्राइक से अब तक किसी बड़े नुकसान के संकेत नहीं : आईएईए चीफ



**वियना।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने दावा किया है कि यूएस-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के किसी परमाणु केंद्र को फिलहाल नुकसान पहुंचने के संकेत नहीं मिले हैं। आईएईए प्रमुख ने स्पष्ट किया कि बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट, तेहरान रिसर्च रिएक्टर और अन्य ईंधन केंद्रों पर फिलहाल किसी हमले या क्षति की सूचना नहीं है। ईरान के पड़ोसी देशों में अब तक रेडिएशन स्तर सामान्य पाया गया है, जो राहत की बात है। ग्रॉसी ने बताया कि आईईसी लगातार ईरानी अधिकारियों से संपर्क की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युद्ध के कारण वहां से कोई जवाब नहीं मिल रहा है। आईएईए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के ईरान पर एक विशेष सत्र की शुरुआत करते हुए ग्रॉसी ने कहा, "ईरानी न्यूक्लियर रेगुलेटरी अथॉरिटीज से संपर्क करने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। हमें उम्मीद है कि बातचीत का यह जरूरी चैनल जल्द से जल्द फिर से शुरू हो जाएगा।" राफेल ग्रॉसी ने दुनिया को आगाह करते हुए 'अधिकतम संयम' बरतने की सिफारिश की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी परमाणु केंद्र पर हमला होता है, तो रेडियोएक्टिव रिसाव के कारण बड़े शहरों को खाली कराना पड़ेगा, जिससे गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है। ग्रॉसी ने कहा कि मिडिल ईस्ट में स्थिति "बहुत चिंताजनक" है, और उन्होंने ईरान पर इजरायली-यूएस हमलों और उसके जवाबी मिसाइल हमलों के बाद "पूरी तरह से संयम" बरतने की अपील की।

## ईरान में मौत का आंकड़ा 500 के पार पहुंचा, 48 घंटों से ज्यादा समय से इंटरनेट बंद



**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच ताबड़तोड़ हमले जारी हैं। ईरान अलग-अलग देशों में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। वहीं अमेरिका और इजरायल अभी भी एक्शन मोड में हैं। अमेरिका और इजरायल की तरफ से ईरान पर किए गए हमले में मौत का आंकड़ा 500 पार कर चुका है। इसके अलावा देश में लगभग 48 घंटे से ज्यादा समय से इंटरनेट बंद है। अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी ने कहा है कि देश भर में अमेरिकी-इजरायली हमलों में कम से कम 555 लोग मारे गए हैं। इसके अलावा, साइबर सिक्योरिटी वॉचडॉग नेटब्लॉक्स ने कहा कि अमेरिका-इजरायल हमले के बीच ईरान में इंटरनेट 48 घंटे से ज्यादा समय से बंद है। सोमवार को युद्ध का तीसरा दिन है। नेटब्लॉक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "इंटरनेट शटडाउन सरकार का एक तरीका है; जनवरी में पिछली बार ऐसा हुआ था, जो कई हफ्तों तक चला था और गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन को छिपाया गया था। दूसरी तरफ चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को पुष्टि की है कि ईरान में एक चीनी नागरिक की मौत हो गई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, "तेहरान में एक चीनी नागरिक हाल ही में मिलिट्री लड़ाई से प्रभावित हुआ था और बदकिस्मती से मारा गया। हम मारे गए नागरिक के लिए अपनी संवेदनाएं जताते हैं और पीड़ित के परिवार के प्रति अपनी हमदर्दी जताते हैं। " निंग ने कहा कि 2 मार्च तक ईरान से करीब 3,000 चीनी नागरिकों को निकाला जा चुका है।

## हवाई सेवा बंद होने से राजस्थान के लोग दुबई में फंसे, परिजनों ने सरकार से मांगी मदद



**जयपुर।** ईरान पर इजरायल-अमेरिका के हवाई हमलों के बाद मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच, खाड़ी क्षेत्र के कुछ हिस्सों के लिए उड़ान सेवाएं बाधित हो गई हैं। कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे राजस्थान के कई लोग दुबई और अबू धाबी में फंस गए हैं। राजस्थान के डीग जिले से ज्योतिषियों का एक समूह 28 फरवरी को दुबई में एक ज्योतिष सम्मेलन में भाग लेने के लिए गया था। उन्हें 1 मार्च को भारत लौटना था, लेकिन अचानक हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगने के कारण उनकी उड़ानें रद्द हो गईं। फंसे हुए लोगों में डीग के ज्योतिषी रंगनाथ शर्मा भी शामिल हैं, जो दुबई में ही हैं। वहीं जयपुर से दुबई, अबू धाबी और शारजाह जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। साथ ही, जयपुर हवाई अड्डे ने खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक चेतावनी जारी की है। अचानक हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उड़ानें रद्द होने से जोधपुर, कोटा और सीकर के 100 से अधिक छात्र और अन्य निवासी फंसे हुए हैं। कुछ यात्रियों ने बताया कि उड़ानें रद्द होने की घोषणा के बाद उन्हें हवाई अड्डे से पास के होटलों में पहुंचाया गया। कुछ फंसे हुए छात्रों ने दावा किया कि उन्होंने दुबई और अबू धाबी हवाई अड्डों के पास विस्फोटों की आवाज सुनाई दे रही है, जिससे हम लोगों को डर लग रहा है। दुबई के एकेडमी एजुकेशनल जोन में रह रहे कोटा के छात्र सिद्धार्थ जैन ने बताया कि उनके हॉस्टल के पास एक मिसाइल गिरी थी। उन्होंने अपने परिवार को तस्वीरें और वीडियो भेजे, जिनमें उन्होंने बताया कि रुक-रुक कर धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही थीं। कोटा की एक अन्य छात्रा, तान्या, कनाडा से भारत लौटते समय अबू धाबी में फंस गई है। जोधपुर से आए लगभग 120 तीर्थयात्री अबू धाबी में फंसे हुए हैं। वे बड़ा रामद्वारा सुरसागर के संत अमृतराम महाराज की ओर से 24 से 28 फरवरी तक आयोजित धार्मिक प्रवचन (कथा) में भाग लेने के लिए दुबई गए थे। कथा के समापन के बाद, यह समूह शनिवार को अबू धाबी हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां उन्हें सूचित किया गया कि उनकी वापसी की उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

### भारत आए कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा

# पीएम के नेतृत्व में भारत की प्रति व्यक्ति आय में अविश्वसनीय तेजी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज हुआ, जिसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त बयान दिया। पीएम कार्नी ने अपने बयान में कहा कि पिछले साल कनाडा और भारत की सरकारों के बीच इतना जुड़ाव हुआ है, जितना दो दशकों से ज्यादा समय में नहीं हुआ। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा, "पिछले साल कनाडा और भारत की सरकारों के बीच इतना जुड़ाव हुआ है जितना दो दशकों से ज्यादा समय में नहीं हुआ। यह सिर्फ एक संबंध का नया होना नहीं है। यह नए इरादे, फोकस और दूर की सोच के साथ एक कीमती साझेदारी को बढ़ाना है। दो आत्मविश्वासी देशों के बीच एक साझेदारी जो भविष्य के लिए अपना रास्ता खुद बना रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कनाडाई प्रधानमंत्री ने कहा, "पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी, आपके नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। इस देश में 'पर कैपिटा इनकम' इतनी तेजी से बढ़ी है जितनी इतिहास में कभी नहीं देखी गई। कनाडा आपके लक्ष्य और आपके मकसद को समझता है। मेरा मानना है कि इस नए दौर में कामयाबी का तरीका 2023 में आपकी जी20 अध्यक्षता की थीम से अच्छी तरह पता चलता है, जिसमें मुझे शामिल होने का मौका मिला था। वह थीम, बेशक, 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' है, क्योंकि हमारे जमाने की मुश्किलों को अकेले एक देश हल नहीं कर सकता। मार्क कार्नी ने भारत और कनाडा के बीच साझेदारी को लेकर कहा, "आज हम एक रणनीतिक ऊर्जा साझेदारी शुरू कर रहे हैं जिसमें दोनों देशों के एनर्जी ट्रेड को बढ़ाने की काफी संभावना है।

### यूरेनियम सप्लाई पर डीएई-सीएएमईसीओ समझौता हुआ

कनाडा के पीएम ने भारत के यूपीआई पेमेंट सिस्टम की जमकर सराहना की। इसके लाभ को लेकर उन्होंने कहा, "इस देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक बात जो मुझे हमेशा सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह यह है कि भारत एक बड़ी ताकत बन गया है, लेकिन फोकस सभी घरों पर रहा है। एक और उदाहरण है, और मैं पूर्व गवर्नर के कंट्रोल में बोल रहा हूं, डिजिटल पेमेंट में क्रांति से इनकम सपोर्ट मिलता है और फसल बीमा पेमेंट सीधे लोगों को मिलते हैं। इसके फायदे बहुत ज्यादा हैं। हमारे समझौते का एक हिस्सा आगे सहयोग करने की क्षमता तलाशना है ताकि कनाडा को इस इनोवेशन से फायदा हो।" स्वामी विवेकानंद की एक कहावत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "मुझे स्वामी विवेकानंद की याद आई, जो सबसे महान फिलॉसफर में से एक थे। अपनी यात्राओं और किताबों में, उन्होंने इस कहावत को सच किया, 'उठो, जागो, और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य हासिल न हो जाए।' इस साझेदारी के साथ, हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक 'विकसित भारत 2047' और 'कनाडा स्ट्रॉन्ग' के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते।" बता दें, सस्केचेवान के प्रीमियर स्कॉट मो, सीएएमईसीओ के अध्यक्ष टिम गिट्ज़ेल और कनाडा में भारत के हाई कमिश्नर दिनेश पटनायक ने पीएम नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की मौजूदगी में यूरेनियम ओर कंसन्ट्रेट की सप्लाई पर डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी सीएएमईसीओ समझौते के डॉक्यूमेंट्स एक्सचेंज किए।

## अमेरिका की दादागिरी से सभी को नुकसान हो रहा है : मंत्री संजय निषाद

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध का देश है। यहां पर युद्ध की बात नहीं होती है। यहां पर युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है। अब हमारा देश धीरे-धीरे विश्व गुरु की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि अब इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि अमेरिका की दादागिरी से पूरी दुनिया को नुकसान हो रहा है। अमेरिका का जो कोई भी प्रो रहा है, अमेरिका उसे खा गया है, चाहे वह अफगानिस्तान रहा हो, या नेपाल या बांग्लादेश। अमेरिका अपनी दादागिरी के दम पर इन सभी देशों को खा गया। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि मौजूदा समय में इजरालय और ईरान के बीच जो युद्ध चल रहा है, हम चाहते हैं कि वो युद्ध समाप्त हो जाए।

## नई शिक्षा नीति से देश की पढ़ाई का ढंग बदल गया है : केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि वर्ष 2047 तक, जब देश आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। उनका कहना था कि भारत की ताकत उसकी युवा आबादी है। बड़ी संख्या में युवा पढ़ रहे हैं, नए विचार ला रहे हैं और नई तकनीक पर काम कर रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान नई दिल्ली में आयोजित स्टडी इन इंडिया एजु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026 में बोल रहे थे। यहां उन्होंने 50 से अधिक देशों के राजनयिकों को संबोधित किया। यहां बताया गया कि सरकार चाहती है कि दुनिया के बड़े विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर खोलें। इसके लिए नियम बनाए गए हैं ताकि प्रक्रिया साफ और समय पर पूरी हो। गौरतलब है कि अगर विदेशी संस्थान भारत आएंगे तो भारतीय छात्रों को बाहर जाए बिना ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की पढ़ाई करने के अवसर मिल सकेंगे। नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में यह बड़ा शिक्षा सम्मेलन हुआ। इसमें 50 से ज्यादा देशों के राजदूत, उच्चायुक्त और अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खुलकर भारत की शिक्षा व्यवस्था और उसके भविष्य के बारे में बात की। शिक्षा मंत्री ने विदेशी उच्च शिक्षा संस्थानों से भारत की तेजी से विकसित हो रही, नवाचार-आधारित शिक्षा प्रणाली के साथ सहयोग करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम का मकसद दुनिया को यह बताना था कि भारत अब सिर्फ पढ़ाई करने की जगह नहीं, बल्कि एक बड़ा शैक्षणिक केंद्र बन रहा है। भारत चाहता है कि न केवल विदेशी संस्थान बल्कि दूसरे देशों के छात्र भी यहां आएं, पढ़ें, शोध करें और मिलकर आगे बढ़ें। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 आने के बाद देश की पढ़ाई का ढंग बदल गया है। अब छात्रों को केवल किसी एक विषय तक सीमित रहने की जरूरत नहीं है। छात्र एक साथ अलग-अलग विषय पढ़ सकते हैं। वहीं युवाओं के कौशल पर भी जोर दिया जा रहा है, यानी पढ़ाई ऐसी हो जो सीधे तौर पर भविष्य में काम आए।

# यूपी में प्रतिदिन 4,500 मिलियन लीटर से ज्यादा गंदा पानी किया जा रहा ट्रीट

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने की मुहिम समय के साथ तेज होती जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार अपशिष्ट जल को 'आर्थिक संपत्ति' में बदलने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रतिदिन 4,500 मिलियन लीटर से अधिक सीवेज का शोधन किया जा रहा है। इस तरह प्रदेश अब लगभग 85 प्रतिशत गंदे पानी को उपचारित करने में सफल है। सरकार गंगा-यमुना समेत राज्य की तमाम नदियों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। उल्लेखनीय है कि 'नमामि गंगे मिशन' के दूसरे चरण ने प्रदेश के सीवरेज सिस्टम को नई मजबूती दी है। उत्तर प्रदेश में अब तक 74 सीवर शोधन परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं, जिनमें से 41 पूरी होकर संचालन में भी आ चुकी हैं। शेष परियोजनाओं पर तेजी से कार्य जारी है। राज्यभर में 155 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) क्रियाशील हैं।

### योगी आदित्यनाथ ने नदियों के संरक्षण को दी गति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यप्रणाली ने नदियों के संरक्षण के प्रयासों को नई गति दी है।



हर परियोजना की मॉनीटरिंग की जा रही है, जिससे न केवल गंगा-यमुना की पवित्रता सुनिश्चित हुई है, बल्कि नगरों में जल प्रबंधन की व्यवस्था भी मजबूत हो रही है। सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि योगी सरकार अब उपचारित जल के सुरक्षित पुन: उपयोग की नीति तैयार कर रही है। योजना तीन चरणों में लागू होगी। पहला- नगरपालिका- पार्कों की सिंचाई, सड़क सफाई, सार्वजनिक उद्यानों में इस्तेमाल। दूसरा- उद्योग और कृषि-औद्योगिक प्रक्रियाओं व खेतों की सिंचाई के लिए। तीसरा- घरेलू गैर-पेय उपयोग- निर्माण कार्य समेत अन्य कार्यों में पुनर्चक्रण। उन्होंने बताया कि जहां एसटीपी चालू हैं और क्षमता मौजूद है, वहां वर्ष 2030 तक 50 फीसदी और 2035 तक 100 फीसदी अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कदम केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वच्छ नदियों के सपने को साकार करने की दिशा में निर्णायक साबित हो रहा है।

## एक नजर

### ईरान में फंसे बाराबंकी के लोगों के परिजनों ने केंद्र सरकार से मांगी मदद



**बाराबंकी।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के कई परिवारों की चिंता बढ़ गई है। ईरान के प्रमुख धार्मिक एवं शैक्षणिक केंद्र कुम में बाराबंकी के 12 से अधिक छात्र, मौलाना और उनके परिजन मौजूद हैं। हालिया हमलों के बाद इंटरनेट सेवाएं बाधित होने से उनसे संपर्क टूट गया है, जिससे परिजन बेहद परेशान हैं। ईरान के कुम शहर में मौलाना जफर अब्बास उर्फ फैजी, मौलाना आबिद हुसैन काजमी, मौलाना अली मेहदी रिजवी, मौलाना सैयद काशिफ रिजवी जैदपुरी सहित कई लोग तालीम और धार्मिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। इनके साथ परिवार के सदस्य, बच्चे और रिश्तेदार भी वहीं रह रहे हैं। हमले के तुरंत बाद शुरुआती दौर में कुछ लोगों से फोन पर बातचीत हो सकी थी लेकिन बाद में इंटरनेट सेवाएं बंद होने से संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया। मौलाना जफर फैजी के भाई मौलाना अब्बास मेहदी 'सदफ' ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि हमले के बाद हुई बातचीत में जानकारी मिली थी कि कुम शहर की सीमा के पास धमाके हुए हैं। हालांकि शहर के भीतर हालात सामान्य बताए गए थे। इसके बाद से संपर्क न हो पाने के कारण परिवार की चिंता लगातार बढ़ रही है। कटरा मोहल्ले के मौलाना अली मेहदी के परिजनों ने भी इसी तरह की परेशानी जाहिर की है।

### विदेशों में फंसे कन्नड़ लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : सीएम सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में स्थिति पर नजर रख रही है। यह जानकारी सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि विदेशों में रहने वाले कन्नड़ भाषी लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि अब तक मिली जानकारी के अनुसार, हवाई क्षेत्र में व्यवधान और उड़ानों के रद्द होने के कारण लगभग 100 से अधिक कन्नड़ भाषी लोग संयुक्त अरब अमीरात (दुबई सहित) में और नौ बहरीन में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी टीमें अधिकारियों और प्रभावित व्यक्तियों के साथ लगातार संपर्क में हैं जिससे पूरी जानकारी मिल सके और आवश्यक सहायता जल्द से जल्द लोगों को प्रदान की जा सके। स्थिति से निपटने के लिए राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र और सभी जिला आपातकालीन संचालन केंद्र सक्रिय कर दिए गए हैं। राज्य सरकार विदेश मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और प्रभावित क्षेत्रों में स्थित भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के साथ निरंतर समन्वय में है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्य सचिव ने फंसे हुए लोगों की सुरक्षा, सहायता और संभवत: स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र को पत्र लिखा है। इसके अलावा, एयरलाइंस के साथ समन्वय स्थापित करने, सहायता प्रदान करने और जल्द से जल्द पर्याप्त वापसी उड़ान सेवाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हुए एक अलग पत्र भी भेजा है।

### बंगाल बांग्लादेशियों के देश में घुसने का रास्ता बना : नितिन नवीन



**सिलीगुड़ी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। घुसपैठ के मुद्दे को लेकर नितिन नवीन ने कहा कि जिस तरह से बंगाल बांग्लादेशियों के देश में घुसने का रास्ता बन गया है, उससे हमारे डेमोग्राफिक बैलेंस के बिगड़ने का खतरा है। नितिन नवीन ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में व्यापार, वाणिज्य और व्यवसाय क्षेत्रों के दिग्गजों से बात करते हुए कहा, "बंगाल पहले सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र था, लेकिन इसमें तेजी से गिरावट हो रही है और इसकी जिम्मेदार राज्य सरकार है, क्योंकि जिस प्रकार से इसको महत्व देना था, इस इलाके को यहां की राज्य सरकार ने महत्व ही नहीं दिया। भारत की अर्थव्यवस्था में पहले बंगाल का 10 प्रतिशत योगदान होता था, जो आज घटकर 5 प्रतिशत पर आ गया है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां की राज्य सरकार की मानसिकता क्या है।" उन्होंने आगे कहा, "ममता सरकार में बंगाल आज भ्रष्टाचार और हिंसा का गढ़ बन गया है। जो पश्चिम बंगाल की पहचान थी, ममता सरकार ने उसे मिटाने का काम किया है।"इसी बीच, भाजपा अध्यक्ष ने घुसपैठियों का मुद्दा उठाते हुए कहा, "राज्य सरकार बंगाल के लोगों को पलायन करने के लिए मजबूर कर रही है, जबकि बांग्लादेश से आए घुसपैठियों को यहां बसने दे रही है।

### केरल : वायनाड पुनर्वास कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक के साथ दुर्व्यवहार



**तिरुवनंतपुरम।** विधानसभा चुनाव नजदीक आने और राजनीतिक माहौल गरम होने के बीच वायनाड में सरकार द्वारा आयोजित पुनर्वास कार्यक्रम में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। रविवार दोपहर को 30 जुलाई, 2024 की भूस्खलन त्रासदी के पीड़ितों को औपचारिक रूप से घर सौंपे गए। इस कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक टी. सिद्दीकी के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उनके साथ दुर्व्यवहार उस वक्त हुआ, जब सिद्दीकी भाषण देने के लिए खड़े हुए। उनके भाषण के दौरान भी वामपंथी कार्यकर्ताओं के एक समूह ने नारेबाजी की। मुंडक्कई के सबसे नजदीकी निर्वाचन क्षेत्र कलपेट्टा के विधायक सिद्दीकी आपदा की रात घटनास्थल पर पहुंचने वाले पहले राजनीतिक नेताओं में से थे। उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को सूचित किया था और बाद में विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर राहत और पुनर्वास के लिए प्रयास किया। घटना के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब मुख्य सचिव ए. जयथिलक ने अपने स्वागत भाषण में सिद्दीकी का जिक्र किया, तब से नारेबाजी शुरू हुई और विधायक के भाषण शुरू होने पर भी जारी रही। स्थानीय सीपीआई (एम) नेताओं ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन हंगामा जारी रहा। मुख्यमंत्री और मंच पर मौजूद अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हस्तक्षेप नहीं किया। नारेबाजी के बीच भावुक सिद्दीकी ने अपना भाषण जारी रखा और प्रभावित परिवारों के लिए उठाए गए कदमों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए सहायता भी शामिल थी। खास बात यह है कि बाद में कई पीड़ितों ने उन्हें सांत्वना देते हुए कहा कि वे जानते हैं कि संकट के समय कौन उनके साथ खड़ा था। सिद्दीकी ने सोमवार को कहा कि यह उनके करियर में पहली बार हुआ है और ऐसा करने वालों को पता होना चाहिए कि यह एक सरकारी कार्यक्रम था, न कि किसी पार्टी का कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो मेरी आलोचनाओं को बर्दाश्त कर सकें, क्योंकि मैं और वे सभी लोग जिन्होंने मेरा काम देखा, वे जानते हैं कि त्रासदी कम होने पर मैंने क्या किया।



# भारत में टी20 वर्ल्ड कप खेलते देखकर बहुत खुशी हुई: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी ने सोमवार को भारत-कनाडा सीईओ फोरम में हिस्सा लिया, जहां प्रधानमंत्री ने क्रिकेट और दोनों देशों के रिश्तों के बीच समानताएं बताते हुए कहा कि वह भारत में जारी टी20 वर्ल्ड कप में कनाडाई क्रिकेट टीम को हिस्सा लेते देखकर बहुत खुश हैं।

पीएम मोदी ने कार्नी के साथ दो-तरफा बातचीत की, क्योंकि दोनों नेता खालिस्तानी अलगाववादी गतिविधियों पर 2023 के डिप्लोमैटिक विवाद के बाद से भारत-कनाडा के रिश्तों में आए तनाव को फिर से ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। फोरम में पीएम मोदी ने कहा, "आप में से कुछ लोग जरूर क्रिकेट देख रहे होंगे। भारत में जारी टी20 वर्ल्ड कप में कनाडा को खेलते देखकर हम सभी को बहुत खुशी हुई। टी20 क्रिकेट की तरह ही, तेज फैसलों, निडर स्ट्रोक्स और मैच जिताने वाली साझेदारी के साथ, भारत और कनाडा मिलकर भविष्य को आकार देंगे। इसी इरादे के साथ, मैं आप सभी को भारत के विकास के सफर में शामिल होने के लिए बुलाता हूं।"

कनाडा ने इस साल अपने दूसरे टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया। यह टीम साल 2024 में अपने पहले मैच में ग्रुप स्टेज में चौथे स्थान पर रही थी। आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कनाडा का कैंपेन मुश्किल रहा। ग्रुप-डी में चार हार के बाद ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया। साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान जैसे बड़े देशों के साथ-साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के साथ, कनाडा उम्मीदों के बावजूद जीत की लय पाने के लिए संघर्ष करता रहा। कनाडा को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-डी में रखा गया, जिसमें इस टीम को अपने पहले मैच में साउथ अफ्रीका के हाथों 57 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद यूएई के खिलाफ 5 विकेट से जीत हासिल की। शुरुआती दो मैच गंवाने के बाद कनाडा को न्यूजीलैंड के विरुद्ध 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, कनाडा ने बीच-बीच में बल्ले से लड़ने का जज्बा दिखाया, लेकिन बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन न कर पाना महंगा पड़ा और टीम सुपर-8 में पहुंचने से चूक गई।

## सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट: खलारी सीसी ने अरगोड़ा सीए को 33 रन से हराया

**रांची।** गोलचक्कर मैदान में खेले जा रहे 02 सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट 2025-26 के मुकाबले में खलारी सीसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अरगोड़ा सीए को 33 रन से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए खलारी सीसी ने निर्धारित 30 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाए। टीम की ओर से राम ने 42, मनोज ने 40 और उज्ज्वल ने 23 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। सुरेश (22) और सुमित (20) ने भी उपयोगी योगदान दिया। अरगोड़ा सीए की ओर से कौशिक ने 2 विकेट लेकर 26 रन दिए। शशांक ने 47 और आर्यन ने 34 रन बनाकर संघर्ष किया, जबकि अविरल (25) और अर्पित (22) ने भी टीम को संभालने की कोशिश की। खलारी सीसी की ओर से राम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट 27 रन देकर झटके।

## सीओई में बॉलिंग कैंप को लीड करेंगे जहीर

**नई दिल्ली।** मेंस टी20 वर्ल्ड कप के बीच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में विशेषज्ञ शिविर लगाने की योजना धीरे-धीरे आकार ले रही है। इस सिलसिले में एक अहम कदम के तौर पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान की अगुवाई में तेज गेंदबाजों का विशेष कैंप सोमवार को संपन्न हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने 'आईएएनएस' को बताया कि भारत ए और अंडर-19 सेट-अप से जुड़े, साथ ही अपने-अपने राज्यों के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले चुनिंदा तेज गेंदबाजों को इस तीन दिवसीय शिविर में बुलाया गया था। यह कैंप बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित किया गया, जहां जहीर खान की निगरानी में खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस और मैच-तैयारी पर काम किया गया। सूत्रों के अनुसार, "ये सभी गेंदबाज पहले से ही राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की रडार पर हैं। इस तरह के लक्षित कैंप का उद्देश्य उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मांगों के लिए और बेहतर तरीके से तैयार करना है।"

## नेशनल रैपिड एवं नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप मार्च में रांची में आयोजित होगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में 11 से 13 मार्च 2026 तक सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची में नेशनल रैपिड एवं नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता देशभर के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को एक मंच पर लाएगी। इस प्रतियोगिता में लगभग 250 शीर्ष रैंक प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 50 अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आइएम) एवं ग्रैंडमास्टर (जीएम) रैंकधारी खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता फिडे नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी। कुल 6.5 लाख रुपये की आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का उद्देश्य बौद्धिक प्रतिस्पर्धा, रणनीतिक सोच एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया अभियान, प्रेस कवरेज एवं लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था की जाएगी।



टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए संरक्षक मंडल के प्रमुख राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट की रैपिड कैटेगरी में 25 खिलाड़ियों को 4 लाख रु. एवं ब्लिट्ज कैटेगरी में 15 खिलाड़ियों को ढाई लाख रुपए की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति ने विभिन्न श्रेणियां में स्पॉन्सरशिप के लिए भी आमंत्रण दिया है। टाइटल स्पॉन्सर, को-स्पॉन्सर, सब-स्पॉन्सर एवं एसोसिएट स्पॉन्सर के रूप में सहयोग करने वाले संस्थानों एवं संगठनों को व्यापक ब्रांड विजिबिलिटी एवं प्रचार का अवसर प्रदान किया जाएगा। आयोजन से जुड़े अन्य पदाधिकारियों में इवेंट कन्वेनर श्री मनीष कुमार, महासचिव श्री नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष श्री सतीश कुमार, मृदुल कुमार, आशीष कुमार, अमित चरण एवं भी प्रतियोगिता की घोषणा के अवसर पर शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता झारखंड में शतरंज के विकास को नई दिशा देगी तथा राज्य को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाएगी।

# टी20 वर्ल्ड कप: जसप्रीत बुमराह ने जीता 'इम्पैक्ट प्लेयर' अवॉर्ड

### वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली जीत में निभाया अहम रोल



एजेंसी। नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। रविवार को कैरेबियाई टीम के खिलाफ मिली जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। बल्लेबाजी में संजू सैमसन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 97 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे। बुमराह को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड से नवाजा गया।

वेस्टइंडीज के खिलाफ बुमराह ने अपने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 36 रन खर्च करते हुए 2 विकेट हासिल किए। बुमराह ने 25 गेंदों में 40 रनों की दमदार पारी खेलने वाले रोस्टन चेज और शिमरोन हेटमायर (27) का बड़ा विकेट चटकाया। बुमराह ने यह दो विकेट ऐसे समय पर निकाले, जब वेस्टइंडीज तेजी से रन बटोरने का प्रयास कर रही थी।

दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की बुमराह की काबिलियत ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि मुश्किल समय में वह भारत के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज क्यों बने हुए हैं। चेज और हेटमायर के आउट होने के बाद वेस्टइंडीज टीम की रनगति धीमी पड़ गई, जिसका फायदा भारतीय टीम को मिला। फील्डिंग कोच टी दिलीप ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड देते हुए टीम और बुमराह के प्रदर्शन की सराहना की।

कोच ने कहा, "शानदार काम, बेहतरीन कोशिश, बहुत बढ़िया प्रदर्शन। हम एक जबरदस्त टीम हैं और इस मुकाबले में हमने अपने मजबूत इरादे से दिखाया कि ऐसा होने का क्या मतलब है। इस मैच में हमारा प्रदर्शन कमाल का रहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ यह प्रदर्शन मुझे मेरा पसंदीदा कोट याद दिलाता है- 'टीम की ताकत हर एक इंसान है, और हर एक इंसान की ताकत टीम है।' आज हमने हर बात को सही साबित करके दिखा दिया। इस मुकाबले का इम्पैक्ट प्लेयर वो खिलाड़ी है, जो ज्यादातर समय शांत रहता है, लेकिन अपने खतरनाक खेल से बड़े पलों को अपने नाम कर लेता है। वह कोई और नहीं, बल्कि जसप्रीत बुमराह हैं।"

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खेले 6 मैचों में जसप्रीत बुमराह ने अब तक कुल 9 विकेट निकाले हैं। बुमराह का इस विश्व कप में गेंदबाजी इकोनॉमी 6.30 का रहा है। बुमराह किफायती रहने के साथ-साथ अहम मौके पर भारतीय टीम को विकेट दिलाने में भी सफल रहे हैं।

### मिडिल ईस्ट संकट का असर

## अल्बानिया में फंसे भारतीय पहलवान

एजेंसी। नई दिल्ली

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारतीय खिलाड़ियों पर भी देखने को मिल रहा है। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में हिस्सा लेने गए 16 भारतीय पहलवान अल्बानिया की राजधानी तिराना में फंस गए हैं। मिडिल ईस्ट के बड़े हिस्से में हवाई क्षेत्र बंद होने और उड़ानों के रद्द होने के कारण उनकी वापसी प्रभावित हुई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के चलते कई देशों ने अपने हवाई अड्डे बंद कर दिए हैं और उड़ान संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारतीय दल की वापसी दुबई के रास्ते होनी थी, लेकिन दुबई में हमलों के बाद कनेक्टिंग फ्लाइट रद्द कर दी गई, जिससे पूरी टीम को तिराना में रुकना पड़ा। महिला टीम की कोच मनजीत रानी ने वीडियो संदेश में बताया, "हम सीनियर रैंकिंग सीरीज के लिए तिराना आए थे, लेकिन दुबई में हमलों के कारण हमारी कनेक्टिंग फ्लाइट रद्द हो गई। फिलहाल हम एयरपोर्ट के पास एक होटल में ठहरे हुए हैं और यहां कोई दिक्कत नहीं है।



## अभिषेक का दिमाग थोड़ा उलझा हुआ है: अनिल कुंबले

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। संजू सैमसन की विस्फोटक 97 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने रविवार को वेस्टइंडीज को कोलकाता में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम इंडिया की चिंता सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की फॉर्म है, जो पूरे टूर्नामेंट में अब तक एक अर्धशतक लगा सके हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर बात करते हुए कहा, "अभिषेक का दिमाग इस समय थोड़ा उलझा हुआ लग रहा है और उनमें आत्मविश्वास की साफ कमी है।

### रांची में प्रथम जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

## विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची जिला हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में प्रथम जिला स्तरीय हैंडबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन सीएन राज हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में रांची हैंडबॉल टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रातु हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर को 4-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में जे.बी.एफ हैंडबॉल अकादमी ने रातु हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर को 6-4 से हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बालक वर्ग में दिलीप उरांव और बालिका वर्ग में दिव्या एक्का को बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### इजरायल-ईरान युद्ध

## सोने की कीमत आठ हजार रुपए से अधिक बढ़ी

एजेंसी। नई दिल्ली



इजरायल-ईरान युद्ध के चलते सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को बढ़ी तेजी देखी गई। इससे सोना 8 हजार रुपए से अधिक महंगा हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी 23 हजार रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 8,374 रुपए बढ़कर 1,67,471 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि शुक्रवार को 1,59,097 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,733 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,53,403 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने की कीमत 1,19,323 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,25,603 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी का दाम 23,148 रुपए बढ़कर 2,89,848 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,66,700 रुपए प्रति किलो था। हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 4.09 प्रतिशत बढ़कर 1,68,740 रुपए हो गई है। चांदी के 5 मई 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 4.49 प्रतिशत बढ़कर 2,95,336 रुपए हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोना 2.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,397 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 95.09 डॉलर प्रति औंस पर थी। सोने और चांदी में तेजी की वजह इजरायल-ईरान के साथ पूरे मध्यपूर्व का युद्ध में जाना है। इससे सोने में सुरक्षित खरीदारी को बढ़ावा मिला है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के कारण सोने में तेजी देखी जा रही है। आने वाले समय में वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर ही सोने की चाल निर्धारित करेगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर सोना अपने अहम सोपर्ट 1,64,000 के ऊपर टिका रहता है तो इसमें तेजी बनी रहने की संभावना है। इसके लिए रुकावट का स्तर 1,72,000 रुपए है।

## 'सुधार का वर्ष' रहा बीता साल; ट्रस्ट, ट्रांसपेरेंसी टीमवर्क और टेक्नोलॉजी पर जोर: सेबी चेयरमैन

एजेंसी। मुंबई

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर कहा कि यह साल काफी चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि इस दौरान वित्तीय और भू-राजनीतिक स्तर पर कई बड़े बदलाव हुए। चुनौतियां केवल नीतियों या टैरिफ से ही नहीं आईं, बल्कि तकनीक के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों ने भी बाजार के लिए नई मुश्किलें खड़ी कीं।



न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने इस साल को बाजार के लिए 'सुधार का वर्ष' बताया। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों ने मिलकर इसे सुधारों का साल बनाने की कोशिश की। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, ईज ऑफ इन्वेस्टमेंट, मार्केट डेवलपमेंट, मार्केट रेगुलेटरी इंफ्रास्ट्रक्चर और इक्विटी मार्केट के विकास जैसे सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण काम किया गया। उन्होंने कहा कि यह साल चुनौतियों के साथ-साथ काफी दिलचस्प और उपलब्धियों से भरा रहा। सेबी के चेयरमैन ने आगे कहा कि हमने चार प्रमुख सिद्धांतों - ट्रस्ट (विश्वास), ट्रांसपेरेंसी (पारदर्शिता), टीमवर्क और टेक्नोलॉजी - को आधार बनाकर काम करने का लक्ष्य रखा था। इन चारों को साथ लेकर सेबी संतुलित और प्रभावी नियमन की दिशा में आगे बढ़ा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सेबी का उद्देश्य ऐसा 'ऑप्टिमम रेगुलेशन' लागू करना है जो न तो जरूरत से ज्यादा सख्त हो और न ही ढीला। यानी न अत्यधिक नियंत्रण हो और न ही कम नियंत्रण, बल्कि संतुलित व्यवस्था हो। साथ ही, प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) और निगरानी (सर्विलांस) को और मजबूत बनाया गया है ताकि नियमों का बेहतर तरीके से पालन हो सके।

### सेबी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया शुरू

इसके तहत 'सुदर्शन' नाम का एक एआई टूल विकसित किया गया है, जिसकी मदद से सेबी उन फिनफ्लुएंसर्स की पहचान कर पा रहा है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और जरूरत पड़ने पर उन्हें साइबर स्पेस से हटाया भी जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेबी का काम तीन मुख्य स्तंभों पर आधारित है-निवेशक संरक्षण, बाजार का विकास और बाजार का नियमन। ये जिम्मेदारियां संसद द्वारा तय की गई हैं और सेबी इन्हें पूरा करने के लिए जरूरी सभी कदम उठाता रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में प्रक्रियाओं को और सरल बनाया जाएगा और बाजार के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आईएएनएस से बात करते हुए आगे तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि बहुत छोटे उद्यम सीधे पूंजी बाजार में नहीं आ पाते, लेकिन जो छोटे और मध्यम उद्यम तेजी से बढ़ने की क्षमता रखते हैं, वे पूंजी बाजार से धन जुटा सकते हैं।

## स्टॉक मार्केट में क्लीन मैक्स की कमजोर एंट्री

एजेंसी। नई दिल्ली



कॉमर्शियल एंड इडस्ट्रियल रीन्यूएबल एनर्जी प्रोवाइडर क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 1,053 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 9.50 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 952.20 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर नौ प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 960 रुपये के स्तर पर हुई।

लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर टूट 768 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक गिर गया। हालांकि बाद में खरीदारों ने लिवाली शुरू कर लोअर सर्किट ब्रेक कर दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर बीएसई पर 185.10 रुपये की कमजोरी के साथ 867.90 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 185.50 रुपये की कमजोरी के साथ 867.50 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक करीब 17.6 प्रतिशत के नुकसान में रहे। क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड का 3,086.97 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 से 225 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था।

## देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर जनवरी में घटकर 4.8 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली।** देश की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर जनवरी में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 4.8 फीसदी पर आ गई है। एक साल पहले की समान अवधि में यह 5.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में नरमी आई है। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 4.8 फीसदी रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में यह 5.2 फीसदी की दर से बढ़ा था। इससे पहले अक्टूबर, 2025 में वृद्धि दर 0.5 फीसदी रही थी, जो हाल के महीनों का सबसे निचला स्तर था, जबकि नवंबर, 2025 में आईआईपी की वृद्धि दर 7.2 फीसदी दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी आंकड़ों में दिसंबर, 2025 के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर आठ फीसदी कर दिया है। इससे पहले जनवरी, 2026 में जारी अस्थायी अनुमान में इसे 7.8 फीसदी बताया गया था। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में घटकर 4.8 फीसदी रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 5.8 फीसदी रही थी।

## किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती पर जोर

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने अपने राज्य सहायता मिशन (एसएसएम) के तहत प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें देश भर से किसानों, नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों, स्टार्टअप और नागरिकों ने एक साथ भाग लिया।

महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, इनपुट लागत को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती की भूमिका पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक खेती पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रशिक्षण नियमावली की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य किसानों, विस्तार अधिकारियों और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्राकृतिक खेती पद्धतियों पर क्षेत्र-प्रासंगिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने टिकाऊ, किसान-केंद्रित कृषि प्रणालियों के महत्व और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, इनपुट लागत को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने में प्राकृतिक खेती की भूमिका पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय और गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय सहित प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही।

# रेवत कला डैम विवाद: विस्थापित परिवार ने डीजीपी से लगाई न्याय की गुहार

- एसडीओ ने सीओ को एक सप्ताह में स्थलीय जांच का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित रेवत कला डैम से मछली मारने को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डैम से प्रभावित विस्थापित परिवारों ने पुलिस महानिदेशक एवं लातेहार एसडीओ को आवेदन सौंपकर न्याय की मांग की है। विस्थापित परिवार के सदस्य सुबोध कुमार ने आरोप लगाया है कि डैम निर्माण से 116 दलित परिवारों की जमीन प्रभावित हुई थी, जबकि वर्तमान में जिन लोगों द्वारा प्रशासनिक संरक्षण में मछली मारी जा रही है, उनकी एक इंच भी जमीन जलाशय में नहीं गई है। उन्होंने फर्जी मत्स्य समिति बनाकर प्रशासन को गुमराह करने का आरोप लगाया है। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि डैम के स्वामित्व का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। पूर्व अंचलाधिकारी की जांच रिपोर्ट में भी 116 परिवारों के विस्थापन की पुष्टि की गई थी। इसके बावजूद जिला मत्स्य पदाधिकारी पर दूसरे पक्ष को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

इधर, एसडीओ ने मामले में संज्ञान लेते हुए मनिका अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को एक सप्ताह के भीतर स्थलीय जांच प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि डैम के मालिकाना हक को लेकर दोनों पक्षों के बीच वर्षों से विवाद चला आ रहा है।

### अविराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में होली मिलन समारोह

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप स्थित अविराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग परिसर में सोमवार को होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सचिव इंद्रजीत भारती एवं वरिष्ठ फैकल्टी सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने लोकगीतों एवं पारंपरिक होली भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय हो उठा। अपने संबोधन में इंद्रजीत भारती ने कहा कि होली गिले-शिकवे भुलाकर एकता को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा के प्रति संवेदनशील एवं समर्पित बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्या अनमोला शिल्पी एक्का सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, छगराही में पेयजल संकट**

# नदी का पानी पीने को विवश बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत दूरूप पंचायत के छगराही गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में पेयजल संकट गंभीर बना हुआ है। विद्यालय परिसर के समीप बना जलमीनार बंद पड़ा है, जिससे छात्र-छात्राएं नदी का पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार असुरक्षित पानी के सेवन से बच्चों में पेट दर्द, बुखार और संक्रमण जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। मध्याह्न भोजन भी नदी के पानी से तैयार किया जा रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जलमीनार को अविलंब चालू कराया जाए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। इसी बीच विद्यालय के प्राचार्य सुरेश चोराठ ने बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया। नई ड्रेस पाकर बच्चों में उत्साह देखा गया, हालांकि पेयजल की समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है।

### किसान की बेटी ने सीए अंतिम परीक्षा पास की, गांव में खुशी



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के भजनियां पंचायत अंतर्गत करडंडा गांव निवासी किसान अवधेश मेहता की पुत्री सोनी मेहता ने सीए की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, अजय मेहता एवं राकेश कुमार सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि सोनी मेहता की मेहनत और लगन से मिली सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायक है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हैदरनगर के बस स्टैंड का यात्री शेड बदहाल

- आमजनों की बैठने की जगह बनी मोटरसाइकिल पार्किंग

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** रेलवे क्रॉसिंग मोड़ एवं बस स्टैंड स्थित यात्रियों की सुविधा के लिए वर्षों पूर्व निर्मित यात्री शेड की स्थिति इन दिनों अत्यंत दयनीय हो चुकी है। धूप, वर्षा और ठंड से राहत देने के उद्देश्य से बनाए गए इस शेड का रखरखाव नहीं होने से यह जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यात्रियों के बैठने के लिए बनाए गए इस शेड पर अब मोटरसाइकिलों का कब्जा हो गया है। यात्री जहां खड़े होकर वाहन का इंतजार करने को विवश हैं, वहीं शेड के भीतर दोपहिया वाहनों की पार्किंग आम बात हो गई है। इससे यात्रियों को असुविधा के साथ-साथ सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग भी हो रहा है। वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि यह यात्री शेड मुख्य सड़क के चौराहे पर स्थित है, जहां से प्रतिदिन पुलिस प्रशासन सहित कई जिम्मेदार अधिकारी गुजरते हैं। इसके बावजूद इसकी दुर्दशा पर ध्यान नहीं दिया जाना चिंताजनक है। स्थानीय लोगों ने भी पंचायत प्रतिनिधियों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। आम नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि यात्री शेड की अविलंब मरम्मत कर उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि राहगीरों को पुनः सुविधा मिल सके। समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर शेड के पूरी तरह ध्वस्त होने की आशंका जताई जा रही है।

### पारा से सहायक शिक्षक बने फिरोज को विद्यालय परिवार ने दी विदाई

**हैदरनगर।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोल्हना में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं पारा शिक्षक फिरोज अंसारी को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि फिरोज अंसारी का चयन छतरपुर प्रखंड के चपरवार मध्य विद्यालय में सहायक अध्यापक के रूप में हुआ है। वे वर्ष 2012 से गोल्हना विद्यालय में पारा शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने उनके सरल स्वभाव, अनुशासन एवं शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आठवीं की वार्षिक परीक्षा संपन्न 9वीं की परीक्षा 6 व 7 मार्च को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल केंद्र पर आयोजित कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू एवं संस्कृत तथा द्वितीय पाली में गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की परीक्षा ली गई। प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के कुल 594 परीक्षार्थियों में से 586 उपस्थित एवं 8 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान कक्षों की नियमित जांच कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। वहीं इसी केंद्र पर 9वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 6 व 7 मार्च को आयोजित की जाएगी।

# पत्नी को परीक्षा दिलाकर आए युवक की हत्या, छह पर नामजद मामला दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के चेड़ाबार गांव में युवक योगेश सिंह की हत्या के मामले में उनकी पत्नी फूलमती देवी ने छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया कि 27 फरवरी को परीक्षा के बाद पति-पत्नी गांव पहुंचे थे। शाम को युवक घर से निकला और वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसका शव कोयल नदी से बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### होली गायन और जोगिरा की विलुप्त होती परंपरा की आज भी याद

**मोहम्मदगंज।** होली पर्व के आगमन के साथ ही गुजरे जमाने की पारंपरिक होली गायन और जोगिरा की यादें ताजा हो जाती हैं। एक समय था जब बसंत पंचमी के बाद से गांव-टोले की मंडलियां ढोलक और झाल के साथ चौपालों पर जुटती थीं और रातभर धार्मिक व सामाजिक गीतों से वातावरण गुलजार रहता था। होलिका दहन के अवसर पर ग्रामीण एकत्रित होकर झूम-झूमकर होली गीतों का आनंद लेते थे। जोगिरा सारारारा की लय पर सवाल-जवाब की परंपरा से प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनता था। समय के साथ आधुनिक वाद्ययंत्रों ने जगह ले ली है, लेकिन पुरानी परंपराओं की मिठास कम होती जा रही है।

# सामाजिक समरसता अत्यंत आवश्यक : मंत्री राधा कृष्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** झारखंड के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में सामाजिक समरसता का होना अत्यंत आवश्यक है। वे प्रखंड मुख्यालय स्थित लेस्लीगंज मध्य विद्यालय परिसर में सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार होली में विभिन्न रंग मिलकर सौंदर्य रचते हैं, उसी प्रकार समाज में भी एकता और सौहार्द बना रहना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों को हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। अतिथियों को बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# पारिवारिक विवाद में फायरिंग, युवक गंभीर रूप से घायल; छह पर प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता**




**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के पुराना बस पड़ाव में रविवार देर रात पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घर में घुसकर मारपीट के दौरान चली गोली से रोहित सिंह नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रीता देवी ने थाना में आवेदन देकर विनय सिंह सहित छह लोगों पर जबरन घर में घुसकर मारपीट एवं फायरिंग का आरोप लगाया है। घायल रोहित को तुम्बागड़ा स्थित निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद किया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्चों के बीच पूर्व विवाद को लेकर तनाव चल रहा था।

### होली को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक, बैंकों में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** होली पर्व को लेकर स्थानीय दैनिक बाजार में रौनक बढ़ गई है। होलिका दहन के लिए पटाखों एवं अन्य सामानों की जमकर खरीदारी हो रही है। अस्थायी दुकानों में रंग, गुलाल, मुखौटे और पिचकारियां सज गई हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में आने से बैंकों एवं सीएससी केंद्रों पर भीड़ बढ़ गई है। वहीं कुछ विभागों के कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं होने से बाजार पर मिलाजुला प्रभाव देखा गया। बच्चों और युवाओं में होली को लेकर खासा उत्साह है। बाजार में मुखौटे पहनकर युवाओं को मस्ती करते देखा गया।

# चैनपुर प्रखंड कार्यालय में मना होली मिलन समारोह

**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख प्रभा देवी एवं उप प्रमुख सुनील सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, प्रखंड एवं अंचल कर्मियों सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेपीएस सूर्यदेव राम की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रभा देवी ने कहा कि होली आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता का पर्व है। यह त्योहार भेदभाव मिटाकर समाज को एकजुट होने की प्रेरणा देता है। उप प्रमुख सुनील सिंह ने होली को प्रेम, एकता और सहयोग का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी मतभेदों को दूर कर सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं।

## पेज एक के शेष

### होली कल मनाई...

उन्होंने बताया कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष पुर्णिमा तिथि सोमवार (02 मार्च 2026) की संध्या 05:48 बजे से मंगलवार (03 मार्च 2026) को दिन में 04:33 बजे तक रहेगी। चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि मंगलवार (03 मार्च 2026) को दिन में 04:33 बजे से बुधवार (04 मार्च 2026) को दिन में 04:04 बजे तक रहेगी। पंडित रामदेव पांडेय ने कहा कि 03 मार्च को चंद्रग्रहण और 04 मार्च को उदयातिथि प्रतिपदा के कारण इस वर्ष होली पर्व बुधवार (04 मार्च 2026) को मनाया जाएगा।

### गोड्डा में गार्ड...

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने एक्स-रे जांच कराई, जिसमें गोली बाएं कंधे में फंसी पाई गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए देवघर स्थित एम्स देवघर रेफर किया गया। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। फुटेज में पांच अपराधी दिखाई दे रहे हैं, जिनके पास हथियार थे। वे घटना के बाद बाइक से बसुआ चौक की ओर भागते नजर आए। घटनास्थल से दो खोखा और एक चप्पल बरामद किया गया है। पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है और विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सेंसेक्स में 1,048.34...

हालांकि, खरीदारों ने लिवाली का दम दिखा कर बाजार की गिरावट को कम करने की काफी हद तक कोशिश की। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.29 प्रतिशत और निफ्टी 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान डिफेंस, मेटल और हेल्थ केयर को छोड़ कर बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। खासकर मिडिल ईस्ट देशों में कारोबार करने वाली कंपनियों के शेयरों में आज जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.58 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### टायर फटने से...

इस हादसे में करीब 12 यात्री घायल हो गए हैं। पांच यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। कई यात्रियों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी। बस में सफर कर रहे यात्री अनुज कुमार के अनुसार, घाटी क्षेत्र में पहुंचते ही बस का अगला टायर ब्लास्ट कर गया, जिसके बाद चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस सड़क किनारे पलट गई। प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे में किसी यात्री की मौत नहीं हुई है। गंभीर रूप से घायल पांच यात्रियों को चतरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक घायल को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों की पहचान जहानाबाद निवासी राकेश कुमार, गयाजी जिले के वजीरगंज निवासी रंधीर कुमार, डुमरिया के संजीत कुमार, चतरा के सुजीत कुमार, बगरा के कमलेश कुमार और जोरी के अमृत कुमार के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। बताया गया कि यह बस डुमरिया से दोपहर 1:30 बजे रायपुर के लिए रवाना होती है और रानीगंज, शेरघाटी, डोभी व चतरा होते हुए अपने निर्धारित मार्ग पर चलती है। हादसे के समय भी बस अपने तय रूट पर ही थी। चतरा थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने कहा कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच में जुटी है। प्रशासन ने घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

### रांची के रातू...

जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह हाथी सबसे पहले चित्तरकोटा पतरा गांव के पास देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी को खदेड़कर जंगल की ओर भगा दिया। लेकिन, कुछ देर बाद हाथी फिर से रिहायशी इलाके में लौट आया और लोगों के बीच दहशत फैला दी। ग्रामीणों की मानें तो यही हाथी पिछले शुक्रवार को रांची हटिया क्षेत्र में घुस आया था और रिहायशी इलाकों में करीब चार घंटे तक सड़क पर घूमता देखा गया था। बताया जा रहा है कि हाथी अभी भी आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, हाथी की निगरानी की जा रही है। उसे सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर वापस भेजने की तैयारी की जा रही है। एहतियात के तौर पर ग्रामीणों से घरों के भीतर रहने, बच्चों और बुजुर्गों को बाहर न निकलने देने तथा हाथी से दूरी बनाए रखने की अपील की गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से कहा है कि वे सतर्क रहें। हाथी दिखने पर तुरंत प्रशासन या वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में हाथियों के भटककर पहुंचने की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं। ज्ञात हो कि मानव-हाथी संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल में चिंता जताई थी। उन्होंने इस मुद्दे पर वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें हाथियों के हमले रोकने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए थे।

### खूंटी में कुएं...

घटना के दौरान हाथी को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग जमा हो गए थे। इससे मौके पर भारी शोर-शराबा और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अधिकारियों के लिए हाथी को सुरक्षित निकालने से ज्यादा चुनौतीपूर्ण भीड़ को नियंत्रित करना रहा। खूंटी के प्रभागीय वन पदाधिकारी (डीएफओ) के अनुसार, हाथी की एक आंख खराब है। आशंका है कि उसकी दूसरी आंख से भी कम दिखाई दे रहा है। इसी कारण उसके मूवमेंट का आकलन करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि हाथी कमजोर और भूखा प्रतीत हो रहा है। कुएं में गिरने से उसे हल्की चोटें भी आईं, लेकिन उसने किसी प्रकार की आक्रामकता नहीं दिखाई। जानकारी के अनुसार, हाथी रविवार की सुबह भंडरा क्षेत्र से होते हुए भूत गांव पहुंचा था। ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर वह पतराटोली जंगल की ओर चला गया। लेकिन, सोमवार की सुबह पुनः शहर के दतिया मुहल्ले में प्रवेश कर गया। वहां से वह डीएवी रोड, डेली मार्केट, नगर भवन क्षेत्र, लोबिन बगान के पीछे, अमृतपुर, वन विभाग चेकनाका और फॉरेस्ट आवास होते हुए मेन रोड, बाजार टांड़ और तमाड़ मोड़ पार कर अनिगड़ा के डांड़टोली इलाके में पहुंचा, जहां यह हादसा हुआ। खूंटी शहर में हाथी के भटकने और कुएं में गिरने की घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किए जा रहे हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, भीड़ न लगाएं। अधिकारियों का कहना है कि हाथी को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर मोड़ने के प्रयास जारी है।

### हिंसा के किसी...

उन्होंने यूएई में रह रहे बड़े भारतीय समुदाय की देखभाल के लिए वहां के नेतृत्व का आभार भी जताया था। पीएम मोदी ने कहा, यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय का ख्याल रखने के लिए उनका धन्यवाद किया। हम तनाव कम करने, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करते हैं।

### एमिरेट्स और एतिहाद...

अपडेट्स 'एमिरेट्सडॉटकॉम' और उसके आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल्स पर प्रकाशित किए जाएंगे। एयरलाइंस ने कहा, हम अपने उपभोक्ताओं को उनकी समझ और सब्र के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं, और पैसेंजर्स की सुरक्षा की भी हमें चिंता है। इस बीच, एतिहाद ने एक बयान में कहा कि वह 'यूएई अधिकारियों से तालमेल कर और सख्त ऑपरेशनल और सेफ्टी अप्रूवल के तहत' कुछ रीपोजिशनिंग कराएगी और, कार्गो के अलावा रिपैट्रिएशन फ्लाइट्स (फंसे लोगों की स्वदेश वापसी से संबंधित उड़ानें) चलाएगी। हालांकि, अधिकारियों ने सामान्य ऑपरेशंस के पूरी तरह से ठीक होने के लिए कोई समय अवधि नहीं बताई है।

### ओमान के तट...

52 नॉटिकल मील दूर, मार्शल आइलैंड्स रिपब्लिक का झंडा फहरा रहे एक ऑयल टैंकर पर एक रिमोट से चलने वाली नाव से हमला किया गया, जिसमें चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। ओमान की मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर के समन्वय से जहाज के चालक दल के 21 सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें पनामा रिपब्लिक का झंडा फहरा रहे कमर्शियल जहाज एमवी सैंड के जरिए रेस्क्यू किया गया। चालक दल के सदस्यों में 16 भारतीय, चार बांग्लादेशी और एक यूक्रेनी नागरिक शामिल थे। ज्ञात हो कि अमेरिका और इजराइल के शनिवार से शुरू हुए संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई बड़े नेताओं की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने ड्रोन और मिसाइल हमलों से इजराइल के साथ-साथ खाड़ी देशों को भी निशाना बनाया, जहां अमेरिका के सैन्य ठिकाने मौजूद थे। इसी बीच, ओमान की रॉयल नेवी ने क्षतिग्रस्त टैंकर की स्थिति पर निगरानी रखने और हालात का आकलन करने के लिए अपना एक जहाज मौके पर भेजा है। अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।




# ईरान पर वार, सत्ता नहीं बदली, क्या उल्टा पड़ रहा अमेरिका-इजरायल का दांव?



ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व में शुरू हुआ ताज़ा युद्ध अब सिर्फ मिसाइलों की जंग नहीं, बल्कि रणनीति, जनभावना और वैश्विक राजनीति की अग्निपरीक्षा बन चुका है। अमेरिका और इजराइल को भरोसा था कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और शीर्ष कमांडरों को निशाना बनाने के बाद तेहरान में सत्ता ढह जाएगी। आकलन यह था कि पश्चिम समर्थित धड़े तेजी से नियंत्रण संभाल लेंगे। लेकिन जमीन पर तस्वीर उलटी दिख रही है।खामेनेई समेत 14 वरिष्ठ नेताओं की मौत के बाद ईरान में सत्ता शून्य पैदा होने के बजाय "सेकेंड लाइन" नेतृत्व सक्रिय हो गया। रिवोल्यूशनरी गार्ड और राजनीतिक परिषद ने तुरंत कमान संभाली, आपात ढांचा लागू किया और सैन्य जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। तेहरान, मशहद और क़ोम में लाखों लोग सड़कों पर उतरे। सिर्फ ईरान ही नहीं, इराक, लेबनान, तुर्की, कतर और इंडोनेशिया जैसे कई मुस्लिम बहुल देशों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। कुछ जगह अमेरिकी दूतावास के बाहर झड़पें और हमले भी हुए।सबसे बड़ा झटका सैन्य मोर्चे पर लगा। ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक जहाजों और इजरायल के ठिकानों पर लगातार मिसाइल और ड्रोन दागे। ऊर्जा मार्गों के पास तनाव बढ़ा तो कच्चे तेल की कीमतें कुछ ही दिनों में लगभग 10–15% उछल गईं। दुबई में हवाई यातायात प्रभावित हुआ, बीमा प्रीमियम बढ़े और खाड़ी के शेयर बाजारों में तेज गिरावट देखी गई। ईरान ने उन मुस्लिम देशों पर भी मिसाइलें दागीं जिन्हें वह "अमेरिका-समर्थक" मानता है, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा समीकरण और उलझ गए।पाकिस्तान की स्थिति भी पेचीदा है। कुछ खाड़ी देशों के साथ सुरक्षा समझौतों के बावजूद, इस्लामाबाद सीधे ईरान से टकराव से बचता दिखा। विश्लेषकों का मानना है कि सीमा साझा करने और आंतरिक अस्थिरता के जोखिम के कारण पाकिस्तान खुला सैन्य कदम उठाने से हिचक रहा है।वॉशिंगटन की चिंता दोहरी है। एक ओर युद्ध लंबा खींचता है तो सैनिक हताहत बढ़ सकते हैं। अमेरिकी मीडिया में यह बहस तेज है कि अगर बड़ी संख्या में सैनिकों के शव ताबूतों में लौटे, तो घरेलू राजनीति में उबाल आ सकता है। मिड टर्म चुनाव नजदीक हों तो युद्ध का बोझ सत्ता के लिए भारी पड़ता है—इतिहास इसके उदाहरणों से भरा है। दूसरी ओर, तेल महंगाई और शिपिंग लागत बढ़ने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है।इज़राइल के लिए भी चुनौती कम नहीं। रॉकेट हमलों से नागरिक सुरक्षा तंत्र पर दबाव है। लंबे युद्ध का मतलब आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती, पर्यटन पर असर और रक्षा खर्च में तेज बढ़ोतरी। यदि युद्ध क्षेत्रीय बनता है तो कई मोर्चों पर एक साथ दबाव बन सकता है। भारत के लिए दांव बड़े हैं—ऊर्जा आयात, खाड़ी में काम कर रहे लाखों भारतीय नागरिक, समुद्री व्यापार मार्ग और पश्चिम एशिया में निवेश। तेल महंगा होने से चालू खाता घाटा और महंगाई बढ़ सकती है। साथ ही, चाबहार जैसे रणनीतिक प्रोजेक्ट भी संवेदनशील हो सकते हैं।वैश्विक राजनीति पर असर गहरा है। रूस और चीन जैसे देश इस संकट को अमेरिकी प्रभाव को चुनौती देने के मौके के रूप में देख सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में तीखी बयानबाजी, प्रतिबंधों की नई परतें और साइबर युद्ध की आशंका बढ़ी है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में रूकावट खड़ा कर दिया है जिससे विश्व तेल आपूर्ति श्रृंखला गड़बड़ाने लगी है।इसका असर तेल के दाम पर भी पड़ने लगा है। इन हालात में अमेरिका व उसकी गोद में बैठ कर लड़ रहे इजराइल को जिस "तेज और निर्णायक" कार्रवाई से सत्ता परिवर्तन की उम्मीद थी, वह फिलहाल उलटा असर दिखा रही है। ईरान में शासन बदला नहीं, बल्कि जवाबी लामबंदी तेज हुई है। अमेरिका और इजराइल के लिए यह सिर्फ सैन्य नहीं, राजनीतिक और आर्थिक परीक्षा भी है। आने वाले हफ्ते तय करेंगे कि यह दांव रणनीतिक बढ़त में बदलता है या महंगी भूल साबित होता है।

## कर्बला से खामेनेई तक, शहादत की राजनीति से गढ़ा गया है ईरान का आज

कृष्णमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** ईरान में 'शहादत' केवल एक धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, सत्ता की वैधता और जनभावनाओं की धड़कन है। हाल के घटनाक्रम में जब सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई को सरकारी हलकों ने "शहीद" बताया, तो यह साफ हो गया कि ईरान में शहादत का अर्थ सिर्फ मौत नहीं, बल्कि एक विचार की निरंतरता है। यहां शहादत इतिहास से निकलकर राजनीति की सबसे मजबूत भाषा बन चुकी है। ईरान का आधिकारिक मत शिया इस्लाम है। इसकी बुनियाद इस्लाम के शुरुआती दौर में पड़े उस विभाजन में है, जो 632 ईस्वी में पैगंबर मुहम्मद के इंतकाल के बाद उभरा। एक पक्ष ने अबू बकर को नेतृत्व के योग्य माना, जबकि दूसरा समूह पैगंबर के करीबी रिश्तेदार अली के साथ खड़ा हुआ। यही मतभेद आगे चलकर सुन्नी और शिया धारा में बदल गया। शिया परंपरा में अली की 661 ईस्वी में हत्या को पहली शहादत माना जाता है। लेकिन शहादत का सबसे बड़ा प्रतीक 680 ईस्वी में कर्बला की धरती पर सामने आया, जब अली के बेटे हुसैन इब्न अली ने तत्कालीन शासक यजीद प्रथम के सामने झुकने से इनकार कर दिया। मोहर्रम की दसवीं तारीख, आशूरा के दिन हुसैन और उनके साथियों की हत्या कर दी गई। शिया मान्यता में यह घटना अन्याय के खिलाफ अंतिम नैतिक प्रतिरोध का प्रतीक है। ईरान में हर साल आशूरा पर होने वाले आयोजन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक चेतना को दोहराने का अवसर होते हैं। कर्बला की कहानी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सुनाई जाती है, ताकि यह विचार जिंदा रहे कि अत्याचार के सामने समझौता नहीं करना है। सन 1978-79 की इस्लामी क्रांति के समय यही कर्बला एक राजनीतिक नारा बन गई। क्रांति के नेता रुहोल्लाह खुमैनी ने हुसैन की शहादत को तत्कालीन शासन के खिलाफ जनता की लड़ाई से जोड़ा। पहलवी राज के पतन और इस्लामी गणराज्य की स्थापना में इस प्रतीक ने निर्णायक भूमिका निभाई। शहादत को सम्मान, संघर्ष और धार्मिक कर्तव्य का दर्जा दिया गया। इसके बाद 1980 से 1988 तक चले इराक-ईरान युद्ध ने इस विचार को और मजबूत किया। युद्ध में मारे गए हजारों सैनिकों को "शहीद" कहकर राष्ट्रीय स्मृति का हिस्सा बनाया गया। शहरों में शहीदों की तस्वीरें, स्मारक और सरकारी समारोह यह बताते रहे कि देश की रक्षा में दी गई जान सबसे बड़ा गौरव है। इस तरह शहादत धार्मिक आस्था से निकलकर राष्ट्रीय पहचान का स्तंभ बन गई। हाल के वर्षों में भी यह अवधारणा नई परिस्थितियों में सामने आई। 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों को कई समूहों ने प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में याद किया। "वूमेन, लाइफ, फ्रीडम" का नारा शहादत की नई व्याख्या लेकर आया, जिसमें न्याय और अधिकार की मांग प्रमुख थी। आज ईरान में शहादत एक जीवित राजनीतिक उपकरण भी है। जब किसी नेता या अधिकारी की मौत को "शहादत" कहा जाता है, तो वह केवल श्रद्धांजलि नहीं होती, बल्कि जनता को एक साझा भावना से जोड़ने की रणनीति भी होती है। इससे सत्ता को नैतिक आधार मिलता है और विरोध के स्वर को अलग तरह से परिभाषित किया जाता है।कर्बला की कहानी सदियों पुरानी है, लेकिन उसका असर आज भी ईरान की सड़कों, भाषणों और नीतियों में दिखता है। अली से लेकर हुसैन और फिर खुमैनी से खामेनेई तक, शहादत का विचार सत्ता और समाज को आकार देता रहा है। यही वजह है कि ईरान में शहादत केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान की राजनीति और भविष्य की दिशा तय करने वाली शक्ति बन चुकी है।

## बुरा ना मानो होली है

### वासंती उन्मेष



'मीनू' मीना सिन्हा
रांची, झारखंड

आम्र मंजरियों
की मह-मह
करती
मदमाती सुंगध
से तर-बतर
बयार में
रात्रि पहर प्रीतम
ने प्रेयसी को
साइकिल की
आगे की सीट पर बिठाया।
बसंत ने अपनी सम्पूर्ण मादकता
सड़क पर उड़ेल दी।
रसमय आनंद छलक-छलक कर बिखर
गया।
झाड़ियाँ, पेड़, पथ सब रससिक्त वसंत-
कुंज हो गये।

धरती से आकाश
सप्तरंगी रंगो से वृताकार हो गया।
कुछ अस्पष्ट-सी फुसफुसाहटें
होठों में बतियाती इन्द्रधनुषी हँसी का
मुस्कुराहट में रूपांतर
दोनों की सूरतें वासंती हो गई।
प्रेयसी का चेहरा टेसू-सा दहक उठा।

जीवन-रस की गंध से भरी हवा में
दोनों इधर-उधर बहते फिर रहे हैं।
न आने वाले का संशय
न बीत चुके का बोझ
न वर्तमान का कोई बंधन।

फगुनाहट की मधुर धारा
के मधुमय पल में दोनों अनायास
निरुद्विग्न बहते चले जा रहे हैं।

### फागुन बनकर आ जाओ



सदानंद सिंह यादव

इस पतझड़
जैसे जीवन में
तुम फागुन
बनकर
आ जाओ
जीवन की
बगिया
सूनी है
बन बयार बसंती
आ जाओ
इस पतझड़ जैसे
जीवन में तुम फागुन बनकर आ जाओ
प्रस्फुटित हो कुछ
प्रेम पुष्प
हो सुरभित जिससे मन- उपवन
तुम मन वीणा के
तारों पर
कुछ गीत वफा
के गा जाओ
इस पतझड़ जैसे ..
इक तेरे महज आ जाने से
मिटे घोर तिमिर इस जीवन का
तुम दीप प्रेम का रोशन कर
अंधियारा मन का मिटा जाओ
इस पतझड़ जैसे...
संगम ये अपने दिलों का कुछ
यूं रंगे ए बहारा ले आए
मैं धरती सा श्रृंगार करूं
तुम काम देव बन आ जाओ
इस पतझड़ जैसे जीवन में
तुम फागुन बनकर आ जाओ

### रंगों की बरसे बदरीया



लोकृती गुप्ता
'अनोखी'

रंगों की बरसे
बदरिया
तेरे संग ओ
साँवरिया
लाल, हरा,
नीला और
पीला
रंगों से
रंगा फागुन
अलबेला
चाहत की छलके मदरिया
तेरे संग ओ साँवरिया

रंगों की बरसे बदरिया
तेरे संग ओ साँवरिया
महकी- महकी माटी लागे
रंग दो सबको जो बच के भागे
डगमग-डगमग करती डगरिया
तेरे संग ओ साँवरिया

रंगों की बरसे बदरिया
तेरे संग ओ साँवरिया
दही बड़ा, पुआ और बछका
भाँग ठंडाई से मन बहका
भींगी मोरी चुनरिया
तेरे संग ओ साँवरिया

### वसंत



विनोद सिंह
गहरवार

फिर फागुन चला आया नया उपहार को लेकर
सुघर लगने लगी धरती नए परिधान में सजकर।
खिले बहु फूल मधुबन में जगाए प्रीत तन मन में
मगन मन हो रहे भँवरे कली के होंठ को चुमकर।।

हवा खुशबू लेकर आई मस्ती हर ओर छाई है
पीले परिधान में सज कर बनी दुल्हन अमराई है।
दूल्हा बनेंगे कुसुमाकर नाचेंगे झूम-झूम मधुरकर
यही सन्देशा लेकर के कोयल बागों में आई है।।

धूप में आ गई गर्मी आलस्य भी दूर भागा है
रंगों का आ गया मौसम जो सोने पर सुहागा है।

कोयल की तान को सुनकर हमें लगता है ऐसा कि
किसी मधुरात में सोकर पूरा संसार जागा है।।

कलियाँ जो खोल के घूंघट बागों में मुस्कुराई हैं
महक सरसों के फूलों की हवा लेकर के आई है।
लौट घर आ जाओ साजन तेरे बिन जी नहीं लगता
रंगों का आ गया मौसम कोयल संदेशा लाई है।।

कहीं बजती है शहनाई कहीं ढ़ोलक बजे ढ़म- ढ़म
कहीं भँवरों का गुँजन है कहीं कोयल का है सरगम।
कहती है ये पुरवाई कि मदमाती ये अमराई
फागुन आ गया लेकर रंगों का नया मौसम।।

